आज का मौसम
26.0° अधिकतम तापमान
12.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.51
सूर्यास्त 06.03

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष त्रयोदशी 05:05 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2082

रविवार, 15 फरवरी 2026, वर्ष 7, अंक 82, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये





■ मोदी सरकार ने नुकसान पहुंचाने वाला व्यापार समझौता किया : राहुल गांधी - 12





■ अमेरिकी समझौते से भारत को मिलेगा प्रतिस्पर्धी दाम पर कच्चा तेल - 12





■ ट्रंप बोले-ईरान में सत्ता का परिवर्तन सबसे अच्छी बात होगी जो संभव है - 13





■ भारत-पाकिस्तान के बीच मुकाबला कौशल का नहीं, दबाव झेलने का - 14


# कांग्रेस ने पूर्वोत्तर की उपेक्षा की, अपने शासन में उग्रवाद को छूट दी



गुवाहाटी में सार्वजनिक बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। • एजेंसी

गुवाहाटी, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उस पर पूर्वोत्तर की उपेक्षा करने और अपने शासनकाल के दौरान असम में उग्रवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। मोदी ने यहां एक रैली में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा देश की सुरक्षा को खतरे में डाला है और असम में उसके कार्यकाल के दौरान भय और असुरक्षा का माहौल बना रहा।

उन्होंने कहा, कांग्रेस ने ध्रुवीकरण और वोट बैंक की राजनीति में लिप्त होकर ऐसे निर्णय लिए, जिनसे इन चीजों को बढ़ावा मिला। मोदी ने कहा, देश का विभाजन



मुस्लिम लीग के कारण हुआ था, लेकिन अब 'एमएमसी' - माओवादी, मुस्लिम, कांग्रेस - हैं और लोगों को इनके बारे में जागरूक होना चाहिए। मोदी ने कांग्रेस पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया, लेकिन भाजपा अवैध अप्रवासन को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसलिए अगले पांच साल राज्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि असम में 10 वर्षों से सत्ता से

- प्रधानमंत्री मोदी ने असम में एक रैली में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित कर कांग्रेस पर निशाना साधा
- मोदी ने असम में ब्रह्मपुत्र नदी पर बने पुल, आईआईएम और डेटा केंद्र का उद्घाटन किया

बाहर रहने के कारण कांग्रेस 'सत्ता में रहने के समय से भी अधिक खतरनाक हो गई है और यह बात उसके नेताओं द्वारा दिए गए जहरीले बयानों से स्पष्ट है।

इससे पूर्व प्रधानमंत्री ने असम में कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया, जिनमें ब्रह्मपुत्र नदी पर बना एक पुल, भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) गुवाहाटी और पूर्वोत्तर क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने वाला एक डेटा केंद्र शामिल है।



## मोदी एयरक्राफ्ट से असम के हाईवे पर उतरे

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री मोदी ने असम के डिब्रूगढ़ में स्थित पूर्वोत्तर की पहली आपातकालीन लैंडिंग सुविधा (ईएलएफ) पर सी-130जे विमान से शनिवार को ऐतिहासिक लैंडिंग की। मोदी ने चाबुवा हवाई क्षेत्र से उड़ान भरी और वह राष्ट्रीय राजमार्ग-37 स्थित मोरान के ईएलएफ पर उतरे। उद्घाटन के बाद सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह बेहद गर्व की बात है कि पूर्वोत्तर को एक आपातकालीन लैंडिंग सुविधा मिल रही है। रणनीतिक दृष्टि से और प्राकृतिक आपदाओं के समय, यह सुविधा अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगी। अधिकारियों ने बताया कि 100 करोड़ की लागत से निर्मित ईएलएफ मोरान बाईपास पर 4 .2 किलोमीटर लंबी पट्टी है, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री ने किया।


अमृत विचार
लोक दर्पण
मोबाइल स्क्रीन में उलझता बचपन
ऑनलाइन गेमिंग विकार
कहीं दोषी हम ही तो नहीं!

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, मोबाइल स्क्रीन में उलझता बचपन व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### कठुआ: अंतर्राष्ट्रीय सीमा से 5 किमी के दायरे में आवागमन प्रतिबंध

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले में अधिकारियों ने शनिवार को सीमापार से गोलीबारी की आशंका और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को रोकने एवं ग्रामीणों की सुरक्षा की आवश्यकता का हवाला देते हुए अंतर्राष्ट्रीय सीमा के साथ लगते पांच किलोमीटर के दायरे में 'अनावश्यक आवाजाही' पर प्रतिबंध लगा दिया है। कठुआ के जिला मजिस्ट्रेट राजेश शर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत आदेश जारी किया, जो कार्यकारी मजिस्ट्रेट को सार्वजनिक व्यवस्था और सुरक्षा बनाए रखने के लिए संभावित खतरे के तात्कालिक मामलों में निवारक उपाय करने का अधिकार देती है।

### शरद पवार को पुणे के अस्पताल से छुट्टी मिली

**पुणे।** सीने के संक्रमण के इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती हुए राकांपा (शप) के अध्यक्ष शरद पवार को शनिवार दोपहर छुट्टी दे दी गई। राज्यसभा सदस्य पवार (85) दोपहर करीब एक बजे अस्पताल से रवाना हुए। पवार की बेटी और राकांपा (शप) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने कहा कि उन्हें तीन से चार दिन आराम करने की सलाह दी गई है। पवार को इस सप्ताह की शुरुआत में सांस लेने में तकलीफ और लगातार खांसी की शिकायत के बाद पुणे जिले के बारामती में स्थित उनके आवास से यहां रूबी हॉल क्लिनिक लाया गया था।


# केंद्र की रेल-रोड और शहरों को सौगात

## मंत्रिमंडल की बैठक में 3 मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी, स्टार्टअप के लिए 10,000 करोड़

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक जिसमें कई अहम फैसले लिए गए। सरकार ने रेलवे, मेट्रो, स्टार्टअप और शहरी विकास से जुड़ी कई बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी दी है। रेलवे की नई लाइनों, नोएडा मेट्रो विस्तार और 10,000 करोड़ के स्टार्टअप फंड को स्वीकृति मिली है। शहरों के विकास के लिए एक लाख करोड़ रुपये का अर्बन चैलेंज फंड बनाया जाएगा। ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे रोड-कम-रेल टनल बनाने की परियोजना भी मंजूर हुई है।

मंत्रिमंडलीय समिति ने रेल मंत्रालय की लगभग 18,509 करोड़ की तीन परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। इन परियोजनाओं में कसारा-मनमाड, दिल्ली-अंबाला और बल्लारी-होसपेटे के बीच तीसरी और चौथी रेल लाइन का निर्माण शामिल है। सरकार ने कहा, लाइन की क्षमता में वृद्धि से आवागमन में उल्लेखनीय सुधार होगा, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय रेलवे की परिचालन दक्षता और सेवा विश्वसनीयता में वृद्धि होगी। इन 'मल्टी-ट्रैकिंग' प्रस्ताव से परिचालन को सुव्यवस्थित करने के साथ भीड़भाड़ को कम किया जा सकेगा। ये तीन परियोजनाएं मौजूदा रेलवे नेटवर्क को लगभग 389 किलोमीटर तक



केंद्रीय मंत्रिमंडल के निर्णयों पर मीडिया को जानकारी देते केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी।

बढ़ा देंगी। 'प्रस्तावित 'मल्टी-ट्रैकिंग' परियोजनाओं से लगभग 3,902 गांवों की कनेक्टिविटी में सुधार होगा, जिनकी कुल जनसंख्या लगभग 97 लाख है।

प्रस्तावित क्षमता वृद्धि से देश भर के कई प्रमुख पर्यटन स्थलों के लिए रेल संपर्क में सुधार होगा, जिनमें भावली बांध, श्री घाटंदेवी, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, कटरा में श्री माता वैष्णो देवी, श्रीनगर और हम्पी (यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल), बल्लारी किला, दारोजी स्लॉथ बियर अभयारण्य, तुंगभद्रा बांध जैसे प्रमुख आकर्षण शामिल हैं।

वहीं, देश में उद्यम पूंजी के प्रोत्साहन और उन्नत प्रौद्योगिकी, प्रौद्योगिकी-आधारित नवोन्मेषी विनिर्माण स्टार्टअप एवं शुरुआती दौर वाले उद्यमों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए मंत्रिमंडल ने 10,000 करोड़ रुपये के कोष को मंजूरी दी। यह 'स्टार्टअप इंडिया' पहल के तहत 'फंड ऑफ फंड्स' (एफओएफ) योजना का दूसरा चरण है। इस योजना का पहला चरण वर्ष 2016 में शुरू किया गया था। एफओएफ 2.0 योजना को स्टार्टअप में निवेश की रफ्तार बनाए रखने और पहले चरण की तुलना में विस्तृत दायरे के साथ आगे बढ़ाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

### ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे दौड़ेंगी ट्रेन और कारें देश की पहली अंडरवॉटर रेल-रोड टनल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने असम में ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे भारत की पहली सड़क-सह-रेल सुरंग समेत गोहपुर और नुमालीगढ़ के बीच चार लेन वाले ग्रीनफील्ड कॉरिडोर के निर्माण के लिए 18,662 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दे दी है। वर्तमान में, राष्ट्रीय राजमार्ग-715 पर स्थित नुमालीगढ़ और एनएच-15 पर स्थित गोहपुर के बीच की दूरी एनएच-52 पर सिलघाट के निकट स्थित कालियाभम्भोरा सड़क पुल से 240 किलोमीटर है। इसमें नुमालीगढ़, काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और बिश्वनाथ कस्बे से होते हुए छह घंटे का समय लगता है। इसमें कहा गया है, इन चुनौतियों से निपटने के लिए, इस परियोजना को राष्ट्रीय राजमार्ग-15 पर गोहपुर से नुमालीगढ़ तक ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे सड़क-सह-रेल सुरंग के साथ चार-लेन ग्रीनफील्ड कनेक्टिविटी के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव है। यह परियोजना इंजीनियरिंग-खरीद-निर्माण (ईपीसी) मॉडल पर विकसित की जाएगी। यह भारत की पहली और विश्व की दूसरी सड़क-सह-रेल सुरंग होगी।

### शहरी अवसंरचना के लिए एक लाख करोड़ का 'अर्बन चैलेंज फंड'

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शहरी अवसंरचना को बड़ा प्रोत्साहन देते हुए शनिवार को एक लाख करोड़ रुपये की कुल केंद्रीय सहायता के साथ 'अर्बन चैलेंज फंड' (यूसीएफ) शुरू करने को मंजूरी दे दी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कहा कि इस योजना के तहत केंद्र सरकार परियोजना लागत का 25 प्रतिशत हिस्सा वहन करेगी, बशर्ते कि परियोजना के लिए 50 प्रतिशत धन बाजार से जुटाया गया हो। इस पहल से अगले पांच वर्षों में शहरी क्षेत्र में कुल चार लाख करोड़ रुपये का निवेश होने की उम्मीद है। बयान के मुताबिक, यह कदम भारत के शहरी विकास दृष्टिकोण में एक बड़े बदलाव का प्रतीक है, जिसके तहत अब अनुदान-आधारित वित्तपोषण के बजाय बाजार से जुड़े, सुधार-आधारित और परिणाम-उन्मुख बुनियादी ढांचे के निर्माण पर जोर दिया जाएगा। (संबंधित समाचार कारोबार पर)

# बांग्लादेश में किसी भी कीमत पर कानून-व्यवस्था बनाए रखनी होगी : रहमान

ढाका, एजेंसी

बड़ी जीत हासिल करने के बाद बीएनपी के अध्यक्ष तारिक रहमान ने बांग्लादेश में किसी भी कीमत पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने का शनिवार को आह्वान किया और सुरक्षित व मानवता का सम्मान करने वाला देश बनाने में सहयोग देने की अपील की। कहा कि उनकी पार्टी एक ऐसी विदेश नीति का पालन करेगी जो चीन, भारत और पाकिस्तान के साथ व्यवहार में बांग्लादेश के राष्ट्रीय हितों की रक्षा करेगी। रहमान पहली बार प्रधानमंत्री बनने वाले हैं। वह अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस की जगह लेंगे।

रहमान ने 13वें संसदीय चुनावों में भारी जीत के एक दिन बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, हमें सुरक्षित और मानवता का सम्मान करने वाला बांग्लादेश बनाने के लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता है। रहमान ने कहा, किसी भी बहाने किसी के साथ अन्याय नहीं किया जा सकता। देश के स्वतंत्रता-प्रेमी लोगों ने बीएनपी को विजयी बनाया है। कहा, आज से सभी स्वतंत्र हैं बधाई। सभी की भागीदारी के साथ देश में फासीवाद-मुक्त सरकार की यात्रा शुरू हो गई है।

- भारत, चीन और पाकिस्तान के साथ संबंधों पर स्पष्ट की नीति



### कहा- सार्क को फिर से सक्रिय देखना चाहते हैं

दक्षिण एशियाई सहयोग संगठन (सार्क) को पुनर्जीवित करने के मुद्दे पर श्री रहमान ने कहा कि सार्क की स्थापना बांग्लादेश की पहल पर हुई थी और वह इसे फिर से सक्रिय देखना चाहते हैं। इस संबंध में मित्र देशों के साथ चर्चा करेंगे। भारत से पूर्व प्रधानमंत्री और अवामी लीग पार्टी प्रमुख शेख हसीना के प्रत्यर्पण के सवाल पर उन्होंने संक्षिप्त उत्तर देते हुए कहा कि यह पूरी तरह से कानूनी प्रक्रिया पर निर्भर करता है।

## पंजाबी अभिनेत्री हिमांशी खुराना से 10 करोड़ की रंगदारी मांगी

**मोहाली।** पंजाबी अभिनेत्री हिमांशी खुराना ने मोहाली पुलिस में दर्ज कराई गई अपनी शिकायत में दावा किया है कि उन्हें विदेश में रहने वाले एक गैंगस्टर ने धमकी देते हुए 10 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

मोहाली पुलिस ने कहा कि अभिनेत्री से मिली शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस ने बताया कि खुराना ने अपनी ईमेल आईडी पर प्राप्त जबरन



- विदेश में रहने वाले गैंगस्टर ने दी धमकी पुलिस ने दर्ज किया मामला


वसूली के ईमेल के संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करते हुए शनिवार को सोहाना थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई।

## डिजिटल होगा घरों का सर्वे, 33 सवालों पर जुटेगा डेटा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने वर्ष 2011 के बाद एक बार फिर जनगणना की तैयारियां तेज कर दी हैं। पहले चरण में हाउसहोल्ड सर्वे 20 मई से 20 जून के बीच कराया जाएगा। इस दौरान जनगणना कर्मी घर-घर जाकर 33 निर्धारित प्रश्न पूछेंगे। पूरी प्रक्रिया डिजिटल एप के माध्यम से संचालित होगी, जिससे डाटा संकलन सटीक व सुरक्षित हो सकेगा।

पहले चरण में 27 जिलों के मास्टर ट्रेनरों को 17 से 20 फरवरी तक विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि फील्ड स्तर पर जनगणना कार्य को सुव्यवस्थित और समयबद्ध ढंग से



- जनगणना की तैयारी तेज, 20 मई से 20 जून तक होगा सर्वे 27 जिलों के मास्टर ट्रेनरों को विशेष प्रशिक्षण

पूरा किया जा सके। मास्टर ट्रेनर अपने-अपने जिलों में जनगणना कर्मियों को प्रशिक्षित करेंगे। इस चरण में आगरा, अलीगढ़, अमरोहा, बागपत, गाजियाबाद, बलिया, बिजनौर, बुलंदशहर, चंदौली, देवरिया, गौतम बुद्ध नगर, गाजीपुर, हापुड़, हाथरस, झांसी, ललितपुर, मथुरा, मऊ, मेरठ, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, रामपुर, सहारनपुर, संभल, शामली, सोनभद्र और वाराणसी शामिल हैं। सर्वे में भवन संख्या, परिवार क्रमांक, परिवार के मुखिया का नाम, पेयजल की उपलब्धता, शौचालय की स्थिति, रसोई गैस, उपयोग में आने वाला प्रमुख अनाज, परिवार में उपलब्ध सुविधाएं और अर्जित परिसंपत्तियों सहित कई महत्वपूर्ण जानकारियां दर्ज की जाएंगी। प्रशिक्षण सत्रों में सर्वे प्रक्रिया, डाटा संग्रह की विधि और तकनीकी पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी जाएगी। सरकार का लक्ष्य है कि कार्य पारदर्शी, त्रुटिरहित और तय समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए।

## रामानंद सागर के बेटे आनंद सागर का निधन

**मुंबई।** रामायण के निर्माण से घर-घर में पहचाने जाने वाले दिग्गज फिल्म निर्माता रामानंद सागर के बेटे आनंद रामानंद सागर चोपड़ा का लंबी बीमारी के बाद यहां निधन हो गया। उनकी पत्नी निशा सागर चोपड़ा ने यह जानकारी दी। वह 84 वर्ष के थे। निशा सागर ने बताया कि उनके पति 25 वर्ष से पार्किंसन से पीड़ित थे। उस स्थिति में भी एनडीटीवी के लिए 'रामायण' बनाई, जिसका उन्होंने निर्देशन किया था। उन्होंने पांच फिल्मों का निर्माण किया था, जिनमें रणधीर कपूर और तनुजा अभिनीत 'हमराही', अमजद खान, विद्या सिन्हा, सारिका और राकेश रोशन अभिनीत 'राम भरोसे' तथा शम्मी कपूर की 'अरमान' शामिल हैं।

- 84 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस लंबे समय से थे बीमार

## पीएम राहत योजना को मंजूरी, हादसा पीड़ितों को मिलेगा 1.5 लाख तक का कैशलेस इलाज

नई दिल्ली, एजेंसी

सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली प्रदान कराने के उद्देश्य से सरकार ने शनिवार को पीएम राहत योजना की शुरुआत की। सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा कि भारत में हर साल सड़क दुर्घटनाओं में मौतें होती हैं, जिनमें से कई मौतें समय पर चिकित्सा मुहैया कराने से रोकी जा सकती हैं।

मंत्रालय ने अध्ययनों का जिक्र करते हुए कहा कि यदि पीड़ितों को सड़क दुर्घटना के पहले घंटे के भीतर अस्पताल में भर्ती कराया जाए तो सड़क दुर्घटना में होने वाली

- पीएमओ ने सेवा तीर्थ भवन में स्थानांतरित होने के बाद लिया पहला निर्णय



लगभग 50 प्रतिशत मौतों को टाला जा सकता है। मंत्रालय ने कहा, प्रधानमंत्री कार्यालय 'सेवा तीर्थ' भवन में स्थानांतरित होने के बाद अपने पहले निर्णय में प्रधानमंत्री ने 'पीएम राहत' (सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए अस्पताल में भर्ती और सुनिश्चित इलाज) योजना शुरू करने की मंजूरी दी। यह योजना सरकार के उस दृष्टिकोण को दिखाती है, जिसमें कमजोर नागरिकों के लिए सेवा, करुणा और सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाती है।

मंत्रालय के मुताबिक, इस योजना के तहत किसी भी सड़क दुर्घटना में पात्र व्यक्ति को 1.5 लाख रुपये तक नकदी-रहति (कैशलेस) इलाज मिलेगा, जो दुर्घटना की तारीख से सात दिनों तक मान्य होगा। गंभीर मामलों में प्राथमिक उपचार 48 घंटे तक और गैर-गंभीर मामलों में 24 घंटे तक उपलब्ध रहेगा।

चेतावनी

जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी को मिली निस्तारण की गलत जांच रिपोर्ट की शिकायत

# जन शिकायतों पर फर्जी रिपोर्ट पड़ेगी भारी, दर्ज होगी एफआईआर

- मुख्यमंत्री योगी ने कहा,किसी भी प्रकरण में लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को जन शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही और गलत जांच रिपोर्ट लगाने वालों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि किसी भी प्रकरण में जांच के दौरान फर्जी या गलत रिपोर्ट लगाए जाने की पुष्टि होती है तो, संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के खिलाफ एफआईआर



दर्ज कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि किसी भी स्तर पर शिथिलता या हीलाहवाली अक्षम्य होगी।

मुख्यमंत्री ने ये निर्देश शनिवार सुबह गोरखपुर मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को तब दिए, जब कुछ प्रकरण ऐसे सामने आए जिनमें पीड़ितों ने गलत जांच रिपोर्ट लगाए जाने की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने सख्त रुख अपनाते हुए निर्देश दिए कि ऐसे मामलों की जांच कर गलत रिपोर्ट लगाने वाले के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी स्तर पर जानबूझकर प्रकरण लंबित रखा गया है तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई तय है। जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायतों पर भी विधिसम्मत कठोर कदम उठाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है और हर समस्या का प्रभावी निस्तारण कराया जाएगा।

### शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो सुनिश्चित

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिए कि जन शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जनता दर्शन में इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग लेकर पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि अस्पताल के एस्टीमेट की प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर शासन को भेजी जाए, ताकि मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से समय पर सहायता उपलब्ध कराई जा सके। जनता दर्शन के दौरान परिजनों के साथ आए बच्चों पर मुख्यमंत्री ने विशेष स्नेह जताया, उन्हें दुलार किया, चॉकलेट दी और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री की दिनचर्या परंपरागत रही। उन्होंने गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा के समक्ष शीश नवाया। इसके बाद मंदिर की गोशाला पहुंचकर मुख्यमंत्री ने गोसेवा की और गायों व गोवंश को अपने हाथों से गुड़ खिलाया।

**शहर में आज**

- महाशिवरात्रि पर गौरीशंकर मंदिर समेत अन्य शिवालयों में पूजन सुबह 05 बजे से।
- शहर में निकलेगी शिव बरात दोपहर 02 बजे से।
- गायत्री शक्तिपीठ में साप्ताहिक हवन सुबह 08 बजे।

**न्यूज ब्रीफ**

## करंट लगने से किशोर की मौत

**पीलीभीत, अमृत विचार :** करंट लगने से एक किशोर की मौत हो गई। हालांकि परिवार के सदस्यों ने किसी तरह की कार्रवाई नहीं कराई। शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। हादसा जहानाबाद क्षेत्र के एक गांव का बताया जा रहा है। यहां के रहने वाले ग्रामीण का 15 वर्षीय पुत्र लोहे के पोल में आ रहे करंट की चपेट में आ गया था। जिसमें उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में चीख पुकार मची रही।

## शिक्षकों से एकजुट होने की अपील

**बीसलपुर, अमृत विचार :** नगर की पटेल कॉलोनी में प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक हुई। जिलाध्यक्ष दयाशंकर गंगवार ने कहा कि टीईटी की अनिवार्यता समेत शिक्षकों की अन्य समस्याओं का निस्तारण होना चाहिए। इसके लिए शिक्षक संगठित हो। उन्होंने सदस्यता अभियान चलाकर संगठन को मजबूत बनाने की अपील की। बैठक में वेतन वृद्धि सहित कई समस्या उठाई गई। इन पर विस्तार से चर्चा की गई। संचालन ब्लॉक अध्यक्ष रामऔतार गंगवार ने किया। बैठक में देवेंद्र शरण, कुंवरसेन, रेणुका कुमारी, नितिन सक्सेना आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## पति समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कोतवाली में दी गई तहरीर में क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी शादी सात साल पहले भुता बरेली के एक युवक से हुई थी। एक साल बाद ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। इसके पूरा न होने पर मारपीट की। दो लाख रुपये और बाइक की मांग की गई। सात फरवरी को ससुरालियों ने घर से निकाल दिया। छोटी बहन की शादी न होने देने की धमकी दी। आरोप है कि बहन के फोटो एडिट कर लड़का पक्ष को भेजकर उसकी शादी तुड़वाने का प्रयास किया गया। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की है।

# महाशिवरात्रि को लेकर सजे शिवालय, आज होगा जलाभिषेक

### महादेव को लगाई गई मेहंदी, दिन भर चलता रहा तैयारियों का दौर, चार जोन और 17 सेक्टर में बांटी जिलेभर की सुरक्षा व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



महाशिवरात्रि से एक दिन पहले पहुंचा कावंडियों का जत्था। ● अमृत विचार



गौरीशंकर मंदिर में महंत से जानकारी करते डीएम और एसपी।

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि को लेकर मंदिरों में चल रही तैयारियों को अंतिम दिन रूप दे दिया गया। एक दिन पूर्व मंदिरों में रंगाई-पुताई से लेकर सजावट की गई। आज तड़के से मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगेगी। दोपहर बाद भोलेनाथ की गाजे-बाजे के साथ बारात निकाली जाएगी। इसके बाद सोमवार को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या को मंदिर में समस्त शिवालयों में बाबा को मेहंदी लगाई गई। महिलाओं ने छंद भी गाए। इधर, सुरक्षा के लिहाज से सख्त बंदोबस्त किए गए हैं। डीएम-एसपी ने गौरीशंकर मंदिर समेत अन्य शिवालयों का निरीक्षण कर बंदोबस्त परखे। स्थानीय पुलिस के साथ पीएसी की भी ड्यूटी लगाई गई है।

महाशिवरात्रि पर्व रविवार को मनाया जाएगा। गौरीशंकर मंदिर समेत अन्य शिवालयों में तैयारियां पूरी कर ली है। मंदिरों को भव्य रुप से सजाया गया है। फूलों की सजावट की गई है। पहले कपड़े की सजावट अधिक होती थी, लेकिन इस बार फूलों से सजावट कराई गई है। गौरीशंकर मंदिर में पांच क्विंटल गेंदा, 20 पेटी विदेशी फूल लगाए गए हैं। जिसमें जरबेरा, ऑर्किड, लैवेंडर आदि फूल शामिल है। शनिवार देर रात तक तैयारियां चलती रही। इस बार मंदिर को गेंदे के फूल के अलावा जरबेरा फूल से सजाया जा रहा है। इसके अलावा सनम इंडिया पत्ते से झालर लगवाई गई है। पूरे प्रांगण में जरबेरा और गेंदा से महक उठा है। इसके अलावा स्टेज और फूलों से गेट तैयार किया गया है। देर शाम आठ बजे गौरीशंकर मंदिर में रविवार को पंडित जयशंकर शर्मा के साथ अन्य श्रद्धालुओं ने बाबा को महेंदी लगाई। महेंदी लगने के बाद बाबा का दरबार मनमोहक हो उठा। इससे एक दिन पहले हल्दी चढ़ाई गई थी, जहां देर रात तक भजन संध्या भी जारी रही। देर रात तक मंदिरों में तैयारियों का दौर चलता रहा। इधर, रविवार को मंदिर में बढ़ी तड़के सुबह से ही बढ़ी तादाद में श्रद्धालु जलाभिषेक करने के लिए पहुंचेंगे। श्रद्धालुओं की भीड़ के मद्देनजर बैडिकेडिंग आदि का कार्य पहले से पूरा कर लिया गया है। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत न हो इसके लिए मंदिर प्रबंध कमेटी इसका विशेष ध्यान रख रही है। दर्शन-पूजन के लिए भीड़ के बावजूद सभी पूरे श्रद्धा-भाव से बाबा का जलाभिषेक कर सके, इसका पूरा बंदोबस्त किया गया है। महिला व पुरुष श्रद्धालुओं के लिए प्रवेश द्वार अलग-अलग बनाए गए हैं। मंदिर प्रबंध कमेटी ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे मंदिर में दीपक नहीं जलाएंगे। सुरक्षा के लिहाज से इसमें सभी का सहयोग अपेक्षित है। महंत जयशंकर शर्मा ने बताया कि शनिवार को महेंदी लगाई जाएगी। साथ ही सुबह चार बजे रुद्राभिषेक कराने के बाद जलाभिषेक के लिए द्वार खोल दिए जाएंगे। फिर देर शाम श्रृंगार आरती होगी। इसके बाद 16 फरवरी को यज्ञ करने के बाद भंडारे का आयोजन होगा। इधर, पुलिस अफसरों की ओर से भी ट्रैफिक और मंदिर प्रागंण में फोर्स की ड्यूटी लगाई गई है। जहां करीब 70 से अधिक पुलिस फोर्स को लगाया गया है। इसके अलावा अर्द्धनारीश्वर मंदिर, दुग्धेश्वर नाथ मंदिर, बीसलपुर के गुलेश्वर नाथ मंदिर और तहसील पूरनपुर के सिरसा जंगल में स्थित इकोत्तरनाथ मंदिर में पूजन-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगने का अनुमान है।

### आयुर्वेदिक कॉलेज से आगे नहीं जाएंगे बड़े वाहन

महाशिवरात्रि को लेकर पुलिस की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई है। पुलिस अफसरों ने गौरीशंकर मंदिर में व्यवस्था बनाने के लिए करीब 70 से अधिक पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। आयुर्वेदिक कॉलेज चौराहा से बैरियर लगाकर कार आदि का प्रवेश बंद रहेगा। यहां से सिर्फ बाइकें आगे जाएंगे। जो सिर्फ सत्यनारायण मंदिर तक आएंगी। जिनकी पार्किंग की व्यवस्था ब्रहमचारी घाट पर खड़ी कराई जाएंगी। यहां सिर्फ पैदल ही श्रद्धालु मंदिर तक जा सकेंगे। सत्यनारायण मंदिर के पास भी बैरियर लगाया जाएगा। जहां ट्रैफिक पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा मीनार वाले गेट पर भी पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### डीएम और एसपी पहुंचे मंदिर व्यवस्थाओं को परखा

महाशिवरात्रि से एक दिन पहले तैयारियों को परखने के लिए डीएम ज्ञानेंद्र सिंह और एसपी सुकीर्त माधव गौरीशंकर मंदिर पहुंचे। उन्होंने मंदिर में पहुंचने के बाद पहले दर्शन किए। इसके बाद मंदिर के महंत से मंदिर में भीड़ के अनुमान को लेकर जानकारी जुटाई। इतना ही नहीं उन्होंने सीओ दीपक चतुर्वेदी और कोतवाल सत्येंद्र कुमार को निर्देश दिए कि वह मंदिर में महिला और पुरुष की अलग-अलग लाइन की व्यवस्था करें। साथ ही मंदिर प्रागंण में कैमरे लगवाए। ताकि निगरानी की जा सके। शिवालय के अंदर महिला और पुरुष दोनों ही पुलिस कर्मियों की ड्यूटी रहेगी। मुख्यद्वार से एंट्री और निकासी पीछे के स्थान से रहेगी। साथ ही प्रागंण का भी निरीक्षण किया। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने भी साफ सफाई कराने के निर्देश दिए।

# किसानों को सहफसली खेती के लिए किया प्रेरित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- डीसीओ ने बलकरनपुर गांव में कृषि फार्म का किया निरीक्षण
- उन्नत बीज और वैज्ञानिक पद्धति से बुवाई के लिए किया जागरूक



बलकरनपुर में गन्ना बुवाई कार्य का जायजा लेते डीसीओ खुशीराम भार्गव।

**अमृत विचार :** पीलीभीत चीनी मिल परिक्षेत्र के गांव बलकरनपुर में गन्ना किसानों को उन्नत तकनीकों के प्रति जागरूक करने के लिए कृषि फार्म भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिला गन्ना अधिकारी ने गन्ने की फसल का जायजा लेने के लिए किसानों को सहफसली खेती करने के प्रति प्रेरित किया। साथ ही अन्य अधिकारी ने किसानों को उन्नत बीज एवं वैज्ञानिक विधि से गन्ना बुवाई को लेकर जागरूक किया।

गन्ना विकास परिषद पूरनपुर के अंतर्गत गांव बलकरनपुर में हुए भ्रमण कार्यक्रम के दौरान जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव ने प्रगतिशील किसान हरजाब सिंह के कृषि फार्म का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दो एकड़ क्षेत्रफल में बसंत कालीन गन्ने की बुवाई ट्रेंच विधि से चार फीट की दूरी पर होना पाया गया। यह विधि जल संरक्षण, बेहतर जड़ विकास एवं उच्च उत्पादन के लिए अत्यंत लाभकारी मानी जाती है। किसान ने बताया कि वह गन्ने के साथ मूंगफली को सहफसल के रूप में बोने की तैयारी कर रहे हैं। गन्ने के साथ सहफसली खेती से किसानों को अतिरिक्त आय प्राप्त होती है तथा भूमि की उर्वरता भी संतुलित बनी रहती है। इस दौरान जिला गन्ना अधिकारी ने किसानों को बताया कि बसंत कालीन गन्ने के साथ जनपद के किसान भाई मूंग, उड़द, सूरजमुखी एवं मूंगफली की सहफसली खेती कर सकते हैं। सहफसली खेती अपनाने से जोखिम में कमी, आय के विविध स्रोत एवं खेत की उत्पादकता में वृद्धि संभव है। अन्य अधिकारियों ने भी किसानों को उन्नत बीज, वैज्ञानिक बुवाई पद्धति एवं सहफसली खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। किसानों से अपील की गई कि किसान वैज्ञानिक सलाह के अनुसार गन्ना बुवाई करें, ताकि उत्पादन एवं आय दोनों में वृद्धि सुनिश्चित हो सके। बुवाई से पहले बीज उपचार अवश्य करे 1 विश्वसनीय स्रोत से गन्ना बीज लें। भ्रमण कार्यक्रम के दौरान एलएच मिल के महाप्रबंधक विनय सिंह, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक बरखेड़ा मनोज साहू, शिवस्वरुप सिंह समेत अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# बोर्ड बैठक में सड़कों की मरम्मत नहीं होने पर सभासदों ने जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



बैठक में पूरनपुर विधायक, ईओ व अन्य। ● अमृत विचार

- नगर पालिका पूरनपुर की बोर्ड बैठक में कई बिंदुओं पर की चर्चा

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद पूरनपुर के सभागार में शनिवार को बोर्ड बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता ने की। इस दौरान नगर क्षेत्र की क्षतिग्रस्त सड़कों को लेकर जल निगम द्वारा मरम्मत कार्य न कराए जाने पर सभासदों ने नाराजगी व्यक्त की। चेयरमैन ने ईओ को जल निगम के प्रति पत्राचार करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा बैठक में रामलीला मैदान में आगामी होली मिलन समारोह के आयोजन के लिए रोटरी क्लब पूरनपुर ग्रीन के सहयोग से वृंदावन एवं मथुरा के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक एवं भव्य कार्यक्रम आयोजित कराए जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ। इसके साथ ही नगर की क्षतिग्रस्त सड़कों के दोबारा निर्माण के लिए सभासदों द्वारा प्रार्थना पत्र भी सौंपे। बोर्ड बैठक में पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, ईओ एजाज अहमद, लेखाकार दिनेश भारती, सभासद उर्मिला देवी, सूरज बाथम, उदित सिंह, राजो देवी, दिनेश कुमार, विकास गुप्ता, मोहम्मद शरीफ, सौरभ सक्सेना, शाहजहां बेगम, राजेश कुमार, सुवेजहां बेगम, गौरव कुमार जायसवाल, नेहा, नुसरत परवीन, मुन्नी बेगम, रोहित मिश्रा, नादिर रजा, सुशील कुमार, शराफत अली, अनुज कुमार गुप्ता, मोहम्मद मियां आदि मौजूद रहे।

# पुलवामा हमले के शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि




पुलवामा आतंकी हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि देते बच्चे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- महाशिवरात्रि को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

**अमृत विचार :** ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल की दोनों शाखाओं में पुलवामा आतंकी हमले की स्मृति में काला दिवस मनाया। वहीं महाशिवरात्रि को लेकर भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम की शुरुआत पुलवामा हमले में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करके की। शहीदों की प्रतिमा के समक्ष मोमबत्ती जलाकर और दो मिनट का मौन रखकर अमर शहीदों को नमन किया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति कविताएं एवं विचार प्रस्तुत किए। राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया। इसके बाद महाशिवरात्रि पर्व को लेकर भी कार्यक्रम हुए। शिव स्तुति, भजन एवं मंत्रोच्चारण से विद्यालय का वातावरण भक्तिमय हो उठा। बच्चों ने भगवान शिव एवं माता पार्वती की सुंदर झांकी प्रस्तुत की।

# चौथे दिन सुनाई भगवान कृष्ण जन्म की कथा

**बिलसंडा, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव बमरोली के श्रीराधा रसिक बिहारी मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन शनिवार को भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कथा व्यास बलरामकृष्ण ने भक्तों को श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाई। सुखदेव महाराज भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव का कारण राजा परीक्षित को बताते हैं कि जब जब पृथ्वी पर पाप अत्याचार बढ़ता है तब भगवान अलग अलग रूपों में जन्म लेते हैं। पृथ्वी को अधर्मी और पापियों का नाश कर मुक्त किया है।आयोजक अनिल मिश्रा, अनूप मिश्रा ने भागवत पूजन कर आरती की।माखन मिश्री का भोग लगाकर वितरित किया गया।



कथा व्यास बलरामकृष्ण

# प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए मॉडल



शैमरॉक किरन स्कूल में लगी प्रदर्शनी में अतिथि और विद्यार्थी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** शैमरॉक किरन स्कूल में शनिवार को प्रदर्शनी लगाई गई। इसकी शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ. एसके अग्रवाल, फाउंडर किरन सक्सेना, डायरेक्टर हर्ष कंचन, प्रधानाचार्या अदिति सक्सेना, डॉ. भरत कंचन और डॉ. आस्था कंचन ने फीता काटकर कराई। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की कल्पनाशक्ति और उनकी सीखने की प्रक्रिया को प्रोत्साहित करना रहा।

विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान, कला एवं शिल्प, अंग्रेजी, हिंदी, कंप्यूटर आदि विषयों पर आधारित प्रोजेक्ट प्रदर्शित किए गए। प्रधानाचार्य अदिति सक्सेना ने कहा कि ये प्रदर्शनी बच्चों की रचनात्मकता और बौद्धिक विकास को मंच प्रदान करने का एक प्रयास है।

इन प्रोजेक्ट्स के माध्यम से बच्चों ने अपनी जिज्ञासा, नवीन सोच और मेहनत का परिचय दिया है। केजी के बच्चों ने विभिन्न कला कृतियां व मॉडल बनाए। इसमे एयर पोल्युशन, वाटर पोल्युशन, जोड़ घटाओ, दिस दैट आदि के मॉडल थे। प्रदर्शनी में शानी, पल्लवी, विप्रा, रश्मि, सायमा, रूचि, सदफ, इकरा, सिदरा, सुबह, दीपिका, अदिति, लव, सागर, निधि, दिव्यांशी आदि मौजूद रहे।

# विशाल और पवन का सीआरपीएफ में चयन

**पीलीभीत, अमृत विचार :** कस्बा कलीनगर स्थित शिव आदर्श शिक्षा निकेतन में शनिवार को विद्यालय के पूर्व छात्र विशाल कुशवाहा और पवन कुमार का सीआरपीएफ में चयन होने पर स्वागत किया गया। उन्हें माला पहनकर मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। विशाल कुशवाहा ने छात्र-छात्राओं के बीच अपने विचार रखे। बताया कि वर्तमान में छात्र-छात्राएं अपना पढ़ाई का समय मोबाइल चला कर व्यर्थ गंवा रहे हैं। अगर सफलता प्राप्त करनी है तो अपना पूरा समय पढ़ाई पर खर्च करना चाहिए। संचालक देव स्वरूप आर्य ने दोनों छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य विराग त्रिवेदी, भावना शंखधार, सोनी शर्मा, गायत्री गुप्ता, शीतल भारती ,नैंसी राठौर, सुमित कुशवाहा आदि मौजूद रहे।



विशाल और पवन को किया सम्मानित।

# फैशन शो में 120 से अधिक बच्चों ने किया प्रतिभाग



फैशन शो में प्रतिभाग करती बच्ची। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** कौशिक विजडम प्रीस्कूल में कक्षा प्ले ग्रुप से केजी तक के 120 से अधिक बच्चों ने फैशन शो में प्रतिभाग किया। इसकी शुरुआत मैनेजिंग डायरेक्टर नितिन कौशिक व प्रधानाचार्या भावना कौशिक ने रैंप वॉक कर किया। बच्चों ने रैंप वॉक की। नर्सरी व केजी के बच्चों की प्रस्तुति ने सिद्ध कर दिया कि बच्चे कोरे कागज होते हैं जिन पर जो चाहे वे रंग भरे जा सकते हैं। मैनेजिंग डायरेक्टर नितिन कौशिक ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से बच्चों में रहन -सहन के सही तरीके व आत्मविश्वास उत्पन्न होता है। प्रधानाचार्या व मैनेजिंग डायरेक्टर ने शिक्षिकाओं के साथ स्कूल की वेबसाइट का भी विमोचन किया। कक्षा प्ले ग्रुप के हम्ज़ा शमशी, भुविका कौशिक,निशिक बंसल, कक्षा प्री नर्सरी में करीमा, स्वीकृति गोयल, ईजाम शमशी, प्री नर्सरी में स्वास्तिका देवल, अनाबिया फातिमा, आदवित वर्मा, नर्सरी में सारा फातिमा, अलिशबा शोएब, बतूल फातिमा क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय रहे। इस मौके पर वर्णिका बालियन, अपूर्वा वर्मा, अथर्व, रितु जायसवाल, चारू सिंह, रजनी रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

# जैनुल और ईशान का हुआ चयन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



ईशान रजा खान।



जैनुल।

- 48वीं राष्ट्रीय सब जूनियर वॉलीबॉल चैंपियनशिप में करेंगे प्रतिभाग

**अमृत विचार :** जनपद के दो होनहार वॉलीबॉल खिलाड़ी जैनुल आब्दीन और ईशान रजा का चयन 48वीं राष्ट्रीय सब जूनियर वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए आयोजित होने वाले उत्तर प्रदेश के संभावित खिलाड़ियों के प्रशिक्षण शिविर में हुआ है।

जिला वॉलीबॉल संघ के सचिव राजेश शुक्ला ने बताया कि उत्तर प्रदेश वॉलीबॉल संघ के अवैतनिक सचिव सुनील तिवारी के पत्र के अनुसार गोरखपुर में आयोजित हुई बालक वर्ग की राज्य स्तरीय सब जूनियर वॉलीबाल चैंपियनशिप में श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर प्रदेश के संभावित खिलाड़ियों का चयन किया गया है। प्रशिक्षण स्पोर्ट्स स्टेडियम बलिया में होगा। प्रशिक्षण शिविर के बाद फाइनल चयनित प्रतिभागी पश्चिम बंगाल के हुगली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। ईशान रजा वर्तमान में अकाल एकेडमी पूरनपुर में कक्षा दस और जैनुल का चयन 2024 में उच्च प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रयागराज स्थित वॉलीबॉल छात्रावास के लिए हो गया था। इससे पूर्व दोनों खिलाड़ी प्रशांत कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में गांधी स्टेडियम में प्रशिक्षण प्राप्त करते थे। दोनों के चयन पर परिजन और खेल प्रेमी उत्साहित दिखे। जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह, संघ के अध्यक्ष रमाकांत शर्मा, नूर मोहम्मद, साबिर अली, दीपेंद्र सिंह, अजय चौहान, देवेंद्र मौर्य आदि ने उज्जवल भविष्य की कामना की।

# मिड डे मील की गुणवत्ता परखने को रसोइयों की कराई प्रतियोगिता

कार्यालय संवाददाता,पीलीभीत



पाक कला प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली रसोइया के साथ चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल व बीएसए रोशनी सिंह।

- पाक कला प्रतियोगिता में बरहा स्कूल की निर्मला देवी रही विजेता

**अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों में मिड डे मील बनाने वाली रसोइया के भोजन की गुणवत्ता और साफ सफाई को परखने के लिए शनिवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में जनपद स्तरीय रसोईया पाक कला प्रतियोगिता कराई गई । इसमें 27 स्कूलों की रसोइयों ने प्रतिभाग किया। उन्होंने पाक कला प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजन बनाए।

सभी ने अलग-अलग अपने स्टॉल भी लगाए। निर्णायक मंडल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी स्वतंत्र श्रीवास्तव, सीएमएस डॉ. रमाकांत सागर और बीएसए रोशनी सिंह और निर्मल होटल के चीफ सैफ रहे। उन्होंने सभी के स्टॉल का भ्रमण कर भोजन की गुणवत्ता को परखा। जहां ललौरीखेड़ा ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय बरहा की रसोइया निर्मला देवी ने रोटी सब्जी बनाई। उनके द्वारा तैयार की गई रोटी-सब्जी अन्य स्टालों की तरह निर्णायक मंडल ने चखा। गुणवत्ता पूर्ण भोजन होने पर उन्हें प्रथम विजेता घोषित किया गया। इनके अलावा पूरनपुर ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय भीमपुर नौगजा की रसोइया मुस्कान ने खीर बनाई। जो सभी को खूब भाई। इसलिए उन्हें दूसरा स्थान मिला है, जबकि अमरिया ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय सिमरिया गौसू की रसोइया रुपाली ने भी खीर बनाई। जिन्हें तीसरा पुरुस्कार मिला। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल और बीएसए रोशनी सिंह ने विजेता रसोइया को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। बीएसए ने कहा कि रसोईया स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को अपने बेटा बेटी के समान प्यार दुलार करें। उपस्थिति बढ़ाने में भी अपना सहयोग दें।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार** : सुनगढ़ी थाने में दी गई तहरीर में क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि पुत्री करीब छह साल से उनके पास रहती थी। उसकी चार साल की बेटी भी है। उसे कोई व्यक्ति बहला फुसलाकर ले गया है। इस बारे में जानकारी की गई तो पता चला कि पुत्री विशाल नाम के युवक से बात करती थी। विशाल ही 27 जनवरी को बहला फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### छह घंटे में लापता बच्ची को किया बरामद

**दियोरियाकलां, अमृत विचार** : कोतवाली क्षेत्र के गांव जमुनिया महुआ निवासी डिंपल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी छह वर्षीय पुत्री दिव्या अपने बाबा सेवाराम के पास थी। वह मायके गई हुई थी। शाहजहांपुर के थाना कटरा के गांव रमापुर निवासी रामसिंह जमुनिया महुआ रिश्तेदारी में आया और उसकी बेटी को साइकिल से कहीं ले गया। इसके बाद से कोई पता नहीं चल सका है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। छह घंटे में बच्ची को बरामद कर परिवार को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बंटवारे के विवाद में लाठी-डंडों से मारपीट

**दियोरियाकलां, अमृत विचार** : बंटवारे को लेकर हुए विवाद में मारपीट हो गई। गांव पैनियां हिम्मत निवासी जसकरन पुत्र तुलाराम ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि पड़ोसी पवन कुमार, मुकेश कुमार और मोहनलाल ने ईंटे व एक लाख दस हजार रुपये मांगे। न देने पर गाली-गलौच शुरू कर दी। विरोध करने पर लाठी डंडों से पीटा। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### लापता किशोरी खुद पहुंची थाने

**बरखेड़ा, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी बेटी को 11 फरवरी को सुबह के करीब चार बजे थाना गजरौला के गांव दयूरी निवासी दिनेश उर्फ सुमित बहला फुसलाकर ले गया था। पुत्री की काफी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस ने ग्रामीण की ओर से आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। चौकी जिरौनिया इंचार्ज हिमांशु गौतम ने बताया कि युवती शनिवार को खुद चलकर थाने आ गई। उन्होंने बताया कि आगे की कानूनी प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

# कोतवाल के असंतोषजनक जवाब पर गुस्साए राज्यमंत्री

## पीड़ित परिवार की शिकायत सुन मौके पर एसपी को बुलाया, बोले - सस्पेंड करो

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : पुलिस की नौकरी छोड़ (बीआरएस लेकर) कॉलोनाइजर बने वेदप्रकाश कश्यप के खिलाफ हत्या की तहरीर मिलने के 30 घंटे से अधिक समय बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं की गई। कोतवाल पर कॉलोनाइजर को बचाने के आरोप लगाए गए। पीड़ित परिवार ने घटना के दूसरे दिन राज्यमंत्री से मुलाकात कर दुखड़ा सुना न्याय की गुहार लगाई। राज्यमंत्री को भी कोतवाल गोलमोल जवाब देते नजर आए। सख्त हुए राज्यमंत्री ने एसपी को भी बुलाया और पीड़ित परिवार की एफआईआर दर्ज करने के साथ ही कोतवाल के निलंबित करने के निर्देश दिए। एसपी ने आश्वस्त कर मामला किसी तरह शांत कराया। फिलहाल राज्यमंत्री की सख्ती के बाद पीड़ित परिवार को न्याय की उम्मीद जागी है। वहीं, पुलिस विभाग में भी हलचल बढ़ी रही।

घटना बीते शुक्रवार सुबह हुई थी। शहर के मोहल्ला छोटा खुदागंज के रहने वाले 24 वर्षीय अनिल कुमार का शव मोहल्ला देशनगर में कॉलोनाइजर वेदप्रकाश कश्यप के दफ्तर (मधुरवानी फर्म) की छत पर सड़क की तरफ फंदे से लटका मिला था। परिवार ने उसकी हत्या करने का आरोप कॉलोनाइजर वेदप्रकाश कश्यप पर लगाते हुए तहरीर दी थी। परिजन के अनुसार, मृतक अनिल करीब सात साल से कॉलोनाइजर के इसी दफ्तर में काम करता था। चार दिन पूर्व किसी बात को लेकर कॉलोनाइजर ने उसे काम से निकाल दिया था। शुक्रवार सुबह अचानक करीब 4 बजे अनिल के पास कॉलोनाइजर की कॉल आई और उसे दोबारा काम पर आने के लिए बुलाया। इसके चंद घंटे बाद ही दो लोग घर आए और अनिल का शव फंदे से लटका होने की जानकारी दी थी। सीसीटीवी फुटेज भी अधूरी मिलने और कुछ जगह कैमरे बंद होने की बात कहते हुए हत्या का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की थी। शुक्रवार को भी कई बार परिवार को कार्रवाई की मांग के लिए कोतवाली पुलिस से असंतुष्ट होना पड़ा। लगातार टालमटोल चली और शनिवार को भी एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इस पर परिजन एकत्र हुए और पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पहुंचकर वहां मौजूद राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार को दुखड़ा सुनाया। राज्यमंत्री ने इसे लेकर कोतवाल से सवाल जवाब किए तो कोतवाल राज्यमंत्री को भी संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। इसके बाद राज्यमंत्री ने नाराजगी जताई और फिर एसपी को भी मौके पर बुला लिया। एसपी सुकीर्ति माधव मिश्रा पहुंचे। कोतवाल पर मामले को टरकाने के साथ ही कॉलोनाइजर को बचाने का आरोप लगा। राज्यमंत्री ने इसे बड़ी लापरवाही करार देते हुए कोतवाल की भूमिका संदिग्ध मानकर निलंबन करने को कहा। एसपी ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का आश्वासन देकर किसी तरह मामला शांत किया।


एसपी की मौजूदगी में पीड़ित परिवार से वार्ता करते राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार।

- कॉलोनाइजर के दफ्तर में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत का मामला

### कब्जे में लिए डीवीआर, सीडीआर की भी पड़ताल

संदिग्ध परिस्थितियों में हुई अनिल की मौत के बाद हत्या का आरोप लगा है। इसे लेकर कोतवाली पुलिस की भूमिका पर भी संदेह परिवार जता रहा है। ऐसे में पूरे प्रकरण की जांच एएसपी विक्रम दहिया को दी गई है। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज आदि की मदद से सुराग जुटाना शुरू कर दिया है। डीवीआर भी कब्जे में लिया गया है। इसके अलावा सीडीआर निकलवाकर भी तस्वीर साफ करने की तैयारी पुलिस कर रही है।

### मैं आपको नौकरी करना सिखा दूंगा..

बताते हैं कि कोतवाली पुलिस परिवार की तहरीर पर दूसरे दिन भी कोई कार्रवाई नहीं कर सकी थी। जब राज्यमंत्री ने कोतवाल से 30 घंटे से अधिक समय बाद भी कार्रवाई न होने के बारे में पूछा तो कोतवाल ने ये तर्क दे दिया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट देखने के बाद कार्रवाई की जाएगी। संतोषजनक जवाब न मिलने पर राज्यमंत्री गुस्सा गए। कोतवाल के एक जनप्रतिनिधि से बात करने के लहजे पर भी सवाल उठे। इससे जुड़े कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। इसमें राज्यमंत्री कहते दिखे कि लापरवाही की गई तो नौकरी करना भी सिखा दी जाएगी। एक वीडियो में राज्यमंत्री कहते दिखे कि कोतवाल ये जवाब दें कि 30 घंटे तक एफआईआर क्यों नहीं लिखी गई इसका जवाब दिया जाए। मुख्यमंत्री का साफ निर्देश हैं कि पीड़ित परिवार की पहले एफआईआर दर्ज करनी चाहिए। मगर ऐसा क्यों नहीं किया गया।

### कॉलोनाइजर पर एफआईआर दर्ज

राज्यमंत्री के नाराजगी जताने के बाद मामले में कार्रवाई को गति मिल सकी है। सदर कोतवाली पुलिस ने मृतक अनिल के भाई सुनील की ओर से दी गई तहरीर पर एफआईआर दर्ज की है। जिसमें कॉलोनाइजर वेद प्रकाश कश्यप व दो अज्ञात को आरोपी बनाया गया है।

> सरकार की प्राथमिकता है कि किसी भी पीड़ित को न्याय के लिए दर-दर न भटकना पड़े। कहीं भी लापरवाही या पक्षपात पाया गया तो संबंधित अधिकारी पर कठोर कार्रवाई होगी। कानून से ऊपर कोई नहीं है और दोषी चाहे कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो। उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। न्याय प्रक्रिया पारदर्शी और समयबद्ध होगी। – **संजय सिंह गंगवार**, राज्यमंत्री

> परिवार से मिली तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। पूरे प्रकरण की जांच अपर पुलिस अधीक्षक कर रहे हैं। घटना से जुड़े समस्त पहलुओं पर पड़ताल चल रही है। जल्द घटना का वर्कआउट किया जाएगा। – **सुकीर्ति माधव मिश्रा**, एसपी

## घर के बाहर खेल रही बच्ची से दुष्कर्म की कोशिश

**पीलीभीत, अमृत विचार** : घर में खेल रही चार साल की बच्ची से 14 वर्षीय किशोर ने दुष्कर्म करने की कोशिश की। कोतवाली पुलिस ने बच्ची के पिता की ओर से रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपी को हिरासत में लिया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 12 फरवरी की शाम छह बजे उसकी चार वर्षीय पुत्री घर में खेल रही थी। इस दौरान गांव का ही 14 वर्षीय किशोर उसके घर पर आया। आरोपी उसकी पुत्री के साथ खेलने के बहाने उसको अलग ले गया। आरोप है कि किशोर ने बच्ची से दुष्कर्म करने की कोशिश की। जिस पर उसकी पुत्री रोने लगी। पुत्री के रोने की आवाज सुनकर जब वह लोग पहुंचे तो आरोपी भागने लगा। उनकी पुत्री ने रोते हुए पूरे घटनाक्रम की जानकारी परिजनों को दी। घटना की जानकारी होने पर गांव के तमाम लोग मौके पर एकत्र हो गए। परिजनों ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने बताया कि मासूम का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया गया है। मामले में कार्रवाई की जा रही है।

## विवाहिता को पीटकर घर से निकाला, एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- बुलेट बाइक और तीन लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर प्रताड़ित करने का आरोप

**अमृत विचार** : तीन लाख रुपये और बुलेट बाइक की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को चार साल के मासूम के साथ घर से निकाल दिया। गर्भवती हालत में उसकी पिटाई भी की। पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कोतवाली में दी गई तहरीर में ग्राम सिरसा निवासी पूनम ने बताया कि उनकी शादी 21 मई 2021 को गजरौला क्षेत्र के ग्राम बड़ी अझारी निवासी अजयपाल से हुई थी। पति से एक मुकदमा न्यायालय में था। इसे खत्म कराने करने की वजह से पति ने समझौता कर लिया और 10 दिसंबर 2024 को पीड़िता को ससुराल ले गया। यहां वह चार साल के बच्चे के साथ रह रही थी। आरोप है कि गर्भवती हालत में सास माया देवी, पति अजयपाल, ननद पूजा, नीरज, पूनम आए दिन मारपीट करते थे।

भरपेट भोजन भी नहीं देते थे। 27 जनवरी को शाम 5 बजे ससुरालियों ने तीन लाख रुपये और बुलेट बाइक की मांग को लेकर मारपीट की। विरोध करने पर बच्चे समेत घर से निकाल दिया। मांग पूरी किए वापस आने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले की शिकायत थाना गजरौला में की गई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। अब कोतवाली पुलिस ने पति समेत ससुराली पक्ष के पांच सदस्यों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## कार्यालय में घुसे चोर समेट ले गए सामान

**पीलीभीत, अमृत विचार** : कार्यालय की खिड़की तोड़कर घुसे चोर नकदी, लैप्टाप समेत कई सामान समेट ले गए। सीसीटीवी के डिवाइस भी उखाड़ कर साथ ले गए। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

सुनगढ़ी क्षेत्र के कृष्ण लोक कॉलोनी निवासी राजकुमार राजू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका कार्यालय कॉलोनी में ही है। 8 फरवरी की शात 7 से रात 10 बजे के बीच कार्यालय की शीशे की खिड़की तोड़कर चोर घुस गए। इसके बाद कार्यालय से लैपटॉप, सीसीटीवी की डिवाइस उखाड़कर ले गए। कमरे में रखी अलमारी से 12 हजार रुपये, चांदी का मुकुट, आठ एटीएम कार्ड भी चोर ले गए। सुनगढ़ी पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

## चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी और उसकी पत्नी पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- एक करोड़ के गबन का मामला डीआईओएस की ओर से दी गई तहरीर पर हुई कार्रवाई
- जिला अधिकारी ने जांच कमेटी की रिपोर्ट मिलने के बाद लिया एक्शन


आरोपी इल्हाम।

**अमृत विचार**: डीआईओएस दफ्तर में बाबूगिरी करने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी द्वारा अपनी पत्नी के बैंक खातों में एक करोड़ रुपये सरकारी धनराशि भेजने के गंभीर मामले में डीएम के निर्देश पर सख्त एक्शन लिया गया है। डीआईओएस राजीव कुमार सिंह की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी इल्हाम उर्रहमान शम्सी और उसकी पत्नी अर्शी खातून के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। वहीं, आरोपी की संपत्ति की जांच के भी निर्देश डीएम की ओर से दिए गए हैं।

बता दें कि मूल रूप से बीसलपुर के जनता टेक्निकल इंटर कॉलेज में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी इल्हाम उर्रहमान शम्सी करीब सात साल से अधिक समय से डीआईओएस दफ्तर में बाबूगिरी कर रहा था। बीते दिनों उसकी पत्नी अर्शी खातून के खाते में एक करोड़ से अधिक सरकारी रकम निकली थी। बैंक ने संदिग्ध लेनदेन पर खाता फ्रीज कर अधिकारियों को भेज दिया था। जांच में सामने आया था कि आरोपी ने अपनी पत्नी के खाते को जुड़वा दिया था। इल्हाम को बीते दिनों निलंबित कर दिया गया था। इस मामले में सीडीओ की अगुवाई में गठित की गई कमेटी ने अपनी जांच रिपोर्ट डीएम को भेज दी थी। जिसके बाद आगे सख्त कार्रवाई तय मानी जा रही थी। डीएम के निर्देश पर डीआईओएस राजीव कुमार ने सदर कोतवाली में तहरीर दी। जिसके आधार पर इल्हाम उर्रहमान शम्सी और उसी पत्नी अर्शी खातून के खिलाफ जाली दस्तावेज बनाकर धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात, दस्तावेजों की जालसाजी आदि संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। इधर, डीएम ने आरोपी की संपत्ति की जांच के भी निर्देश दिए हैं। कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने बताया डीआईओएस की तहरीर पर आरोपी दंपति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

> सरकारी धनराशि के गबन के मामले में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी और उसकी पत्नी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। संपत्ति की जांच के भी निर्देश दिए गए हैं। जनपद के समस्त आहरण वितरण अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह भुगतान संबंधी बिलों पर गहन परीक्षण के बाद ही हस्ताक्षर करें। अनियमितता मिलने पर आहरण वितरण अधिकारी के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जाएगी। – **ज्ञानेंद्र सिंह**, डीएम

### गलत तरीके से बनाई गई थी बेनीफिशरी

कोतवाली में दर्ज कराई गई एफआईआर में डीआईओएस ने बताया कि आरोपी इल्हाम उर्रहमान की पत्नी अर्शी खातून का बचत खाता बैंक ऑफ बड़ौदा पीलीभीत शाखा में है। इसमें तीन दिसंबर 2025 को 21 एनईएफटी के माध्यम से 2427920 रुपये पत्नी के खाते में हस्तांतरित कर दियाग या। कुल 98 ट्रांजेक्शन से 1.01 करोड़ से अधिक धनराशि भेजी गई। बताते हैं कि इल्हाम डीआईओएस कार्यालय में वेतन, बिल, टोकन जनरेशन आदि का कार्य देख रहा था। आरोप है कि उसने गलत तरीके से बेनीफिशरी बनाकर और तत्कालीन डीआईओएस को अंधकार में रखकर रुपये पत्नी के खाते में हस्तांतरित करा लिए थे।

## समाधान दिवस : सुनगढ़ी थाने में जिलाधिकारी-एसपी ने सुनीं शिकायतें

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


सुनगढ़ी थाने में जनसुनवाई करते डीएम और एसपी। ● अमृत विचार

- बोले- कोई भी शिकायत अधिक समय तक न रहे लंबित

**अमृत विचार** : जनपद के थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक जनसुनवाई की गई। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह और एसपी सुकीर्ति माधव मिश्रा सुनगढ़ी थाने पहुंचे और फरियादियों की शिकायतों को सुना। इसके निस्तारण के निर्देश दिए। पूर्व के समाधान दिवस में पहुंची शिकायतों के समाधान की स्थिति भी जानी।

डीएम -एसपी ने आपसी विवाद संबंधी शिकायतों को लेकर सम्बन्धित क्षेत्र के लेखपाल व पुलिस को संयुक्त रूप से मौके पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए। कहा कि थाना समाधान दिवस पर कोई भी कर्मचारी बिना अनुमति के अनुपस्थित न रहे। इंस्पेक्टर को निर्देशित किया कि जनसुवाई के दौरान आईं समस्त शिकायतों में राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर दोनों पक्षों की मौजूदगी में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाए। कोई भी शिकायत अधिक समय तक लम्बित न रहे। समाधान दिवस में सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, इंस्पेक्टर नरेश त्यागी भी मौजूद रहे।

## भावी नागरिक का बच्चों ने किया अभिनय

**पीलीभीत, अमृत विचार** : बल्लभनगर कॉलोनी स्थित स्प्रिंगडेल पब्लिक स्कूल में शनिवार को कार्यक्रम हुआ। इसमें प्ले ग्रुप से लेकर एसकेजी तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया। इसकी शुरुआत कॉलेज चेयरमैन आरके धवन और निर्देशिका चारु धवन ने कराई। हृदियांशी, काश्वी, रिषभ, प्रखर, दिशा, अनश्री, प्रियांश चिकित्सक, रेवांश पुलिसकर्मी, लवजीत, दिलवंश, अनिक गुप्ता, किंजी, दयान खान, मानविक सैनिक, भूमि, धीरज, रिषित, वानी, कोमल, क्रयांश शिक्षक, त्रिशिव अवस्थी, गार्गी दूध विक्रेता, लक्ष्य सिंह, भूति अधिवक्ता, लक्ष्य सिंह किसान, अभिनव फायरमैन बने और अभिनय किया। समापन पर बच्चों को मिठाई व प्रमाण दिए गए।

## मायके में पति ने की मारपीट, पत्नी को दिया तीन तलाक, एफआईआर दर्ज

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- बरेली के देवरनिया थाना क्षेत्र के ग्राम रम्पुरा का है आरोपी

**अमृत विचार** : कोतवाली क्षेत्र की एक विवाहिता ने पति पर तीन तलाक देने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि लंबे समय से मायके वाले लाखों रुपये दहेज में दे चुके है। मकान पर लोन करा लिया गया। इसके बाद दोबारा नकदी और कार की मांग पूरी न होने पर उसे प्रताड़ित किया। इस मामले में पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कोतवाली में दी गई तहरीर में केजीएन कॉलोनी नंबर दो निवासी शाइस्ता परवीन ने बताया कि उनका निकाह 11 दिसंबर 2017 को बरेली के देवरनिया थाना क्षेत्र के ग्राम रम्पुरा निवासी सिराज से हुआ था। कुछ समय बाद से ही पति, ससुर अकील अहमद, सास जरीना बेगम, ननद गुलफिशा प्रताड़ित करने लगे। दहेज की अतिरिक्त मांग की जाती रही। इस पर पिता ने 2022 में ढाई लाख, जून 2024 में दो लाख, नवंबर 2024 में डेढ़ लाख, जनवरी 2025 में ढाई लाख रुपये कुल साढ़े आठ लाख रुपये ऑनलाइन पति को दिए। इसके बाद भी व्यवहार में बदलाव नहीं आया। पति पीड़िता के नाम का मकान बेचने का दबाव बनाता था। दो साल पहले मकान के कागज इलाहाबाद बैंक मैगलगंज लखीमपुर में बंधक रखकर 20 लाख रुपये लोन ले लिया। इसकी किश्तों को अदा करने के लिए मायके वालों पर दबाव डाला। पीड़िता के पिता किश्त जमा करते रहे। इसके बाद 25 लाख रुपये और कार की मांग शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर 28 जनवरी को घर से निकाल दिया। इसके बाद पीड़िता मायके वालों के साथ आ गई। 1 फरवरी को दोपहर 2 बजे ससुराल वाले मायके आए और दहेज की मांग फिर की। इसके बिना घर ले जाने से इनकार कर दिया। आरोप है कि पति ने मारपीट करते हुए तीन तलाक दे दिया। कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने बताया कि पति समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## अज्ञात व्यक्ति की अस्पताल में मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार**: सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि 12 फरवरी को सुभाषनगर कालोनी में निर्माणधीन पानी की टंकी के निकट पानी भरे गड्ढे में एक व्यक्ति बेहोशी की हालत में मिला था। उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। 13 फरवरी की शाम उसकी अस्पताल में मौत हो गयी। मृतक की उम्र 55 साल है, गले में तावीज पहने हुए था। सफेद दाढ़ी और सफेद मूछ है। पुलिस ने अज्ञात शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो पायी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि शव की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

## 64 स्ट्रीट पोल से जगमगाया नौगवां ओवरब्रिज

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


नौगवां ओवरब्रिज पर हुए लोकार्पण के दौरान चेयरमैन का आभार जताते शहरवासी।


लोकार्पण के बाद इस तरह जगमगा उठा नौगवां ओवरब्रिज।

- 74 लाख की आई लागत, सौंदर्य और सुरक्षा की नई सौगात

**अमृत विचार** : नौगवां ओवरब्रिज एक बार फिर जगमगा उठा है। नगर पालिका की ओर से 74 लाख रुपये की लागत से अपने अधीन आने वाले हिस्से में 64 स्ट्रीट लाइट पोल लगाए गए हैं। चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल ने शनिवार शाम को स्विच दबाकर 64 स्ट्रीट लाइट पोल का लोकार्पण किया। इसके साथ ही फ्लाईओवर रोशनी से जगमगा उठा। इन लाइटों के लगने के बाद यातायात और सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से भी राहगीरों का सफर सुगम हो सकेगा।

नगर पालिका परिषद द्वारा नौगवां फ्लाईओवर के दोनों ओर 32-32 स्टेनलेस स्टील के कुल 64 स्ट्रीट लाइट पोल लगवाए हैं। इन पोलों की खासियत ये है कि इसमें पीलीभीत टाइगर रिजर्व की पहचान टाइगर की आकृति और जिले की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान मानी जाने वाली बांसुरी की कलाकृति को भी शामिल किया गया है, जिससे फ्लाईओवर की सुंदरता और बढ़ गई है। शनिवार शाम करीब पौने छह बजे लोकार्पण किया गया। इसमें शहर के नागरिकों को भी आमंत्रित किया गया था। बड़ी संख्या में महिला-पुरुष शामिल हुए। जैसे ही स्ट्रीट लाइट का स्विच ऑन किया गया, नौगवां फ्लाईओवर रोशनी से जगमग हो उठा और मौके पर मौजूद लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ खुशी व्यक्त की। सभासद साकेत सक्सेना, अवतार सिंह मोनू, कुमकुम अग्रवाल, अंजलि आदर्श, अर्चना खंडेलवाल, डॉ.अनुरीता सक्सेना, पदमा अग्रवाल, मधु कुमार, मीना बग्गा, पूनम चंद्र, डॉ. सरिता, सुधा, मिरला, नीता अग्रवाल, गौरी, मेघा अग्रवाल, इमरान अंसारी, विकास बाबू, मोहन स्वरूप, इंजीनियर पंकज राजपूत, सुनील राठौर, रईस बेग, मेघा अग्रवाल, प्रशांत जैसवार, संतोष सक्सेना, अरुण उपाध्याय, विपिन मिश्रा, नरेंद्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

### लोगों ने चेयरमैन का जताया आभार

स्ट्रीट लाइटें चालू होने के बाद देर रात तक शहरवासी फ्लाईओवर की खूबसूरती देखने के लिए पहुंचते रहे। कईयों ने वीडियो बनाए और सेल्फी ली। कई लोगों ने इसे शहर के विकास और सौंदर्यीकरण की दिशा में सराहनीय कदम बताया। एकत्र हुए लोगों ने चेयरमैन का आभार जताया।

## घायल अधेड़ की अस्पताल में मौत

**खुटार, अमृत विचार** : सड़क हादसे में घायल नगर के मोहल्ला पश्चिमी गढ़ी निवासी भगवान सरन (48) की लखनऊ के अस्पताल में मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शनिवार को शव घर पहुंचा तो परिजनों में कोहरा मच गया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

परिजनों ने बताया कि भगवान सरन कारपेंटर का काम करते थे। 5 फरवरी को दिन में साढ़े 12 बजे भगवान सरन घर से काम पर जाने के लिए बाइक से निकले थे। गांव सिहुरा निवासी रामासरे (45) साथ में थे। खुटार-पूरनपुर मार्ग पर गुरघिया मोड़ के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। हादसे में भगवान सरन, रामासरे गंभीर घायल हो गए थे। दुर्घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया था। घायल का लखनऊ में इलाज चल रहा था।

## फार्म हाउस से कुत्ते को खींच ले गया तेंदुआ

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


फार्म हाउस में रात को सो रहे कुत्ते पर हमले की तैयारी में खड़ा तेंदुआ।

- पूरनपुर तहसील के रम्पुरा कोन का मामला
- सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना वायरल

**अमृत विचार** : पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव में रात को तेंदुआ एक फार्महाउस में जा घुसा। इस दौरान तेंदुआ पालतू कुत्ते को मुंह में दबोचकर खींच ले गया। पूरी घटना फार्महाउस में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इसकी वीडियो भी वायरल हो रही है। जानकारी पर पहुंची वन एवं वन्यजीव प्रभाग की टीम ने जाल लगाकर घरों को सुरक्षित करने के साथ निगरानी बढ़ा दी है।

घटना पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव रम्पुरा कोन में शुक्रवार रात हुई। जंगल से निकलकर एक तेंदुआ रात को गांव निवासी सोनू सिंह के फार्म हाउस जा घुसा। घर के आंगन में उनका पालतू कुत्ता सो रहा था। इस बीच तेंदुआ दबे पांव सो रहे कुत्ते के नजदीक पहुंचा और उस पर हमला कर उसे मुंह में दबोच लिया। कुत्ते के चीखने की आवाज भी परिजनों ने सुनी, लेकिन कोई भी बाहर निकलने का साहस नहीं कर सका। बताते हैं कि शोर करने पर कुत्ते को मुंह में दबाए तेंदुआ वहां से खेतों की ओर चला गया है और कुछ देर बाद कुत्ते का मार डाला।

इस पूरा घटनाक्रम फार्महाउस में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। अगली सुबह घटना की जानकारी लगने पर तमाम लोग मौके पर जमा हो गए। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले करीब डेढ़ माह से क्षेत्र में तेंदुआ की मौजूदगी देखी जा रही है। दहशत के चलते लोग शाम होते ही घरों में कैद हो रहे हैं। इधर वन महकमे का कहना है कि घटना की जानकारी मिलने के बाद संबंधित घर के आसपास जाल लगाकर सुरक्षित किया गया है। टीमें लगाकर निगरानी शुरू की गई है।

> घटना की जानकारी मिलने के बाद टीम को मौके पर भेजा गया था। संबंधित क्षेत्र में घर को सुरक्षित करने के जाल लगाया गया है। टीम को निगरानी के लिए भी लगाया गया है। – **सोवरन लाल**, क्षेत्रीय वनाधिकारी, पूरनपुर रेंज

## न्यूज ब्रीफ

### चाबी छीनकर बाइक लेकर चंपत हुआ युवक

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोजा थाना क्षेत्र के गांव निघोना मकरनंदपुर निवासी रंजना ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि 8 फरवरी को उसके पति राज किशोरी अपनी बाइक चलाकर ले जा रहे थे। उसके पति अटसलिया ओवरब्रिज से रेती ओवरब्रिज के बीच दोपहर एक बजे बाइक रोक दी और लघुशंका के लिए चले गए। इस बीच अज्ञात युवक आया उसके पति से बाइक की चाबी जबरन छीन ली। आरोप है कि वह जान से मारने की धमकी देकर बाइक लेकर फरार हो गया। रोजा थाना प्रभारी ने बताया कि बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### रंजिश में झोपड़ी फूंकी नकदी- सामान राख

**कलान, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम हेतमपुर में शुक्रवार रात करीब नौ बजे खेत में पड़ी एक झोपड़ी में गांव के ही कुछ लोगों ने रंजिशन आग लगा दी। आग लगने से झोपड़ी में रखी करीब 50 हजार रुपये की नगदी समेत गेहूं, सरसों, मूंगफली, कपड़े, रजाई और गद्दा सहित हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित ग्रामीण रामवीर यादव ने शनिवार को थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह खेत में झोपड़ी डालकर रह रहा था। आग लगने से भारी नुकसान हुआ। ग्रामीणों की मशक्कत से झोपड़ी में बंधे जानवरों को किसी तरह बाहर निकाल लिया गया, जिससे वे सुरक्षित बच गए। पीड़ित ने थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कटरा थाना क्षेत्र के मोहल्ला आतिशबजान निवासी मोईद अली ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि शोएब अली, भूपेंद्र, नागेंद्र कुमार, अजहरुद्दीन, फरदीन, अजबउद्दीन और अलीशा ने कंपनी बनाने के नाम पर एक करोड़ 59 लाख रुपये की धोखाधड़ी की थी। पुलिस ने आरोपी फरदीन को गिरफ्तार कर लिया और चालान कर दिया। टीम में प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार सिंह आदि टीम में थे।

# तीन हजार शिक्षक संभालेंगे यूपी बोर्ड परीक्षा की जिम्मेदारी

## जिले में बेसिक के 1900 और माध्यमिक के 1100 शिक्षकों की लगाई जाएगी ड्यूटी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की परीक्षा को संपन्न करने के लिए शिक्षा विभाग की ओर से तैयारियों का अंतिम दौर चल रहा है। केंद्रों का निर्धारण करने के बाद अब कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई जा रही हैं। माध्यमिक के अलावा बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक भी बोर्ड परीक्षा की जिम्मेदारी संभालेंगे। इसको लेकर डीआईओएस की ओर से दोनों विभागों के तीन हजार शिक्षकों की ड्यूटी लगाई है। जिसकी डिमांड भेजी गई है। परीक्षा में इस बार सभी की ड्यूटी क्यूआर कोड से लगाई जाएगी। जिसमें कोई भी बहाना नहीं चलेगा।

बता दें कि 18 फरवरी से शुरू हो रही यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं को लेकर शिक्षा विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इस बार जिले में कुल 41821 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। इनमें हाईस्कूल के 23241 और इंटरमीडिएट के 18580 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। परीक्षाओं के लिए जिले में कुल 69 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।


ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज का भवन।

- क्यूआर कोड से लगेगी कक्ष निरीक्षकों ड्यूटी, पांच सचल दल करेंगे निगरानी

यह परीक्षाएं 12 मार्च तक चलेंगी। इस बार नकल विहीन परीक्षा कराने को लेकर विभाग पुख्ता तैयारी कर रहा है, ताकि परीक्षा केंद्रों पर नकल की कोई गुंजाइश न रहे। अफसरों ने निरीक्षण करने के बाद सभी केंद्र पर वॉइस रिकॉर्ड वाले सीसीटीवी कैमरे आदि की व्यवस्था को पूरा कर लिया है। स्ट्रांग रूम भी स्थापित कर दिए गए हैं। इतना ही नहीं नकल रोकने के लिए कई नए नियम भी लागू किए गए हैं। अब शिक्षा विभाग की ओर से परीक्षा की निगरानी करने के लिए केंद्रों पर जोनल और सेक्टर भी नियुक्त कर दिए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा संपन्न करने के लिए शिक्षकों की भी ड्यूटी निर्धारित कर दी गई है। बोर्ड के नियमानुसार तरीके से 50 फीसदी शिक्षक बाहर से लगाए जाएंगे। इस बार करीब तीन हजार कक्ष निरीक्षक के तौर पर ड्यूटी लगाई गई है। जिनमें 1900 बेसिक शिक्षा विभाग और माध्यमिक के करीब 1100 शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल है। हालांकि पिछली बार परीक्षा में 2600 के आसपास शिक्षकों की ड्यूटी लगाई थी। जिनमें कुछ रिजर्व रहे थे। जिनको विषम परिस्थितियों में लगाया गया। एक केंद्र पर कम से कम 10 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाने का प्रस्ताव बनाया है। इसको लेकर डीआईओएस राजीव कुमार सिंह की ओर से बेसिक शिक्षा विभाग को पत्र भेजकर शिक्षक मांगे गए थे। बेसिक की ओर से शिक्षक की सूची भी उपलब्ध करा दी गई है। फाइनल सूची तैयार करने के बाद उस पर अंतिम मुहर लग गई है। यह डेटा बोर्ड को भेजा जाएगा। इसके अलावा पांच सचल दल बनाए जाएंगे। इन सभी शिक्षकों की ड्यूटी क्यूआर कोड से लगाई जाएगी। जिसमें माध्यमिक और बेसिक दोनों के शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाएगी, जो औचक निरीक्षण कर परीक्षा केंद्रों की हकीकत को परखेंगे।

### जिस विषय का होगा पेपर, उस शिक्षक की नहीं लगेगी ड्यूटी

यूपी बोर्ड ने इस बार कई बदलाव किए हैं। इस बार बोर्ड परीक्षा में जिस विषय का पेपर होगा। उससे विषय से संबधित शिक्षक की कक्ष में ड्यूटी नहीं लगाई जाएगी। साथ ही उसे कक्ष निरीक्षक के रुप में तैनात नहीं किया जाएगा। ताकि परीक्षा में पारदर्शिता बनी रहे। इसको लेकर पूर्व में हुई बैठक में भी दिशा निर्देश दिए जा चुके हैं। समस्त केंद्र व्यवस्थापकों की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई है।

> यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है। स्टेटिक, केंद्र व्यवस्थापक की ड्यूटी लगाने के अलावा शिक्षकों की ड्यूटी का भी निर्धारण कर दिया गया है। कक्ष निरीक्षक के तौर पर 50 फीसदी शिक्षक बाहर से लगाए जाएंगे। कक्ष निरीक्षकों को भी गाइडलाइन से अवगत करा दिया गया है। – **राजीव कुमार सिंह**, डीआईओएस

# भारत-नेपाल की संस्कृति का होगा संगम

- 16 से उत्तर प्रदेश के आठ जिलों में होगा सांस्कृतिक उत्सव
- पीलीभीत में 27-28 को विभिन्न कार्यक्रमों के साथ होगा समापन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** भारत-नेपाल की साझा विरासत, परंपराओं और आपसी भाईचारे को मंच देने के लिए भारत-मैत्री महोत्सव होने जा रहे हैं। यह महोत्सव पीलीभीत समेत प्रदेश के आठ जिलों में होगा। जनपद में मैत्री महोत्सव 27-28 फरवरी को होगा। दो दिवसीय महोत्सव के दौरान दोनों देशों की संस्कृति पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और यही पर महोत्सव का समापन भी होगा।

भारत-नेपाल के संबंधों को प्रगाढ़ बनाने और साझी संस्कृति को बरकरार रखने के लिए भारत-नेपाल सीमा से सटे प्रदेश के आठ जिलों में भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मैत्री महोत्सव की शुरुआत 16 फरवरी को कुशीनगर से होगी। यह महोत्सव भारत-नेपाल सीमा से सटे सिद्धार्थनगर, महाराजगंज, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच होते अपने सातवें पड़ाव के तहत लखीमपुर में होगा। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन की सहयोग से मैत्री महोत्सव का समापन पीलीभीत में 27-28 फरवरी को होगा। यहां महोत्सव का आयोजन गांधी प्रेक्षागृह में किया जाएगा। मैत्री महोत्सव को लेकर जल्द ही रुपरेखा तैयार की जाएगी।

### महोत्सव में होगें यह प्रमुख कार्यक्रम

महोत्सव के मुख्य आकर्षणों में भव्य सांस्कृतिक शोभा यात्रा, कवि सम्मेलन और संगोष्ठी शामिल हैं। स्थानीय उत्पाद एवं हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए एक जनपद एक उत्पाद के तहत प्रदर्शनी लगाई जाएगी। भारत-नेपाल के सांस्कृतिक संबंधों पर आधारित विशेष परिचर्चा, चित्रकला और रंगोली प्रदर्शनी भी इस आयोजन का हिस्सा होंगी। स्कूल-कॉलेजों के सहयोग से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगें।

### विवाहिता को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट

**बीसलपुर, अमृत विचार:** क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 12 फरवरी को रंपुरा नत्थू गांव का विश्वजीत रावण उसकी पत्नी को बहला फुसलाकर ले गया। पत्नी घर पर रखे डेढ़ लाख रुपये और जेवर भी ले गई। उस वक्त वह घर पर नहीं थे। बच्चों को भी पत्नी साथ ले गई है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

## पति सहित सास-ससुर के खिलाफ दी तहरीर

**खुटार, अमृत विचार :** चतुरपुर गांव निवासी बिट्टा देवी ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि 2017 में उसकी शादी बंडा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक से हिन्दू रीति रिवाज से हुई थी। शादी में उसके पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार करीब पांच लाख रुपए का दान दहेज भी दिया था। लेकिन ससुराली जन दान दहेज से संतुष्ट नहीं थे। शादी के कुछ समय बाद ही उसका पति व सास ससुर उसे दहेज के लिए शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। शादी के पांच माह बाद ही उसे गर्भावस्था में मारपीट कर घर से निकाल दिया। पिछले पांच वर्षों से बिट्टा देवी अपने मायके में रह रही है। उसकी पांच वर्ष की पुत्री भी है। पुलिस ने जांच के बाद कार्यवाही की बात कही है।

# दो करोड़ की कर चोरी का खुलासा

**चार गिरफ्तार**

- छह एंड्रॉयड फोन, बिल्टी बुक व रजिस्टर बरामद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** रोजा पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने फर्जी जीएसटी फर्म बनाकर करीब दो करोड़ रुपये की कर चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छह एंड्रॉयड फोन, एक कीपैड फोन, 10 बिल्टी बुक, दो रजिस्टर तथा एक कार बरामद की है।

जीएसटी सचलदल प्रभारी हरित कुमार की ओर से दो माह पूर्व रोजा थाने में फर्जी जीएसटी फर्म के ई-वे बिल और बिल्टी के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इसके बाद एएसपी सिटी देवेंद्र कुमार की अध्यक्षता में एसआईटी का गठन किया गया। रोजा पुलिस और एसओजी गिरोह की तलाश में जुटी थीं।

शनिवार सुबह करीब 7 बजे सूचना मिली कि गिरोह के सदस्य कार से दिल्ली से शाहजहांपुर की ओर आ रहे हैं। पुलिस ने अटसलिया ओवरब्रिज पर घेराबंदी कर कार रोकते हुए चारों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों में अखिलेश निवासी गजियापुर थाना सरैनी जिला रायबरेली, विपिन निवासी नेकपुर थाना सिविल लाइन जिला बदायूं, शिवओम शर्मा निवासी लच्छैड़ा थाना मंसूरपुर जिला मुजफ्फरनगर तथा राहुल राणा निवासी केडी थाना बाबरी जिला शामली शामिल हैं।

विपिन पर पूर्व में दो मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने चारों का चालान कर दिया है। कार्रवाई में गैंगस्टर सेल प्रभारी वीरेंद्र सिंह, एसओजी प्रभारी धर्मेंद्र कुमार, रोजा थाना प्रभारी राजीव कुमार, उप निरीक्षक जगत सिंह और सौरभ शुक्ला शामिल रहे।

# समस्या का समाधान करने का दिया आश्वासन

संवाददाता, घुंघचिहाई

- घुंघचिहाई के पंचायत भवन पहुंचे विधायक प्रतिनिधि, एसडीएम व अन्य अधिकारी
- ग्रामीणों से की बात, 100 पशुओं को दूसरी गोशाला में शिफ्ट करने का आश्वासन

**अमृत विचार :** छुट्टा पशुओं के समाधान की मांग को लेकर की गई शिकायत के बाद जिम्मेदारों ने सुध ली। विधायक प्रतिनिधि, एसडीएम समेत अन्य अधिकारी गांव पहुंचे और ग्रामीणों से बात की गई। 100 पशुओं को सोमवार को दूसरे क्षेत्र की गोशाला शिफ्ट करने आदि का आश्वासन दिया।

बता दें कि बीते दिनों घुंघचिहाई क्षेत्र के ग्रामीणों ने विधायक पूरनपुर, एसडीएम, बीडीओ आदि ने क्षेत्र में छुट्टा पशुओं से होने वाली समस्या रखते हुए समाधान की मांग की थी। उनका कहना था कि क्षेत्र में करीब 150 छुट्टा पशु घूम रहे हैं, जिनसे फसल बचाना चुनौती से कम नहीं है। इसी क्रम में शनिवार दोपहर घुंघचिहाई के पंचायत भवन में विधायक प्रतिनिधि ऋतुराज पासवान, एसडीम अजीत प्रताप सिंह प्रभारी बीडीओ हेमंत कुमार, पंचायत सचिव अवनीश कुमार, मंजुल मिश्रा, राहुल कनौजिया आदि पहुंचे। किसानों ने पशुओं से फसल बचाने एवं उनका समाधान करने के लिए स्थायी गोशाला की मांग की। इस पर अधिकारियों ने सोमवार को 100 छुट्टा पशुओं को दूसरे क्षेत्र की गौशाला में शिफ्ट करने का आश्वासन दिया। वहीं जगह मिलने पर स्थायी गोशाला बनवाने के लिए भी आश्वासन दिया गया। इस मौके पर वीरेंद्र प्रताप सिंह, अरुण शंकर शुक्ला, सत्येंद्र त्रिवेदी, मोहन स्वरूप पासवान, सुविंदर सिंह, संजीव त्रिवेदी, संतोष त्रिवेदी, लोकेश त्रिवेदी, अर्पित भारती, ठाकुर प्रसाद वर्मा, जमुना प्रसाद, कृपाशंकर मौर्य आदि मौजूद रहे।


ग्रामीणों से वार्ता करते एसडीएम, विधायक प्रतिनिधि व अन्य। ● अमृत विचार

### युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** हरदोई जिले के थाना पचदेवरा के गांव अनंगपुर निवासी 35 वर्षीय छुन्नू बाबू का शुक्रवार को अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। वह दोपहर घर से निकले और गांव के बाहर जहरीला पदार्थ खा लिया। उनकी तबीयत खराब होने पर उल्टी करने लगे। परिवार वाले मौके पर पहुंचे। परिवार वालाने छुन्नू बाबू को यहां मेडिकल कालेज में लाकर भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। वह खेतीबाड़ी करते थे। मौत की खबर से उनकी पत्नी कुसुमलता और बच्चों का रो-रोकर बुराहाल है। मृतक के परिवार वालों को कोई आरोप नहीं है। चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि हरदोई जिले का मामला है। उसकी इलाज के दौरान मौत हुई है।

## मरीज की मौत के बाद मेडिकल कॉलेज में हंगामा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** बंडा थाना क्षेत्र के मोहल्ला गायत्रीनगर निवासी 22 वर्षीय प्रेमवती पुत्री रामनाथ की अचानक तबीयत खराब हो गयी थी और बुखार आ रहा था। परिवार वाले 12 फरवरी को उसे लेकर राजकीय मेडिकल कालेज आए। जहां डाक्टर ने महिला को भर्ती कर लिया।

उसका वार्ड में इलाज चल रहा था। शनिवार को मरीज की तबीयत और अधिक खराब हो गयी। परिजन आरोप है कि दोपहर दो बजे स्टाफ और डाक्टर को बुलाने के लिए गए। डाक्टर और स्टाफ मरीज को देखने नहीं आए। इस दौरान प्रेमवती की मौत हो गयी। इस दौरान परिवार वालों ने मेडिकल कालेज के अंदर हंगामा किया। सीएमएस डा सरोज कुमार व अन्य स्टाफ वार्ड में पहुंच गए। चौक कोतवाली पुलिस भी पहुंच गयी। पुलिस ने परिवार वालों को समझाकर शांत कराया। मृतका के परिवार वालों ने आरोप लगाते हुए बताया कि मरीज के इंजेक्शन लगाने के नाम पर सुविधा शुल्क की मांग की गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### मारपीट के बाद तमंचे से किया फायर

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** चौक कोतवाली के गांव मौजमपुर निवासी नीरज कुमार ने थाने में दी तहरीर में बताया कि एक फरवरी की रात साढ़े नौ बजे गांव सप्तयारा में दावत खाकर बाइक से अपने घर लौट रहा था। गांव के ही बृजभान, अनुराग ने एक राय होकर दरवाजे पर रोक लिया। आरोप है कि उसे और उसकी मां गुड्डी को पकड़ लिया और मारने पीटने लगे। इस दौरान आरोपियों ने फोन करके अपने अन्य साथियों को बुला लिया। आरोपियों ने तमंचे से जान से मारने की नीयत से उसके ऊपर फायर किया, जिससे वह किसी तरह बच गया। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है।

## न्यूज डायरी

### आम के पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**बंडा, अमृत विचार :** दो माह पहले रहस्यमय ढंग से गायब हुए युवक का शव गांव में ही आम के पेड़ पर रस्सी के सहारे लटका मिला है। घटना के बाद परिजन पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं और विरोध जता रहे हैं। बंडा थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर गढ़िया निवासी अमर सिंह यादव का इकलौता 28 वर्षीय पुत्र राजेश यादव आठ दिसंबर को सुबह करीब छह बजे घर से साइकिल लेकर छुट्टा पशुओं को भगाने की बात कहकर निकला था, लेकिन वह वापस नहीं लौटा। परिवार की शिकायत पर पुलिस ने जांच की थी और घटनास्थल से कुछ दूरी पर उसकी साइकिल और चप्पलें बरामद की थीं। उसी दिन देर शाम गुमशुदगी दर्ज की गई थी।



### परिजनों ने अंतिम संस्कार से किया इंकार, 24 घंटे का दिया अल्टीमेटम



**तिलहर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव पिंगरी में 11 फरवरी को नदी किनारे 55 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद हुआ था। 13 फरवरी को मृतक के पुत्र बलबीर ने शव की शिनाख्त अपने पिता सोनपाल निवासी ग्राम राई खेड़ा के रूप में की थी। बलबीर ने नगरिया मोड़ पुलिस चौकी पहुंचकर चार लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराने की तहरीर दी। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव राई खेड़ा पहुंचा तो परिजनों में आक्रोश फैल गया। परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी तक अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया। बलबीर ने शव के पैर और गले पर कट के निशान होने की बात कहते हुए हत्या की आशंका जताई। विधायक प्रत्याशी रहे लोक जनशक्ति पार्टी के राहुल कुमार मौके पर पहुंचे और पुलिस को 24 घंटे में कार्रवाई का अल्टीमेटम दिया।

### ट्रेड डील के विरोध में किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**पीलीभीत, अमृत विचार :** ट्रेड डील के विरोध में आप कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष अमित मिश्रा के नेतृत्व में तमाम कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां उन्होंने ट्रेड डील के विरोध में नारेबाजी प्रदर्शन किया। कहा गया कि अडानी को बचाने और एप्पस्टीन फाइल्स् से बचने के लिए यह ट्रेड डील की गई है। इस दौरान पदाधिकारियों की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर को सौंपा। कार्यक्रम में प्रांतीय उपाध्यक्ष/पीलीभीत प्रभारी एड. सुनीता गंगवार, जिलामहाचिव एड. संजय कुमार, जिलाध्यक्ष पंचायत प्रकोष्ठ विनोद भारती, पंचायत प्रकोष्ठ सदर विधानसभा अध्यक्ष रिंकू दिवाकर, प्रांतीय कार्यालय प्रभारी वहीद अहमद, पराग मिश्रा, ब्रह्मानन्द गंगवार समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।




### नखासा बाजार से दो मोबाइल चोरी

**खुटार, अमृत विचार :** नखासा बाजार में चोरों का आतंक है। शनिवार को चोरों ने दो लोगों के मोबाइल पर हाथ साफ कर दिया। जिसकी तहरीर थाने पर दी गई। लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। क्षेत्र के गांव पुनौती खुर्द में रहने वाले सुखविंदर सिंह ने बताया कि शनिवार को वह खुटार में लगने वाले साप्ताहिक बाजार नखासा बाजार में खरीदारी करने के लिए आए थे। जब वह खरीदारी कर रहे थे। तभी किसी समय चोरों ने उनकी जेब में रखा मोबाइल चोरी का लिया और हर हाल हो गया। कुछ देर बाद जब सुखविंदर सिंह को मोबाइल की जरूरत हुई, तो उन्होंने अपनी जेब में हाथ डाला, तो देखा कि उनका मोबाइल गायब था। इसके बाद वह चोर को काफी देर तक चलते थे। लेकिन चोर का कहीं कोई सुधार नहीं लगा। इसके बाद सुखविंदर सिंह थाने पहुंचे और मामले की तहरीर दी। लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इसी तरह गांव सिल्हुआ में रहने वाले यशपाल ने बताया कि वह भी नखासा बाजार में सब्जी खरीदने के लिए आए थे। तभी चोरों ने उसका मोबाइल चोरी कर लिया। यशपाल ने भी मामले की तहरीर थाने पर दी। लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। थानाध्यक्ष श्यामवीर सिंह ने बताया की तहरीर मिली है। जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# मनरेगा श्रमिक से एक दिन कराया काम, सात दिन की निकाली मजदूरी

- जांच में खुलासा होने पर ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव को कारण बताओ नोटिस
- बीसलपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत नकटिया के ग्रामीणों ने जिला अधिकारी से की थी शिकायत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मनरेगा मजदूर से एक दिन काम करवाकर उसे नकद 200 रुपये देकर टरका दिया गया और मस्टररोल में फर्जी हाजिरी लगाकर उसके नाम से सात दिन की मजदूरी निकाल ली गई। मामला डीएम द्वारा कराई गई जांच के बाद उजागर हुआ। अब इस मामले में दोषी ग्राम प्रधान और तत्कालीन पंचायत सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। निर्धारित समयावधि में जवाब दाखिल न करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

मामला बीसलपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत नकटिया का है। गांव निवासी सोमदत्त, ब्रह्मदत्त आदि ने डीएम को शपथ पत्र सहित की शिकायत में ग्राम प्रधान व सचिव पर ग्राम पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर फर्जीवाड़ा करने का आरोप लगाया था। इस पर डीएम ने जिला विकास अधिकारी संजय कुमार एवं पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता शैलेंद्र कुमार सिंह को जांच अधिकारी नामित करते हुए आख्या रिपोर्ट देने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में दो सदस्यीय जांच टीम ने गांव पहुंचकर मामले की जांच की और ग्राम प्रधान ओमकार, तत्कालीन पंचायत सचिव सचिन कुमार और मेट को प्रथम दृष्टया दोषी पाते जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंप दी। जांच रिपोर्ट में पाया गया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में लोहार वाले तालाब की खुदाई का कार्य कराया गया था। जिसमें मनरेगा श्रमिक किशन लाल से एक दिन कार्य कराया गया। काम के एवज में ग्राम प्रधान ने मनरेगा श्रमिक को 200 रुपये नकद मजदूरी देकर टरका दिया और मस्टर रोल संख्या 5142 में सात दिन की फर्जी हाजिरी लगाते हुए 1491 रुपये हड़प लिए गए। जबकि मनरेगा में नकद मजदूरी देने का कोई प्रावधान नही है। उक्त कार्यों के फोटो भी अपलोड नहीं किए गए। इधर जांच में फर्जीवाड़े का मामला सामने आने के बाद डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने दोषी ग्राम प्रधान ओमकार को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए निर्धारित समयावधि के अंदर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही उन्होंने जांच में दोषी मिले तत्कालीन पंचायत सचिव के विरुद्ध कार्रवाई करने के आदेश दिए थे। इसी क्रम में डीपीआरओ रोहित भारती ने दोषी तत्कालीन सचिव सचिन कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस में तत्कालीन सचिव को 15 दिन के अंदर जवाब दाखिल न करने पर विभागीय कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

> ग्राम पंचायत में कराई गई जांच में वित्तीय अनियमितता पाई गई है। जिलाधिकारी की ओर से ग्राम प्रधान को नोटिस जारी किया गया है। जांच में प्रथम दृष्टया दोषी मिले सचिव को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसके बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। – **रोहित भारती**, डीपीआरओ

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005

बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
- 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
- बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
- आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
- कैशलेस ईलाज

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा। TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आंख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)

डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो.9457833777

## न्यूज ब्रीफ

### मोहम्मदी में महिला व पति से मारपीट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** करबा मोहम्मदी के मोहल्ला गल्ला मंडी सरैया निवासी समा ने बताया कि शुक्रवार की रात करीब 11 बजे देवर इरशाद, रिश्तेदार सज्जाद, सरफराज व निजामुल ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की। जब उसके पति बचाने आए तो उनके साथ भी मारपीट की गई। दोनों को जान से मारने की धमकी दी गई। आरोप है कि आरोपी पहले भी कई बार मारपीट कर चुके हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच एसआई जान मोहम्मद को सौंपी है।

### उधारी में मोबाइल दुकानदार से मारपीट

**लखीमपुर खीरी :** मोहम्मदी निवासी सुजीत राठौर ने बताया कि उसकी मोबाइल की दुकान हैं। आरोप है कि उन्होंने राजपाल सिंह से 2.50 लाख रुपये उधार लिए थे, जिसे बाद में चुका दिया, लेकिन इसके बाद भी आरोपी लगातार रुपये मांगता रहा। शुक्रवार को आरोपी दुकान में घुस आया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है।

### जुआ खेलते दो युवक गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना खीरी पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते गांव शहनवाज व कदीर अहमद मोहल्ला डीहपुर को गिरफ्तार किया है। एसओ निराला तिवारी ने बताया कि आरोपियों के पास से ताश के पत्ते, माल फड़ 1550 रुपये और जामा तलाशी 600 में बरामद किए हैं। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### ऐप्जा बर्दाश्त नहीं करेगा कार्यकर्ताओं का अपमान

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर के बाईपास पर आयोजित बैठक में ऐप्जा के चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग सारथी ने कहा कि संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। कहा कि इस मामले में कोई उचित कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन आंदोलन करेगा। बैठक में संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिव मंदिर परिसर में होर्डिंग फाड़ी, जेई से मारपीट

## मोबाइल भी तोड़ दिया, नगर पालिका चेयरमैन की थी होर्डिंग, आधी रात तक चलता रहा हंगामा

- शिवरात्रि की तैयारियों के बीच बढ़ा विवाद, जेई ने दी तहरीर

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** नगर के प्रसिद्ध शिव मंदिर परिसर में उस समय हड़कंप मच गया जब देर शाम मंदिर परिसर में लगी एक होर्डिंग को कुछ लोगों ने फाड़ दिया। होर्डिंग नगर पालिका चेयरमैन की ओर से शिवरात्रि के अवसर पर लगवाई गई थी। होर्डिंग फाड़ने के दौरान ही विवाद को लेकर कार्यदायी संस्था के जेई नितिन सिंह के साथ मारपीट की गई और उनका मोबाइल भी तोड़ दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियों को लेकर मंदिर परिसर में सजावट के अलावा अन्य व्यवस्थाएं की जा रही थीं। इसी दौरान होर्डिंग को लेकर कुछ लोगों ने आपत्ति जताई। देखते ही देखते होर्डिंग फाड़ दी गईं। इसी दौरान कॉरिडोर कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल के जेई नितिन सिंह से मारपीट की गई। इसके बाद मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में देर रात तक तनाव का माहौल बना रहा।



शिव मंदिर के निर्माणाधीन कॉरिडोर के पिलरों से बंधी पालिका चेयरमैन की होर्डिंग।


होर्डिंग फाड़े जाने के बाद कॉरिडोर के पिलर पर रिक्त स्थान। ● अमृत विचार

### होर्डिंग विवाद में विधायक परिवार का नाम वायरल

घटना के बाद अगले दिन सुबह से ही होर्डिंग विवाद सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। यह भी बात सामने आई की एसडीएम के सामने ही विवाद शुरू हो गया था। उस दौरान एसडीएम गोला महाशिवरात्रि की तैयारियों का जायजा लेने शिव मंदिर परिसर में गईं थीं। उधर, इस मामले में विधायक से बात करने की कोशिश की गई, लेकिन उनका मोबाइल स्विच ऑफ बताता रहा। चर्चा है कि मीडिया ने इस मामले पर सवाल उठाए, जिस पर शुरुआत में तो विधायक से बात हो गई, लेकिन बाद में उनका मोबाइल बंद हो गया।

इधर, निर्माणाधीन कॉरिडोर की कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल के जेई नितिन सिंह ने मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को दे दी है। उन्होंने पुलिस को बताया कि महाशिवरात्रि की तैयारी चल रही थी। देर रात आंबेडकर तिराहे के पास रास्ते पर पैच हो रहा था। उसे देखने के लिए शिवम चौराहा से आंबेडकर नगर तिराहे की ओर मोबाइल पर बात करते हुए जा रहा था। इतने में वहां कुछ लोग आए और घेरकर मारपीट करना शुरू कर दिया। मारपीट करने वालों ने उनका मोबाइल भी छीनकर तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों को दे दी है।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। महाशिवरात्रि जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन से ठीक एक दिन पहले हुई इस घटना ने नगर में चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन को ऐसे समय में संयम और सतर्कता बरतनी चाहिए ताकि धार्मिक आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सकें।

> शिव मंदिर परिसर में मारपीट और होर्डिंग फाड़े जाने की जानकारी मिली है। हालांकि महाशिवरात्रि की तैयारियों को लेकर वह खुद देर रात मंदिर परिसर में रही हैं, लेकिन उनके सामने ऐसा कोई विवाद नहीं आया।
>
> **-प्रतीक्षा त्रिपाठी**, एसडीएम गोला।

> देर रात्रि तक मंदिर परिसर में ही था। करीब 11 बजे भोजन करने घर आया। खाना खाने के बाद पता लगा कि उनकी होर्डिंग फाड़ दी गई है। इस पर तत्काल मौके पर पहुंचा। होर्डिंग किसने फाड़ी और क्यों? इस बाबत जानकारी नहीं है। जब मौके पर पहुंचा तो लोगों ने बताया कि परिसर में मंदिर समिति की अनुमति से ही होर्डिंग लगाई जाएंगी। पूरे मामले की जानकारी प्रशासन और पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों को दे दी गई है।
>
> **-विजय शुक्ल रिंकू**, नगर पालिकाध्यक्ष।

# कैंप में 89 हज यात्रियों का किया गया टीकाकरण

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- जामा मस्जिद थरवरनगंज के हज प्रशिक्षण केंद्र में लगा कैंप

**अमृत विचार:** हज-2026 की तैयारियों के तहत शनिवार को जामा मस्जिद थरवरनगंज स्थित हज प्रशिक्षण केंद्र पर विशेष टीकाकरण कैंप लगाया गया, जहां जिले के 89 चयनित हज यात्रियों का अनिवार्य टीकाकरण पूरा कराया गया। सुबह से ही केंद्र पर हाजियों की अच्छी मौजूदगी रही और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने व्यवस्थित तरीके से पूरी प्रक्रिया संपन्न कराई। टीकाकरण के साथ ही यात्रियों को हज यात्रा से जुड़ी जानकारी और ट्रेनिंग भी दी गई।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के निर्देशानुसार सभी 89 चयनित यात्रियों को मेनिन्जाइटिस, सीजनल इन्फ्लुएंजा और कोविड से संबंधित अनिवार्य टीके लगाए गए। उन्होंने कहा कि शाम तक पूरा टीकाकरण कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो गया और सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक रहीं। उन्होंने कहा कि हज यात्रा की अगली प्रक्रिया में शामिल होने के लिए टीकाकरण अनिवार्य है। टीकाकरण के बाद हज कमेटी के जिला ट्रेनर जामा मस्जिद के इमाम मोहम्मद इशहाक की मौजूदगी में यात्रियों को हज के दौरान पालन किए जाने वाले नियमों, इंतजाम और मुकद्दस मुकामात पर बेहतर बर्ताव से जुड़ी हिदायतें दी गईं। कैंप में चिकित्साधिकारी डॉ. एके राज, डॉ. रवि, रिमझिम, प्रियंका, रवि कश्यप, मोहम्मद आमीन अहमद, सैय्यद अफजल इमाम, विवेक कुमार, राज कुमार शर्मा आदि शामिल रहे।


टीकाकरण कराते हज यात्री। ● अमृत विचार

# ट्रैक्टर-ट्राली से कुचलकर युवक की मौत

- गांव रमुवापुर निवासी भीष्म सड़क किनारे बैठा था
- लोगों ने किया हंगामा, चालक को पीटने की कोशिश

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** थाना मितौली क्षेत्र में अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्राली ने सड़क किनारे बैठे एक युवक को कुचल दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर व ट्रॉली सड़क किनारे खाई में जाकर पलट गई। गुस्साए लोगों ने जमकर हंगामा किया और मौके पर पहुंची पुलिस की जीप में बैठे आरोपी चालक को पीटने की भी कोशिश की, हालांकि पुलिस ने किसी तरह से उसे बचाया।


हादसे के बाद पलटा ट्रैक्टर-ट्राली। ● अमृत विचार

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक गांव रमुवापुर निवासी भीष्म (28) गांव बेहड़ा में सड़क किनारे बैठा था। इसी बीच तेज रफ्तार आ रही गन्ना भरी ट्रैक्टर-ट्राली के चालक का नियंत्रण ट्रैक्टर से हट गया और ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर भीष्म को कुचलता हुआ सड़क किनारे जाकर पलट गया। इससे भीष्म की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद तमाम लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस और परिजन भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने आरोपी चालक को हिरासत में ले लिया और उसे जीप में बैठा लिया। आक्रोशित लोगों ने हंगामा कर आरोपी को पुलिस की गाड़ी से खींचकर मारपीट करने की कोशिश की, हालांकि पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर किसी तरह से स्थिति संभाली और उसे बचाया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। युवक की मौत से उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## विधानसभा घेराव को लखनऊ जाएंगे कांग्रेसी

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने कहा कि मनरेगा मुद्दा को लेकर प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर 17 फरवरी को जिले से सैकड़ों कार्यकर्ता विधानसभा घेराव को लखनऊ जाएंगे। कहा कि मनरेगा योजना में अनियमितताएं हैं। मजदूरों को समय पर काम और भुगतान नहीं मिलता। यहां जिला प्रवक्ता अमित गुप्ता, रवि तिवारी, शहर अध्यक्ष रियाज अहमद मोनू आदि मौजूद रहे।

# बोर्ड परीक्षा की निगरानी को कंट्रोल रूम स्थापित

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- मंडल के सभी जिलों में परीक्षा गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी

**अमृत विचार:** हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा को पारदर्शी, शांतिपूर्ण और नकलविहीन संपन्न कराने के लिए शिक्षा विभाग ने निगरानी तंत्र को और मजबूत किया है। परीक्षा के प्रभावी अनुश्रवण तथा त्वरित सूचना आदान-प्रदान के उद्देश्य से लखनऊ मंडल स्तर पर विशेष कंट्रोल रूम की स्थापना की है। इससे मंडल के सभी जिलों में परीक्षा गतिविधियों पर नजर रखी जा सकेगी।

संयुक्त शिक्षा निदेशक लखनऊ मंडल डॉ. प्रदीप कुमार सिंह के निर्देश पर स्थापित इस मंडलीय कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 0522-2254070 निर्धारित किया है। मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि कंट्रोल रूम 17 फरवरी से परीक्षा समाप्ति तक लगातार सक्रिय रहेगा। दोनों पालियों में होने वाली परीक्षाओं के लिए अलग-अलग कंट्रोल रूम प्रभारी एवं सदस्यों की तैनाती की गई है। मंडलीय कंट्रोल रूम खीरी सहित लखनऊ, सीतापुर, रायबरेली, उन्नाव, हरदोई जिलों में जिला विद्यालय निरीक्षकों द्वारा स्थापित मॉनिटरिंग सेल से संपर्क बनाए रखेगा। मंडलीय स्तर से सभी परीक्षा केंद्रों की लाइव स्ट्रीमिंग राज्य स्तरीय मॉनिटरिंग सेल तक अंतिम प्रश्न पत्र समाप्त होने तक बनाए रखने के निर्देश दिए हैं, ताकि परीक्षा प्रक्रिया पर प्रभावी और सतत निगरानी सुनिश्चित की जा सके।

# अपनों ने ही फाड़ा भाजपा चेयरमैन का होर्डिंग

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- मामला सोशल मीडिया पर तेजी से हो रहा है वायरल
- विधायक खेमे पर उठ रही अंगुली, चुप्पी से गहराया शक

**अमृत विचार:** शिव मंदिर परिसर में भाजपा के नगर पालिका परिषद चेयरमैन विजय शुक्ल रिंकू की होर्डिंग फाड़े जाने की घटना ने अंदरखाने सियासी जंग का रूप ले लिया है। सबसे बड़ा सवाल आखिर भाजपा के ही चेयरमैन की होर्डिंग किसने और क्यों फाड़ी? क्या विपक्ष ने यह किया, या फिर वार अपनों ने ही किया? बहरहाल, मामला तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें सत्तापक्ष के प्रभावशाली लोगों के नाम भी खुलकर वायरल हो रहे हैं, लेकिन मामले में अब सभी ने चुप्पी साध ली है।

नगर में चर्चा तेज है कि यह कोई सामान्य विवाद नहीं, बल्कि सत्ता के भीतर चल रही खींचतान का खुला प्रदर्शन है। शिवरात्रि जैसे बड़े धार्मिक आयोजन से पहले मंदिर परिसर में लगी चेयरमैन की होर्डिंग को निशाना बनाया जाना, सीधे-सीधे राजनीतिक संदेश माना जा रहा है। सवाल उठ रहे हैं कि क्या भाजपा के ही एक प्रभावशाली खेमे से जुड़े लोगों ने यह कदम उठाया, ताकि चेयरमैन की बढ़ती सक्रियता पर ब्रेक लगाया जा सके? दरअसल, छोटी काशी में शिव मंदिर कॉरिडोर निर्माणाधीन है। बताते हैं कि कॉरिडोर निर्माण करने वाली कार्यदायी संस्था के जेई नितिन सिंह के साथ मारपीट भी हुई। यानी मामला सिर्फ पोस्टर फाड़ने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि शक्ति प्रदर्शन तक जा पहुंचा। क्या यह दिखाने की कोशिश थी कि इलाके में असली ताकत किसके पास है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि होर्डिंग से किसी को आपत्ति थी तो पार्टी मंच पर बात हो सकती थी। लेकिन मंदिर परिसर में होर्डिंग फाड़ना और हंगामा करना यह दर्शाता है कि मामला व्यक्तिगत और गुटीय टकराव का है। सबसे चौंकाने वाली बात घटना के बाद से चेयरमैन विजय शुक्ल ने यह तो कहा कि उनकी होर्डिंग फाड़ दी गई, लेकिन इसके पीछे के कारण के बारे में चुप्पी साध गए, वहीं अन्य प्रभावशाली पक्ष भी मामले में खामोश है। क्या यह चुप्पी तूफान से पहले की शांति है। या फिर अंदरखाने सुलह की कोशिशें चल रही हैं।

शहर में चर्चा है कि भाजपा के भीतर ही दो खेमों की रस्साकशी अब खुलकर सामने आ गई है। शिवरात्रि की तैयारियों के बीच मंदिर परिसर को सियासी अखाड़ा बना देना, आखिर किसकी रणनीति थी। अब निगाहें पुलिस जांच पर टिकी हैं, क्या जांच सिर्फ औपचारिकता होगी या राजनीतिक एंगल की भी गहराई से पड़ताल होगी। शहर जवाब चाहता है, आखिर भाजपा के चेयरमैन की होर्डिंग से किसे इतनी तकलीफ थी।

# प्रगति 2.0 में 3 विद्यार्थी राज्य स्तर के लिए चयनित



कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार


कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित कार्यक्रम प्रगति 2.0 स्वाभिमान से सफलता की ओर में इस बार खीरी जिले के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में जिले के तीन प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर के लिए अपना स्थान पक्का किया। यह उपलब्धि जिले की शैक्षिक प्रगति का सकारात्मक संकेत मानी जा रही है। समग्र शिक्षा अभियान के तहत समग्र शिक्षा अभियान, राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का आकलन किया गया। खीरी के प्रतिभागियों ने विषय प्रस्तुति और संवाद कौशल में प्रभावी प्रदर्शन किया।

राज्य स्तर के लिए चयनित विद्यार्थियों में अनुज कुमार (उच्च प्राथमिक विद्यालय थरिया, बेहजम, छवि सिंह (कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, बेहजम) तथा मानसी त्रिवेदी (उच्च प्राथमिक विद्यालय पहाड़ापुर, लखीमपुर) शामिल हैं। चयन की घोषणा के बाद विद्यालयों में खुशी का माहौल रहा और शिक्षकों ने इसे सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने चयनित विद्यार्थियों व शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को सशक्त बनाते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि राज्य स्तर पर भी जिले के छात्र-छात्राएं उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।

## कुत्तों के हमले में 6 वर्षीय बालक हुआ घायल

**मझगई, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव गंगाबेहड़ निवासी प्रेमपाल का छह वर्षीय बेटा आदित्य दोपहर में गांव में ही विजय पाल के घर के पास से गुजर रहा था। इसी दौरान वहां झुंड में घूम रहे आवारा कुत्तों ने उसे घेरकर हमला कर दिया और उसे कई जगह काट लिया। बालक के चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और किसी तरह कुत्तों को भगाकर उसे बचाया। इसके बाद परिजन उसे तुरंत सीएचसी निघासन लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में आवारा कुत्तों की समस्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन जिम्मेदार विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों पर नियंत्रण की मांग की है।



अमृत विचार

बरेली, रविवार, 15 फरवरी 2026 | खीरी

## न्यूज ब्रीफ

### प्लॉट हड़पने व फर्जी दस्तावेज बनाने का आरोप

**सिंगाही, अमृत विचार :** नगर पंचायत सिंगाही निवासी राममूर्ति सोनी ने आरोप लगाया है कि उनकी माता के नाम स्वीकृत आवासीय प्लॉट को विपक्षियों ने साजिश कर हड़पने का प्रयास किया। आरोप है कि विपक्षी सुरेन्द्र सोनी व रामनरेश सोनी सहित अन्य लोगों ने फर्जी शपथपत्र व मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाकर प्लॉट पर कब्जा करने की कोशिश की। जब उसने इस मामले की शिकायत की तो 18 दिसंबर 2025 को आरोपी उसके घर आए और जानमाल की धमकी दी। थाना स्तर पर कार्रवाई न होने पर उसने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पीस कमेटी की बैठक में चहेतों को बुलाया

**केशवापुर, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि व आगामी त्यौहार को लेकर थाना हैदराबाद में हुई पीस कमेटी की बैठक में चहेतों को ही बुलाये जाने का आरोप कई ग्राम प्रधानों व मीडिया कर्मियों ने लगाया है। थाने पर हुई आम बैठक में किये गए इस बर्ताव को लेकर ग्राम प्रधानों व सम्भ्रांत लोगों में नाराजगी पनप रही है। पीस कमेटी की यह बैठक अब महज खानापूर्ति से ज्यादा नहीं रही। आम बैठकें होने से क्षेत्र में शांति व सौहार्द बनाए रखने में पुलिस को मदद मिलती थी, जिससे धार्मिक त्यौहार सकुशल सम्पन्न होते हैं।

### कार, ई रिक्शा की टक्कर में दो लोग घायल

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** थाना मितौली क्षेत्र के वर्मानगर गांव निवासी ई रिक्शा चालक राज किशोर (45) पुत्र रामनरेश गांव की ही फूलमती (50) पत्नी श्रीराम को ई रिक्शा में बैठाकर सिकंदराबाद जा रहे थे। तभी लापरवाही से तेज चलाते हुए एक कार चालक ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी, जिससे सड़क पर गिरकर दोनों लोग घायल हो गए, जिन्हें सीएचसी भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। कार चालक वाहन छोड़कर मौके से भाग गया।

### अधिवक्ता को फोन पर दी धमकी, केस दर्ज

**लखीमपुर खीरी,** गांव रहमतनगर मजरा मुर्तिहा निवासी अधिवक्ता सुबोधकांत वर्मा ने बताया कि उनके पिता के नाम रामपुर गोकुल में कृषि भूमि दर्ज है। आरोप है कि चकमार्ग खुलवाने के लिए एसडीएम को प्रार्थना पत्र देने के बाद पड़ोसी पक्ष रंजिश मानने लगा। शुभम ने फोन कर गाली-गलौज की और लालपुर बैरियर पर बुलाते हुए जान से मारने की धमकी दी। कॉल रिकॉर्डिंग भी उसके पास मौजूद है। सदर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच एसआई गौरव कुमार को सौंपी है।

# शिकायतों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

## समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने दिए कड़े निर्देश, थानों में सुनी गईं समस्याएं

- अधिकारियों को मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच कर निस्तारण करने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** शनिवार को सभी थानों पर समाधान दिवस आयोजित हुआ, जिसमें पुलिस व भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई की गई। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने शिकायतें सुनकर कई मामलों का मौके पर निस्तारण कराया।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने कोतवाली सदर में आयोजित समाधान दिवस में पहुंचीं, जहां उन्होंने फरियादियों से सीधे संवाद कर समस्याएं सुनीं। डीएम ने कहा कि राजस्व और पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों का निस्तारण आपसी समन्वय से किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि पुलिस व राजस्व टीमें मौके पर जाकर विवादित मामलों का समाधान करें।

गंभीर मामलों में तत्काल एसडीएम व तहसीलदार को सूचना देकर मौके पर समाधान सुनिश्चित कराया जाए। डीएम व एसपी ने फरियादियों की शिकायतें सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच कर निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा गया। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान एसडीएम सदर डॉ. अश्विनी कुमार सिंह, सीओ सिटी विवेक तिवारी, प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह सहित राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।


कोतवाली सदर में पीड़ित की शिकायत सुनतीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी डॉ. ख्याति गर्ग। ● अमृत विचार

### डीएम और एसपी ने कोतवाली सदर का निरीक्षण कर परखी व्यवस्थाएं

समाधान दिवस के बाद डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने कोतवाली सदर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। अभिलेखों की जांच के साथ मालखाना, हवालात, महिला हेल्प डेस्क, फरियादियों के बैठने की व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। एसपी ने ड्यूटी रजिस्टर व सीसीटीवी व्यवस्था की जांच की। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई व अभिलेखों के रखरखाव पर संतोष जताया। वहीं कुछ बिंदुओं पर सुधार के निर्देश भी दिए गए।

### फरियादियों के न आने से सन्नाटे में रहा थाना समाधान दिवस

भीरा, अमृत विचार : थाना समाधान दिवस पर सुबह 10 बजे से संबंधित तहसीलों गोला एवं पलिया के राजस्व कर्मचारी भूलेख निरीक्षक आदि आकर फरियादियों की प्रतीक्षा दिन के दो बजे तक करते रहे, लेकिन किसी फरियादी के न आने के कारण आपस में गपशप कर समय पास करना पड़ गया। थाना समाधान दिवसों में फरियादियों के न आने से आयोजित होने वाले यह समाधान दिवस केवल औपचारिकता बनकर रह गए हैं। इसकी वजह फरियादियों को समय पर उनकी समस्याएं हल न हो पाना भी माना जा रहा है। भूलेख निरीक्षक बृजेंद्र मिश्रा का कहना है कि इस समय शादी विवाह के साथ एसआईआर का कार्य होने के कारण फरियादियों का न आना भी एक कारण हो सकता है।

# सदन में उठेंगे सीएचसी टाउन एरिया व बस स्टैंड के मुद्दे

**पसगवां, अमृत विचारः** उप्र विधानसभा सदन में क्षेत्रीय विकास के तीन प्रमुख मुद्दे उठाए जाएंगे। बरवर में पीएचसी को उच्चीकृत करके सीएचसी करने, जंगबहादुरगंज में बस स्टैंड निर्माण और जंगबहादुरगंज को टाउन एरिया बनाने का मुद्दा सदन में उठेगा। विधायक व पंचायतीराज सभापति लोकेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि तीनों प्रमुख मुद्दे चर्चा के लिए सदन ने स्वीकार किए हैं। आगामी 18 और 19 फरवरी को विधायक का सदन में वक्तव्य होगा। जंगबहादुरगंज लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर है। यहां पर पूरी रात लम्बी दूरी की बसें चलती हैं। बाईपास बनने के कारण यात्रियों को बस वाले अक्सर कस्बे से दूर बाईपास पर उतार देते हैं। रात में यह समस्या जटिल बन जाती है। बस स्टैंड बनने से समस्या दूर हो जाएगी। अजबापुर चीनी मिल, डिस्टलरी यूनिट, सीबीजी प्लांट, डबल रेलवे ट्रैक और तीन जिलों का बार्डर प्वाइंट होने के कारण जंगबहादुरगंज का टाउन एरिया होना भी पेंडिंग है। बरवर टाउन एरिया होने के बाद भी सीएचसी से वंचित है। उसका उच्चीकृत होना स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से ग्रामीण क्षेत्र के लिए भी संजीवनी साबित होगा। लोकेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि तीनों समस्याएं उनकी प्राथमिकता में हैं।

# युवाओं ने दिया सेवा और जागरुकता का संदेश

- मतदाता जागरुकता, स्वच्छता अभियान और ऊर्जा संरक्षण पर विशेष प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की टैगोर इकाई का एकदिवसीय विशेष एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आरंभ एनएसएस लक्ष्य गीत के साथ किया गया, जिससे स्वयंसेवकों में सेवा, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित हुई।

शिविर के प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों को मतदाता जागरुकता शपथ दिलाई गई। लोकतंत्र में मतदान के महत्व को समझाया गया। इसके बाद स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। इसके बाद स्वयंसेवकों ने मोहल्ला राजगढ़ में घर-घर संपर्क कर निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की जानकारी दी। साथ ही नए मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए फॉर्म-6 और घोषणा पत्र भी वितरित किए गए। मध्याह्न विश्राम के बाद दूसरे सत्र में ऊर्जा संरक्षण और हरित ऊर्जा अपनाने के विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान रीमा यादव ने स्वयंसेवकों को तेल और गैस बचत तथा हरित ऊर्जा के महत्व के बारे में जानकारी दी। शिविर के तहत आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में लवी मौर्य ने प्रथम, अंशिका प्रजापति ने द्वितीय तथा स्वतंत्र वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हेमंत पाल ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि एनएसएस शिविर विद्यार्थियों में सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं तथा ऊर्जा संरक्षण जैसे अभियान पर्यावरण संरक्षण के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। एनएसएस प्रभारी डॉ. सौरभ वर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों को समाज और राष्ट्र के प्रति जागरूक बनाती है और ऐसे शिविर युवाओं को सकारात्मक कार्यों से जोड़ते हैं। पूर्व एनएसएस प्रभारी प्रो. सुभाष चंद्रा ने कहा कि युवा शक्ति ही देश की असली ऊर्जा है और यदि विद्यार्थी जागरूकता अभियानों से जुड़ेंगे तो समाज में बड़ा बदलाव संभव है। इस अवसर पर चीफ प्रॉक्टर डॉ. अमित सिंह, डॉ. श्वेतांक भारद्वाज, धर्म नारायण, डॉ. रचित कुमार, योगेश दुबे आदि मौजूद रहे।

# टैगोर इकाई का एनएसएस शिविर संपन्न

- शिविर में मतदान के महत्व पर डाला गया प्रकाश

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** युवराज दत्त महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) टैगोर इकाई द्वारा आयोजित एकदिवसीय विशेष शिविर सामाजिक सरोकारों और जागरुकता कार्यक्रमों के साथ उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में स्वयंसेवकों ने सेवा, स्वच्छता, लोकतांत्रिक जागरुकता और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्र निर्माण की भावना सुदृढ़ करना रहा।

शिविर की शुरुआत लक्ष्य गीत से हुई। इसके बाद स्वयंसेवकों को मतदाता जागरुकता शपथ दिलाई गई और मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला गया। महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान किया गया। जिसके बाद मोहल्ला राजगढ़ में घर-घर संपर्क कर विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की जानकारी दी गई तथा नव मतदाताओं को फॉर्म-6 वितरित किए गए। द्वितीय सत्र में सक्षम अभियान के अंतर्गत तेल एवं गैस संरक्षण तथा हरित ऊर्जा अपनाने पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें रीमा यादव ने ऊर्जा बचत के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। वाद-विवाद प्रतियोगिता में लवी मौर्य प्रथम, अंशिका प्रजापति द्वितीय और स्वतंत्र वर्मा तृतीय रहे।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हेमंत पाल एवं एनएसएस प्रभारी डॉ. सौरभ वर्मा ने शिविर की सराहना की। वहीं पूर्व एनएसएस प्रभारी प्रो. सुभाष चंद्रा ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन करते हुए युवाओं को सामाजिक अभियानों से जुड़ने का आह्वान किया।


पुनरीक्षण अभियान के दौरान मतदाता और छात्र। ● अमृत विचार

# कपड़ों की खरीददारी को लेकर दो पक्षों में मारपीट

- भारत मैरिज लॉन में लगी थीं गर्म कपड़ों की दुकानें

संवाददाता, कुकरा

**अमृत विचारः** थाना मैलानी क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस चौकी कुकरा के भारत मैरिज लॉन में खरीदारी को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में कई लोग घायल हुये हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

शुक्रवार शाम हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कुछ लोग लाठी-डंडे और फावड़े लेकर मैरिज हॉल के अंदर घुसे और दुकानदारों पर हमला करते नजर आए। बताया जाता है कि शामली जिले के कैराना निवासी मोहम्मद तालिब पुत्र नसीम और उनके साथी कासीम, अदनान, इंतजार, इशरार आदि ने भारत मैरिज लॉन में गर्म कपड़ों की दुकान लगाई थी। खरीददारी के दौरान विपक्षी अयाज पुत्र इरसाद, निवासी जादमपुर थाना खुटार जिला शाहजहांपुर और उसके साथी अतीक पुत्र रफीउल्ला, गुलाम मोहम्मद पुत्र रफीउल्ला तथा अन्य अज्ञात लोगों ने दुकान पर पहुंचकर पैसों के लेनदेन को लेकर कहासुनी की। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने लाठियों डंडों से मारपीट की, जिसमें कई दुकानदार घायल हो गए। पीड़ितों ने आरोप लगाया कि आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

दूसरी ओर आरोपी पक्ष का दावा है कि दुकानदारों ने उनके घर की महिलाओं से छेड़छाड़ की थी, जिसके कारण यह प्रतिक्रिया हुई। हालांकि दुकानदारों ने छेड़छाड़ के आरोप को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि मामला केवल रेट और खरीददारी को लेकर विवाद का था, जो मारपीट में बदल गया। थाना मैलानी पुलिस को दोनों पक्षों से तहरीर मिली है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और सीसीटीवी फुटेज तथा गवाहों के बयानों के आधार पर कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने घायल कासिम, मोहम्मद तालिब, अदनान और इसरार को सीएचसी बांकेगंज भर्ती करया, जहां से डॉक्टरों ने हालत को नाजुक देखते हुए लखीमपुर रेफर किया। वहां के डॉक्टरों ने हालत को नाजुक देखते हुए कासिम, अदनान और तालिब को लखनऊ रेफर कर दिया है, जिनकी हालत नाजुक बताई जाती है।


कुकरा में मारपीट करते लोग। ● अमृत विचार

> दोनों पक्षों को शांति व्यवस्था बनाए रखने की हिदायत दी है और जांच पड़ताल एवं डॉक्टरी रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। **-अवलीश कुमार पवार,** चौकी प्रभारी कुकरा।

# ओवरब्रिज बने तो जाम से मिले छुटकारा

- नगरवासियों की मांग, रेलवे क्रॉसिंग व आंख अस्पताल तक हो निर्माण

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचारः** नगर व क्षेत्र के नागरिक स्थानीय सिनेमा चौराहे पर दिनभर लगने वाली भारी जाम से छुटकारा पाने को अब ओवर ब्रिज की आवश्यकता महसूस करने लगे हैं। लोगों का मानना है कि ओवर ब्रिज हाइडिल के सामने से शुरू हो रेलवे लाइन और सिनेमा चौराहा क्रॉस कर प्राइवेट बस अड्डे के आगे तक और भारतीय स्टेट बैंक से आंख अस्पताल तक बनना चाहिए। इससे लोगों को दिन में बार-बार लग रही जाम की झाम से छुटकारा मिल सकेगा।

नगर के मोहल्ला काकूपुरियान निवासी सुरेश कुमार मिश्र कहते हैं कि इन दिनों सिनेमा चौराहा क्रॉस कर उस पार जाने के लिए भारी जाम से जूझना पड़ता है। दोपहिया वाहन चालक अथवा पैदल चलने वाले यदि जरा सा चूक जांय, तो दुर्घटना होने में देर नहीं लगेगी। नगर पालिका रोड पर बर्तन का व्यवसाय करने वाले राजेंद्र कुमार गुप्ता कहते हैं कि उन्हें यदि बैंक आदि के कार्यों अथवा वाहनों में पेट्रोल आदि डलवाने के लिए सिनेमा चौराहा क्रॉस करना होता है तो गन्ना भरे ओवरलोड वाहनों आदि के चलते निकलना काफी कठिन हो जाता है।

निघासन रोड पर स्थित ठक्कर बापा आश्रम के सौरभ चौबे बताते हैं कि उन्हें रोजाना बच्चे को विद्यालय छोड़ने के लिए रेलवे क्रॉसिंग और सिनेमा चौराहा पारकर दूसरी तरफ जाना होता है। चौराहे पर जाम लगने के कारण बच्चा अक्सर विद्यालय में डांट खाता रहता है। ग्राम पकरिया निवासी धर्मवीर कहते हैं कि सिनेमा चौराहे पर जाम लगने का मुख्य कारण रोड किनारे लगी दुकानें व इधर-उधर हर क्षण खड़े रहने वाले वाहन हैं। इन सबसे छुटकारा पाने के लिए यहां ओवरब्रिज बनना जरूरी है। देखना होगा कि शासन-प्रशासन इस समस्या की ओर कब ध्यान दे पाता है।


पलिया के सिनेमा चौराहे पर लगा जाम। ● अमृत विचार

# बोर्ड की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव हुए पारित

- किसानों की सुविधा और समिति की आय बढ़ाने को गन्ना विकास समिति में आयोजित की गई बैठक

संवाददाता, भीरा

**अमृत विचारः** किसानों की सुविधा और समिति की आय बढ़ाने को लेकर शनिवार को गन्ना विकास समिति भीरा की आयोजित बोर्ड बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष डॉ राकेश सिंह ने की।

बैठक में गन्ना किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए समिति परिसर में इंटरलॉकिंग कराने का प्रस्ताव रखा गया, जिसे बोर्ड डायरेक्टरों ने सर्वसम्मति से मंजूरी दी। साथ ही समिति कार्यालय के सामने पलिया रोड पर 15 दुकानों के निर्माण का प्रस्ताव पास किया। बैठक में किसानों को खाद की सुविधा के लिए भानपुर के पुराने खाद गोदाम के नवीनीकरण का प्रस्ताव रखा, जिसे बोर्ड ने अनुमोदित किया। अध्यक्ष ने सभी प्रस्तावों को स्वीकृत कर इन्हें अंतिम स्वीकृति के लिए गन्ना आयुक्त उत्तर प्रदेश को भेजने के निर्देश समिति सचिव जगपाल सिंह को दिए।

अध्यक्ष ने बताया कि दुकानों के निर्माण से समिति को किराये के रूप में अतिरिक्त आय प्राप्त होगी, वहीं स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। इंटरलॉकिंग कार्य से किसानों को खाद उठान में सुविधा के साथ परिसर की साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण भी होगा। बैठक में डॉ बच्चू सिंह, चरण पाल सिंह, सोढ़ी हरिश्चंद्र, अनिल दीक्षित, वीरेंद्र दीक्षित, मोकम सिंह आदि मौजूद थे।

# श्याम का उत्सव है भक्तों तुम्हें आना है

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- विजया एकादशी पर खाटू श्याम संकीर्तन में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**अमृत विचारः** विजया एकादशी पर कंजादेव स्थान स्थित खाटू श्याम मंदिर में हुए आध्यात्मिक संकीर्तन में श्याम भक्त झूमते, नाचते श्याम बाबा के जयकारे लगाते रहे।

नगर के मोहम्मदी रोड स्थित कंजा बाबा देवस्थान पर श्रीश्याम दीवाने सेवा समिति द्वारा आयोजित खाटू श्याम संकीर्तन में इस कार्यक्रम का आरंभ गणेश वंदना से हुआ। भजन गायक अजय गुप्ता और शिवम गुप्ता ने खाटू श्याम बाबा के मधुर भजनों मेरे श्याम का उत्सव है, भक्तों तुम्हें आना है, हारा हूं बाबा पर तुझ पर भरोसा है, सजा दो घर को गुलशन सा, हमें तो खाटू जाना है। बुलावा आए या न आए आदि पर श्याम भक्त मंत्रमुग्ध हो गए।

पुजारी संतोष पाठक ने विजया एकादशी के धार्मिक महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि यह व्रत शत्रुओं पर विजय दिलाने, भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त करने में सहायक होता है। समापन श्री खाटू श्याम बाबा की आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। समिति के अध्यक्ष दीपक राजपूत, महामंत्री अजय गुप्ता, अनिल जलोटा, अनिरुद्ध गुप्ता, शिवम गुप्ता, मीडिया प्रभारी सुधीर गुप्ता, आशुतोष रस्तोगी, बबलू जायसवाल, शिवम गुप्ता, संतोष गुप्ता, सुमित राठौर आदि सेवादार मौजूद रहे।


श्याम बाबा के संकीर्तन में मौजूद श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# एसपी की फटकार पर एक माह बाद दर्ज हुई दुष्कर्म की रिपोर्ट

- एसपी के निरीक्षण में हुआ खुलासा आरोपी इंटर्न डॉक्टर नामजद

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** करीब एक महीने लंबित रही शिकायत पर आखिरकार तब कार्रवाई हुई जब एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने कोतवाली का निरीक्षण किया। इस दौरान मामला सामने आने पर उन्होंने पुलिस को कड़ी फटकार लगाई और देरी पर नाराजगी जताई। पुलिस ने आनन-फानन में जिला अस्पताल में इंटर्नशिप करने वाले एक चिकित्सक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता ने 29 जनवरी को सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी थी और इंटर्नशिप कर रहे जिला अस्पताल के डॉक्टर पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई न कर मामले को रद्दी की टोकरी में डाल दिया। एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने जब कोतवाली सदर का मुआयना किया तो उनकी जानकारी में यह मामला आया। उन्होंने सदर कोतवाल से कड़ी नाराजगी जताई और रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई के निर्देश दिए। एसपी की सख्ती पर हरकत में आई पुलिस ने इंटर्न डॉक्टर प्रवीण राजपूत को नामजद किया है। बताया जा रहा है कि वह मूल रूप से बुलंदशहर का निवासी है और घटना के समय जिला अस्पताल में प्रशिक्षण पर तैनात था। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कह रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि शुरुआत में ही पुलिस सक्रियता दिखाती तो मामला इतना लंबा नहीं खिंचता। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह का कहना है कि जांच जारी थी।

# सख्त निगरानी में संपन्न हुई मदरसा बोर्ड परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- अंतिम दिन 696 में से 586 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

**अमृत विचारः** जिले में मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं नौ फरवरी से प्रारंभ होकर 14 फरवरी को सकुशल संपन्न हो गईं। छह दिनों तक चली इस परीक्षा प्रक्रिया के दौरान तीनों निर्धारित केंद्रों पर सुरक्षा, निगरानी और अनुशासन की व्यापक व्यवस्था रही। अंतिम दिन शनिवार को दोनों पालियों में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई और कहीं से भी किसी प्रकार की अनियमितता की सूचना नहीं मिली।

शनिवार को दोनों पालियों में कुल 696 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 586 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 110 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में 587 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 496 उपस्थित रहे और 91 अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में 109 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 90 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 19 अनुपस्थित रहे। परीक्षा शहर के आदर्श विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, शास्त्री नगर लखीमपुर, टीकेज पब्लिक इंटर कॉलेज गोला, तथा सीताराम मनवार पब्लिक इंटर कॉलेज, धौरहरा में आयोजित कराई गई। पूरे परीक्षा काल में केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों और सचल दल से निगरानी रखी गई।

अंतिम दिन की परीक्षा समाप्त होने के बाद केंद्रों के बाहर परीक्षार्थियों में उत्साह देखा गया। परीक्षा देकर बाहर निकलते छात्र-छात्राओं के चेहरों पर मुस्कान नजर आईं। इस बाबत जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित कुमार सिंह ने बताया कि छह दिन तक आयोजित परीक्षाएं पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हुईं। उन्होंने कहा कि विभाग की ओर से नकलविहीन परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष सतर्कता बरती गई और सभी केंद्रों पर अनुशासन बनाए रखा गया। परीक्षा संचालन में सहयोग करने वाले केंद्र व्यवस्थापकों, पर्यवेक्षकों एवं कर्मचारियों की भूमिका सराहनीय रही।


आदर्श विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से परीक्षा देकर निकलते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

# पृथ्वी पर अत्याचार बढ़ने पर होता है भगवान का अवतरण

संवाददाता, पलिया कलां

- मोहल्ला काकूपुरियान में शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा

**अमृत विचारः** नगर के मोहल्ला काकूपुरियान में शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा में कन्नौज से आए भागवताचार्य पंडित बृजेश पाठक ने मुख्य यजमान आशीष अग्निहोत्री से पूजन- अर्चन कराकर भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न लीलाओं की कथा का श्रोताओं को खूब रसपान कराया।

उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर दुष्प्रवृत्ति वाले आतताइयों का अत्याचार जब अधिक बढ़ जाता है। सामान्यजन से लेकर देवता तक और पशुओं से लेकर नभचर और जलचर तक त्राहि-त्राहि करने लगते हैं, तब भगवान को धरती पर अवतार लेना पड़ता है। द्वापर युग में जब राक्षसराज कंस का आतंक चारों ओर अधिक बढ़ गया, तब भगवान को कृष्ण के रूप में धरती पर अवतरित होना पड़ा। उन्होंने भीष्म पितामह, अश्वत्थामा ,विदुर जी व शवरी आदि से जुड़े भगवान के कई रोचक प्रसंग भी सुनाए। इस अवसर पर नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष अनूप कुमार मिश्रा, शिवम अग्निहोत्री, मुन्ना मिश्रा, धनेंद्र शुक्ला, वरुण मिश्रा, अनुज शुक्ला वीटू, आदर्श अग्रवाल सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।


पंडित बृजेश पाठक।

### न्यूज ब्रीफ

## किशोरी अभी तक नहीं हुई बरामद

**पसगवां, अमृत विचार :** एक गांव निवासी की 15 वर्षीय किशोरी को 25 जनवरी 2026 शाम सात बजे गांव का रिंकू बहला फुसलाकर कर भगा ले गया। गांव के ही लालू और मोनू ने लड़की को भगवाने में मदद की है। लेकिन पुलिस बालिका को बरामद नहीं कर सकी है। पीड़ित पिता ने एसपी को दिए गए शिकायत पत्र में बताया कि उसने प्रार्थना पत्र जो लिखकर दिया था उसे बाद में बदलवा दिया गया। नाबालिग होने के बाद भी पास्को एक्ट की धारा नहीं लगाई गई। पीड़ित पिता ने एसपी को शिकायती पत्र देकर आरोपियों को गिरफ्तार करने और भगाई गई बालिका को बरामद करने की मांग की है।

## दोपहर दो बजे से लागू होगा ट्रैफिक डायवर्जन

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि को लेकर भीड़ और जाम की स्थिति से बचने के लिए 15 फरवरी दोपहर 2 बजे से रात 12 बजे तक शहर में ट्रैफिक डायवर्जन लागू रहेगा। यह व्यवस्था खास तौर पर शहर के मेला क्षेत्र, मंदिर मार्ग और भीड़भाड़ वाले चौराहों पर लागू की जाएगी। आपात सेवाओं की निर्बाध आवाजाही रहेगी।

**इन मार्गों पर रहेगा डायवर्जन**

- गढ़ी रोड स्थित निर्माणाधीन पेट्रोल पंप के पास से मेला मैदान की ओर वाहनों का आवागमन बंद रहेगा।
- सैधरी तिराहा से महेवा गंज की ओर से आने वाले वाहनों को गढ़ी रोड की ओर डायवर्ट किया जाएगा।
- संकटा देवी चौराहा से मेला मैदान की ओर ई-रिक्शा व चार पहिया वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।
- एलआरपी चौराहा से बड़े वाहन हीरालाल धर्मशाला रेलवे स्टेशन फ्लाईओवर की ओर नहीं जाएंगे।
- विलोबी हाल तिराहा से ई-रिक्शा व चार पहिया वाहन हमदर्द तिराहा की ओर नहीं जा सकेंगे।
- अस्पताल रोड तिराहा से वाहन गुरुनानक चौक की ओर जाएंगे, सदर चौराहा की ओर नहीं।
- हीरालाल धर्मशाला से ई-रिक्शा व चार पहिया वाहन सदर चौराहा की ओर नहीं जाएंगे।
- सदर चौराहा, मिश्राना चौराहा व इमली तिराहा की ओर छोटे वाहन का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

## पड़ोसी पर मारपीट और लूट का आरोप

**जैतीपुर, अमृत विचार :** नवादा मोड़ पुलिस चौकी पर बरेली के फतेहगंज पूर्वी मोहल्ला लेखपाल कॉलोनी निवासी विनीता देवी ने प्रार्थना पत्र देकर पड़ोसी पर पति के साथ मारपीट कर सोने की चेन, अंगूठी और एक लाख रुपये छीनने का आरोप लगाया है। उन्होंने पुलिस से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

# जीरो टॉलरेंस पर काम करें अधिकारी

### अपराध समीक्षा बैठक में बोलीं एसपी, महिला अपराध, माफिया व टॉप-10 अपराधियों पर रहे नजर

- **त्योहारों को लेकर पुलिस को अलर्ट रहने का आदेश**

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



अपराध समीक्षा बैठक में दिशा-निर्देश देती एसपी डॉ. ख्याति गर्ग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने पुलिस लाइन सभागार कक्ष में आयोजित मासिक अपराध गोष्ठी में जिले की कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण की समीक्षा की। उन्होंने दो टूक कहा कि पुलिस अधिकारी सरकार की मंशा के अनुरूप जीरो टॉलरेंस पर काम करेंगे। गंभीर मामलों का शीघ्र निस्तारण कराया जाए।

एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने थानावार हत्या, लूट, चोरी जैसे गंभीर अपराधों की समीक्षा की। लंबित मामलों का जल्द निस्तारण करने और वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

महिला अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, शातिर अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोलने, शराब माफियाओं पर गैंगस्टर कार्रवाई, गुंडा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट व एनएसए के तहत कार्रवाई तेज करने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही जन शिकायतों का त्वरित व निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में अवैध शराब, अवैध शस्त्र, जुआ और मादक पदार्थों के खिलाफ लगातार अभियान चलाने, जमानत पर छूटे अपराधियों की जमानत निरस्त कराने तथा धार्मिक विवादों में तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसके अलावा थाना परिसर की साफ-सफाई, खड़े वाहनों का निस्तारण, साइबर अपराध पर कार्रवाई, महिला हेल्प डेस्क को सक्रिय रखने और टॉप-10 अपराधियों की लगातार समीक्षा करने पर जोर दिया गया।

बैठक के अंत में सभी पुलिस कर्मियों को जनता से बेहतर व्यवहार, पीड़ितों की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण और आगामी त्योहारों को देखते हुए मजबूत पुलिस प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही जीरो टॉलरेंस नीति पर ईमानदारी और लगन से कार्य करने की सख्त हिदायत दी गई। महिला अपराधों को विशेष संवेदनशीलता के साथ लेने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा जमानत पर बाहर आए अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखने और जरूरत पड़ने पर उनकी जमानत निरस्त कराने की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए गए। धार्मिक विवादों के मामलों में तुरंत कार्रवाई करने और उच्चाधिकारियों को तत्काल सूचना देने पर विशेष जोर दिया गया।

आगामी त्योहारों को देखते हुए पुलिस बल को विशेष रूप से सतर्क रहने के निर्देश दिए गए। एसपी ने कहा कि संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए और किसी भी स्थिति में कानून-व्यवस्था प्रभावित न होने दी जाए। बैठक के अंत में सभी पुलिस कर्मियों को जनता के साथ बेहतर व्यवहार करने, पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता से सुनने और उनका त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए गए। बैठक में एएसपी पूर्वी पवन गौतम, एएसपी पश्चिम अमित, सीओ सिटी विवेक तिवारी समेत सभी सीओ, प्रभारी निरीक्षक और थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

## किशोरियों पर फब्तियां कसने वाले मनचले नहीं हुए गिरफ्तार

**पसगवां, अमृत विचार:** उचौलिया थाना क्षेत्र के एक गांव की दो किशोरियां पसगवां में कोचिंग पढ़ने आती थीं। तीन फरवरी को दोनों कोचिंग पढ़कर पैदल अपने घर जा रही थीं। पसगवां में शारदा नहर पुल पर बाइक सवार मनचलों ने फब्तियां कसीं और छेड़छाड़ का प्रयास किया तो दोनों तेज गति से भागीं। इसी बीच थोड़ी दूर पर गांव मढ़िया में लोग एकत्र हो गए। यह गांव थाना उचौलिया में आता है। लोगों के एकत्रित होने पर आरोपी बाइक छोड़कर भाग गए। घटना क्षेत्र को लेकर उचौलिया और पसगवां पुलिस एक-दूसरे पर टालती रही। भुक्तभोगी परिजन दोनों थानों के चक्कर लगाते रहे। बाद में पसगवां पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपी रचित यादव, कंचन यादव, मोहित यादव और मुबारिक अभी पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पाई है। छोड़ी गई बाइक पुलिस कस्टडी में है। दोनों किशोरियां की कोचिंग छूट गई है और 18 से बोर्ड की परीक्षाएं हैं। पीड़ित पिता परेशान हैं। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि बोर्ड की परीक्षा और तैयारियों को लेकर किशोरियां बयान देने को अभी तैयार नहीं हैं। उन्होंने लिखकर दिया है। आरोपी फरार हैं। उन्हें जल्दी पकड़ा जाएगा।

## क्षेत्र पंचायत निधि से बना अमृत सरोवर हुआ क्षतिग्रस्त


कैमहरा के अमृत सरोवर कर धंसी सड़क और सूखा पड़ा तालाब। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलहरी

- **कैमहरा गांव में बना अमृत सरोवर चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट**

"इस अमृत सरोवर का निर्माण क्षेत्र पंचायत निधि से कराया गया था। इससे ग्राम पंचायत का कोई लेना देना नहीं है। -अजहरुद्दीन अंसारी, ग्राम प्रधान बिलहरी कैमहरा"

"इस तालाब का निर्माण क्षेत्र पंचायत निधि से हुआ था। यदि समय से पहले छतिग्रस्त हो गया है तो इसकी जांच कराई जाएगी। -अवनीश त्रिपाठी, एडीओ पंचायत ब्लाक कुम्भी गोला"

**अमृत विचार:** गोला तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत बिलहरी के गांव कैमहरा में क्षेत्र पंचायत निधि से बना अमृत सरोवर देखरेख के अभाव में क्षतिग्रस्त हो गया है।

ग्रामीण कृष्ण कुमार बाजपेई, प्रवीण, अनुज वाजपेयी, कल्लू, सरबर, मोहसिन, सत्यम मिश्र, ऐहसान खान, असलम खान ने बताया कि वर्ष 2023-24 में दस लाख रुपये की लागत से क्षेत्र पंचायत निधि से बने तालाब में मानकों की अनदेखी की गई है, जिसके चलते दो ही साल में इसकी सड़कें मिट्टी में धंस जाने से क्षतिग्रस्त हो गई हैं। इसका मेन गेट और बाउंड्री वाल भी भरभरा के गिर गये है। इसमें ग्रामीणों के बैठने के लिये सीमेन्टेड सीटें लगाई गई थी वह भी पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गई है। तालाब में एक बूंद तक पानी नहीं है। जो कि भरपूर भृष्टाचार की ओर इंगित कर रहा है।

# महाशिवरात्रि आज: छोटी काशी में होगा विशेष आयोजन

- **विद्युत झालरों से सजे शिवालय हजारों रुद्राक्षों की मालाओं से निर्मित भव्य शिवलिंग का किया जाएगा पूजन**

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


महाशिवरात्रि को लेकर सजी बाजार की मेन रोड।


गोला में पार्थिव शिवलिंग बनाते आचार्य पं. रामदेव शास्त्री।

**अमृत विचार:** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक के सभी शिवालयों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। सुबह से ही श्रद्धालु शिवालयों में पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना करेंगे। उधर छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ में हजारों रुद्राक्षों की मालाओं से निर्मित भव्य शिवलिंग का पूजन होगा। रात्रि में पूजन के बाद अगले दिन रुद्राक्षों का निःशुल्क वितरण किया जाएगा।

शहर के भुइफोरवानाथ मंदिर, दुखहरण नाथ मंदिर, टेढ़ेनाथ मंदिर, जंगली नाथ मंदिर आदि शिव मंदिरों को बड़े ही आकर्षक ढंग से बिजली की झालरों से सजाया गया। पूजा-अर्चना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दुखहरण नाथ मंदिर के पुजारी ओमप्रकाश मिश्र ने बताया कि सुबह आठ बजे धर्म ध्वजारोहण व सामूहिक सुंदरकांड पाठ होगा। सुबह दस बजे महिला संगीत का कार्यक्रम आयोजित होगा। दोपहर 1 बजे से शाम पांच बजे तक बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण होगा। शाम 6 बजे सामूहिक हवन और प्रसाद वितरण कराया जाएगा। शहर में भव्य शिव बारात भी निकाली जाएगी। इसको लेकर शिव बारात मार्ग को आकर्षक झालरों से सजाया गया है।

**गोला गोकर्णनाथ।** छोटी काशी में महाशिवरात्रि पर्व पर नीलकंठ मैदान में रात्रि में विशेष पूजा होगी। हजारों रुद्राक्षों से निर्मित अद्भुत शिवलिंग का 251 श्रद्धालु रात भर रुद्राभिषेक करेंगे। मां कात्यायनी सेवा समिति के अध्यक्ष आचार्य रामदेव शास्त्री ने बताया कि महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर दिव्य एवं भव्य त्रयोदश महारुद्राभिषेक एवं पार्थिव शिवलिंग पूजन का आयोजन किया जाएगा। आयोजन 15 फरवरी रविवार रात्रि 9 बजे से प्रारंभ होकर सोमवार प्रातः 4 बजे तक चलेगा। पार्थिव शिवलिंग शुद्ध मिट्टी से बनाए जा रहे हैं। यजमान, श्रद्धालु के पूरी रात्रि ॐ नमः शिवाय और रुद्र मंत्रों का उच्चारण से वातावरण शिवमय रहेगा।

### पूजन का है आध्यात्मिक लाभ

आचार्य शास्त्री ने बताया कि पार्थिव शिवलिंग पूजन को अत्यंत फलदायी माना गया है। शास्त्रों के अनुसार इस पूजन से जाने अनजाने हुए पापों का नाश होता है। मनोकामनाओं की पूर्ति होती है, रोग, शोक और भय से मुक्ति मिलती है। सुख, समृद्धि और शांति की प्राप्ति होती है। जीवन में आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है। महाशिवरात्रि की रात्रि में किया गया रुद्राभिषेक हजार गुना फलदायी माना गया है।

## गोला में भारी वाहन नहीं करेंगे प्रवेश, ट्रैफिक डायवर्जन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** छोटी काशी गोला स्थित प्राचीन शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर करीब 70 से 80 हजार श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसको देखते हुए पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए हैं। यातायात पुलिस ने शनिवार की शाम 7 बजे से यातायात व्यवस्था और डायवर्जन प्लान लागू कर दिया है। एडवाइजरी के अनुसार 14 फरवरी की शाम 7 बजे से डायवर्जन लागू हुआ है, जो आज यानी रविवार की 24 :00 बजे तक प्रभावी रहेगा। इस दौरान भारी वाहनों का गोला नगर में प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने बताया कि लखीमपुर, शाहजहांपुर, खुटार की ओर से मोहम्मदी जाने वाले वाहन रिलायंस पेट्रोल पंप से गोला नगर में न जाकर बाईपास से गुजरेंगे। मोहम्मदी की तरफ से आने वाले वाहन मोहम्मदी बाईपास चौराहे से लखीमपुर, खुटार की ओर डायवर्ट किए जाएंगे। खुटार से लखीमपुर, मोहम्मदी आने वाले वाहन बाईपास मार्ग से होकर जाएंगे। अलीगंज की ओर से आने वाले वाहनों को नवीन मंडी एफसीआई गोदाम तिराहा से भूतनाथ रोड होते हुए डायवर्ट किया जाएगा। रोडवेज बसों का संचालन मोहम्मदी बाईपास (नया बाईपास) से होगा, कोई भी बस गोला नगर क्षेत्र में प्रवेश नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करें। गन्ना लेकर आने वाले किसानों से अनुरोध किया कि 15 फरवरी को संभावित भीड़ को देखते हुए दिन के समय गन्ना लाने से बचें। 14 फरवरी शाम 8 बजे से 15 फरवरी रात्रि 24 :00 बजे तक गोला नगर के अंदर ई-रिक्शा संचालन भी प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही सदर चौराहा से छोटा चौराहा/शिवम चौराहा तक सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्णतः निषिद्ध रहेगा, केवल श्रद्धालुओं को पैदल जाने की अनुमति होगी।

### शिवरात्रि पर्व पर लगेगा मेला

**संपूर्णानगर, अमृत विचार :** भानपुरी खजुरिया में इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व पर मेला लगेगा। इसको लेकर प्राचीन शिव मंदिर पर साफ सफाई सजावट को अंतिम रूप दिया गया। मेले में बच्चों के लिए झूले, खिलौने आदि की करीब एक हजार दुकानें लग रही है। सीओ जितेंद्र सिंह परिहार ने थाना प्रभारी कृष्ण कुमार के साथ मंदिर का निरीक्षण कर कार्यक्रम की रूप रेखा पर वार्ता की। कमेटी अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा ने बताया कि मंदिर पर साज सज्जा सजावट का कार्य पूरा हो चुका है। रविवार को सुबह से पूजा अर्चना भजन कीर्तन होंगे। इस दौरान सदस्य सत्यपाल गुप्ता, जुगेश जायसवाल, अनिल गुप्ता, ऋषिकेश सिंह, उमेश खरवार रामा शंकर अनुप गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### इन स्थानों पर खड़े होंगे वाहन

- पशु बाजार रिलायंस पंप के पास (सभी प्रकार के वाहन)
- मंडी समिति गोला (सभी प्रकार के वाहन)
- मिल ग्राउंड पार्किंग
- पब्लिक इंटर कॉलेज गोला (दो पहिया वाहन)
- राजेंद्र गिरि स्टेडियम पार्किंग (दो पहिया वाहन)
- कृषक समाज इंटर कॉलेज पार्किंग (दो पहिया वाहन)
- रोडवेज बसों के लिए मोहम्मदी बाईपास स्थित अव्वल राइस मिल के अंदर व्यवस्था

# अब्दुल कलाम स्मृति में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

- **विद्यार्थियों के वैज्ञानिक मॉडलों सामाजिक विज्ञान प्रोजेक्ट्स एवं क्राफ्ट प्रदर्शनों की प्रशंसा की**

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


वैज्ञानिक मॉडलों को देखते जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक सुनील कुमार मिश्रा।

**अमृत विचार:** सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज में पूर्व राष्ट्रपति एवं महान वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पावन स्मृति में आयोजित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम स्मृति विज्ञान प्रदर्शनी तथा सामाजिक विज्ञान एवं क्राफ्ट प्रदर्शनी सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

मुख्य अतिथि जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक सुनील कुमार मिश्रा रहे। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत वैज्ञानिक मॉडलों, सामाजिक विज्ञान प्रोजेक्ट्स एवं क्राफ्ट प्रदर्शनों का अवलोकन कर उनकी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की शैक्षिक प्रदर्शनी विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, अनुसंधान की भावना एवं रचनात्मक सोच को विकसित करती है। उन्होंने विद्यार्थियों को डॉ. कलाम के जीवन से प्रेरणा लेते हुए बड़े लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करने का संदेश दिया।

प्रदर्शनी में नवीकरणीय ऊर्जा, जल संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा, डिजिटल तकनीक, अंतरिक्ष विज्ञान, भारतीय संस्कृति, संविधान, महिला सशक्तिकरण एवं सतत विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आधारित आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत किए गए।

जूनियर एवं सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधक विशाल सेठ, प्रबंध संचालिका लेखनी सेठ एवं प्रधानाचार्य धीरेंद्र सिंह ने कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता जताई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक, शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# एसआईआर नोटिसः दस्तावेज लेकर पहुंचे ग्रामीण

संवाददाता, फूलबेहड़

**अमृत विचार:** विकास खंड फूलबेहड़ क्षेत्र की ग्राम पंचायत हजरतपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय सकरन शनिवार को एसआईआ के तहत जारी नोटिसों पर सुनवाई आयोजित की गई। सुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण अपने-अपने दस्तावेजों के साथ मौके पर पहुंचे और अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं।

ग्रामीणों के अनुसार उन्हें बीएलओ द्वारा नोटिस जारी किए गए थे, जिनके निस्तारण के लिए तय तिथि पर विद्यालय में सुनवाई रखी गई थी। सुनवाई में अरफाक अली, तालिब अली, अनिल कुमार, तबस्सुम, रुकसाद अली सहित कई ग्रामीण सुबह से ही विद्यालय परिसर में एकत्र हो गए। ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित बीएलओ प्रिया श्रीवास्तव कुछ समय तक उपस्थित रहीं, लेकिन बाद में वहां से चली गईं, जिससे लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ा। कई ग्रामीणों ने बताया कि दूर-दराज से आने के बावजूद उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ा। सुनवाई की ड्यूटी पर तैनात गन्ना निरीक्षक राजीव गंगवार ने बताया कि जिन व्यक्तियों को नोटिस जारी हुए हैं, उनके दस्तावेज लेकर नियमानुसार जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी मामलों का निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से निस्तारण किया जाएगा। जनसुनवाई में उमड़ी भीड़ यह दर्शाती है कि ग्रामीण अपने अधिकारों और अभिलेखों को लेकर जागरूक हैं। हालांकि, व्यवस्था में आई कमी को लेकर लोगों में नाराजगी भी देखने को मिली। अब देखना यह होगा कि संबंधित मामलों का निस्तारण कितनी शीघ्रता और पारदर्शिता के साथ किया जाता है।


एसआईआर नोटिस पर सुनवाई करते अधिकारी। ● अमृत विचार

## बुजुर्ग मां से मारपीट, जान से मारने की धमकी

**कुरिया कला, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम मल्हपुर में घरेलू विवाद के चलते बुजुर्ग महिला से मारपीट और जान से मारने की धमकी का मामला सामने आया है। पीड़िता नन्ही बिटिया पत्नी उपदेश ने थाना कांट में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसका बड़ा बेटा अश्विनी कुमार उर्फ मोनू तथा उसकी पत्नी अपूर्वा, जो मल्हपुर ब्लॉक कांट में पंचायत सहायक के पद पर तैनात हैं, अक्सर उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट करते हैं। पीड़िता के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब 8 :30 बजे अपूर्वा ने अपने पति के साथ मिलकर अपशब्द कहे। विरोध करने पर दोनों ने लात-घूंसों से मारपीट की। दोनों ने जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# डायग्नोस्टिक सेंटर में मारपीट मामले में केस दर्ज

- **कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने की कार्रवाई**

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र में डायग्नोस्टिक सेंटर साझेदारी विवाद को लेकर हुई मारपीट, धमकी और धन हड़पने के मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मोहम्मदी निवासी सैय्यद यासर अली ने एसीजेएम न्यायालय मोहम्मदी में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि वह करीब 10 वर्षों से आई हॉस्पिटल संचालित कर रहे हैं। वर्ष 2024 में उन्होंने साझेदारी में डायग्नोस्टिक सेंटर शुरू किया था। आरोप है कि साझेदार आशीष मिश्र ने सेंटर बंद होने के बाद मशीनें व फर्नीचर चोरी-छिपे हटाकर दूसरी जगह सेंटर शुरू कर लिया और लगभग 4.50 लाख रुपये भी वापस नहीं किए।

शिकायत में यह भी आरोप लगाया कि 21 दिसंबर 2025 को आरोपी दो अज्ञात साथियों के साथ हॉस्पिटल पहुंचा, गाली-गलौज की, जान से मारने की धमकी दी और मारपीट व तोड़फोड़ की। थाना स्तर पर कार्रवाई न होने पर उसने एसपी को भी प्रार्थना पत्र भेजा, लेकिन कार्रवाई न होने पर न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कच्ची दीवार गिरने से युवक की मौत, दूसरा घायल

- **हादसे के बाद गांव में पसरा मातम, जांच में जुटी पुलिस**

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


घटनास्थल पर लगी भीड़ व मौजूद पुलिस। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** थाना ईसानगर क्षेत्र के मिश्रगांव जमदरी में शनिवार को जर्जर कच्ची दीवार अचानक गिरने से मलबे में दबकर एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

शनिवार दोपहर करीब 2 बजे गांव निवासी बेचई (21) पुत्र मोहन और सुनील (18) पुत्र मिश्री लाल बदलू की कच्ची दीवार के पास चारपाई पर बैठकर धूप सेंक रहे थे। इसी दौरान अचानक जर्जर दीवार भरभराकर गिर गई और दोनों युवक मलबे में दब गए।

हादसे में बेचई की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सुनील गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को अस्पताल भेजा गया, जहां उसका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष निर्मल तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए घटना की जांच शुरू कर दी। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजन और ग्रामीण इस हादसे से गहरे सदमे में हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जर्जर कच्चे मकानों और दीवारों के कारण इस तरह के हादसों का खतरा हमेशा बना रहता है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**
मैने अपना नाम रविन्द्र कुमार खण्डेलवाल (Ravindra Kumar Khandelwal) से बदलकर रमेश चन्द्र खण्डेलवाल (Ramesh Chandra Khandelwal) कर लिया है, भविष्य में, मुझे रमेश चन्द्र खण्डेलवाल नाम से जाना/पहचाना जाए। रमेश चन्द्र खण्डेलवाल पुत्र स्व.श्री राम निवास खण्डेलवाल निवासी- म.नं. 83, हीरो होण्डा वर्कशाप वाली गली, सिविल लाइन्स बरेली (उ.प्र.)

**परिचय सम्मेलन**
श्री अग्रवाल सभा कल्याण सोसायटी (रजि.) बरेली द्वारा आयोजित अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन दिनांक 17-18 मार्च 2026 शीघ्र पंजीयन करायें। सम्पर्क :- 9897181723, 9412466473, 9927047430, 9412048528, 9927833351, 9927324855

**आवश्यकता है**
लोहे/स्टील के कार्य हेतु अनुभवी व्यक्ति की जिसको लोहा खरीदने, बेचने, बिल बनाने, स्टाक रजिस्टर बनाने का अनुभव हो।
वेतन योग्यतानुसार
श्रीवर्धमान स्टील
निकट आदर्श धर्मकांटा, प्रेम नगर, बरेली
9411011666

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरे पति रामबाबू की मृत्यु दि. 13.01.2025 को हो चुकी है। इनके नाम से आवासीय मकान खसरा नं. 196 ग्राम कांधरपुर तह. व जिला बरेली में है। इस संपत्ति पर पीरामल फाइनेंस लि. से लोन चल रहा था जो कि पूरा हो चुका है। इस सम्पत्ति के कागज श्रीमती शिमला देवी पत्नी स्व. रामबाबू को पीरामल फाइनेंस लि. से छुड़ाने हैं। श्रीमती शिमला देवी पत्नी स्व. रामबाबू नि. खसरा नं. 196 ग्राम कांधरपुर, तह. व जिला बरेली

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रंजीत पुत्र सर्वेश कुमार एक आवासीय मकान जो कि खेत नं. 111 व 112 ग्राम मौजमपुर वाहरचुंगी तह. तिलहर जिला शाहजहांपुर रकबा 83.58 वर्गमी. तथा इसका मूल बैनामा जिसके विक्रेता श्रीमती फात्मा पत्नी सरदार हुसैन के द्वारा वीरवती पत्नी खेमकरन के पक्ष में निष्पादित हुआ है जिसका पुस्तक संख्या 1 खण्ड संख्या 3454 के पृष्ठ 1-12 क्रमांक 6669 पर दिनांक 5.11.2008 का मूल बैनामा खो गया है जिसकी एफ.आई.आर. दिनांक 11.02.2026 को करा दी है। सोनू सिंह एड सेवा गृह ऋण लि. 9324585756

**आवश्यकता**
मनमीत नगर महाविद्यालय, जगदेवपुर भीरा-खीरी को एम.ए. (कला संकाय) सहायक आचार्य 02 पद, (गृह-विज्ञान 01 पद, हिन्दी साहित्य 01 पद एवं बी.एड. शिक्षा संकाय विभागाध्यक्ष 01 पद) (योग्यता व वेतन यू.जी.सी. के मानकानुसार) आवेदन 10 दिन के अन्दर प्रस्तुत करें।
सम्पर्क सूत्र:- 7080844848, 7080223332
ई-मेल- mnmv21@gmail.com

**आवश्यकता**
मनमीत नगर लॉ कॉलेज जगदेवपुर भीरा-लखीमपुर-खीरी को एल.एल.बी. (विधि संकाय) सहायक आचार्य 05 पद (योग्यता व वेतन यू.जी.सी. के मानकानुसार) आवेदन 10 दिन के अन्दर प्रस्तुत करें।
सम्पर्क सूत्र:- 7080844848, 7080223332
ई-मेल- manmeetnagar37@gmail.com

### न्यूज ब्रीफ

## शादी में पहुंचकर की अभद्रता

**बरेली, अमृत विचार :** ऊधमसिंह नगर के किच्छा निवासी युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बीती 12 फरवरी को अपने चाचा के यहां शादी में शामिल होने बरेली आई थी। आरोप है कि किच्छा निवासी कासिफ (25) उसका पीछा करते हुए बरेली पहुंच गया और 13 फरवरी की रात करीब दो बजे शादी हॉल में घुसकर उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। युवती के विरोध और शोर मचाने पर समारोह में मौजूद लोगों ने उसे आरोपी के चंगुल से छुड़ाया। आरोप है कि इस दौरान कासिफ ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता के मुताबिक आरोपी के खिलाफ पहले भी ऊधमसिंहनगर में मुकदमा दर्ज कराया जा चुका है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## माता की मूर्ति तोड़ने का आरोपी गिरफ्तार

**कादरचौक, अमृत विचार :** कादरचौक पुलिस ने क्षेत्र के गांव नरायन नगला के मंदिर में मूर्तियां तोड़ने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गांव निवासी बाबूराम पुत्र केशरी लाल ने मंदिर में काली माता की मूर्ति तोड़ दी थी। पुलिस ने मामला दर्ज किया था। थानाध्यक्ष विक्रम सिंह ने बताया कि आरोपी को पकड़कर जेल भेजा गया है।

# भारतीय व्यापार महोत्सव में स्टॉल लगाकर उत्पाद का प्रचार करें व्यापारी

### एक से चार मई तक दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित होगा व्यापार महोत्सव

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**



एसएसडी प्लाजा स्थित एक रेस्टोरेंट में प्रेसवार्ता करते पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष युवा सुनील खत्री।

- पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग एवं प्रदेश अध्यक्ष युवा सुनील खत्री सहित कई पदाधिकारियों को मिली जिम्मेदारी

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ की ओर से दिल्ली के प्रगति मैदान में एक से 4 मई तक आयोजित होने वाले भारतीय व्यापार महोत्सव के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को भी जिम्मेदारी मिली है। शनिवार दोपहर एसएसडी प्लाजा के एक रेस्टोरेंट में प्रेस से वार्ता करते हुए पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष युवा सुनील खत्री ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास को महोत्सव का सदस्य घोषित किया है। उनके नेतृत्व में महोत्सव के लिए सुनील खत्री समेत 13 मुख्य पदाधिकारियों को विशेष जिम्मेदारी दी गयी है।

व्यापारियों को स्टॉल लगाने से लेकर महोत्सव के संबंध में जानकारी साझा करने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। इससे व्यापारियों के स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार मिलने में आसानी होगी। प्रदेशभर के व्यापारी ज्यादा से ज्यादा अपने स्टाल लगाकर देश-विदेश तक अपने प्रोडक्ट का प्रचारित कर सकेंगे।

अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन घनश्याम दास गर्ग ही संगठन के प्रदेश अध्यक्ष हैं। प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग एवं प्रदेश महामंत्री तिलक राज अरोड़ा ने सभी जिलों के प्रमुख व्यापारियों को मेले में स्वदेशी उत्पाद का स्टाल लगाने का आह्वान किया है। बरेली एवं आसपास के जिले के उद्यमी एवं व्यापारी महोत्सव में स्टॉल लगाने के लिए संपर्क कर सकते हैं।

प्रेस वार्ता में कानूनी सलाहकार एडवोकेट शांतनु मिश्रा, संरक्षक धीरज सक्सेना, आजाद नवी, विजय कुमार सक्सेना, प्रवीण कुमार, मनोज देवल, कार्तिक चौधरी, ऋतिक भास्कर आदि मौजूद रहे।

## कैरियर डे: विद्यार्थियों ने सीखे उद्यमिता के गुर

**बिल्सी, अमृत विचार :** फ्यूचर लीडर्स स्कूल में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से 'कैरियर डे' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ईडीआईएक्स फाउंडेशन की ओर से मार्गदर्शन सत्र आयोजित हुआ, जिसमें कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों को उद्यमिता और सामाजिक उद्यमिता के महत्व को समझाया गया। ईडीआईएक्स फाउंडेशन के संस्थापक आशीष साहू एवं शैलेश साहू ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि नवीन सोच, रचनात्मकता और आत्मविश्वास के बल पर वे न केवल सफल उद्यमी बन सकते हैं, बल्कि समाज की समस्याओं का समाधान कर सकारात्मक बदलाव भी ला सकते हैं। सत्र के दौरान स्टार्टअप की अवधारणा, जोखिम प्रबंधन और नेतृत्व क्षमता जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। डायरेक्टर वीपी सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में आत्मनिर्भरता और नवाचार की भावना विकसित करते हैं। प्रधानाचार्य रविन्द्र सिंह ने जोर दिया कि 'करियर डे' जैसे आयोजन छात्रों को सही दिशा देते हैं। इस मौके पर एमडी राहुल कुमार सिंह, एकेडमिक हेड सीके शर्मा आदि थे।

# हाईवे कट पर ट्रेवर्स बार मार्किंग करना शुरू


पावर हाउस कट के पास ट्रेवर्स बार मार्किंग करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

- लगातार दुर्घटनाओं के बाद कार्रवाई, दो दिन में कार्य पूरा करने का लक्ष्य

**तिलहर, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र से गुजर रहे नेशनल हाईवे पर पावर हाउस के पास बने कट पर ट्रेवर्स बार मार्किंग का कार्य शुरू कर दिया गया है। इस स्थान पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से यह पहल की गई है।

पावर हाउस के सामने बने इस कट पर आए दिन हादसे होते रहे हैं। हाल ही में दो दिन पूर्व एक दुर्घटना में एक चालक की मौत हो गई थी, जबकि शुक्रवार को भी एक अन्य हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया था। इन घटनाओं के बाद हाईवे प्रबंधन ने सुरक्षा उपाय बढ़ाए हैं। यह कार्य मेंटेनेंस इंचार्ज सत्येंद्र और साइड इंचार्ज संजीव चौधरी के निर्देशन में कराया जा रहा है। मौके पर मौजूद साइड इंजीनियर एस राज पाठक ने बताया कि ट्रेवर्स बार मार्किंग कट के दोनों ओर की जा रही है और इसे लगभग दो दिन में पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि ट्रेवर्स बार मार्किंग का उद्देश्य वाहनों की गति को नियंत्रित करना और चालकों को संभावित खतरे के प्रति पहले से सचेत करना है। उम्मीद है कि इस कदम से दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

# लर्निंग इंडिया साइंस एंड लैंग्वेज नामक प्रदर्शनी का आयोजन

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार :** ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल सिविल लाइन्स में "लर्निंग इंडिया –साइंस एंड लैंग्वेज" नामक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस वर्ष प्रदर्शनी की थीम ''इनक्रेडिबल इंडिया'' रही। मुख्य अतिथि स्कूल चेयरमैन सुनील कुमार गुप्ता ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।



प्रदर्शनी में श्रेष्ठ माडल वाले बच्चों को मेडल देते स्कूल चेयरमैन सुनील कुमार गुप्ता।

- आर्ट गैलरी और क्राफ्ट गैलरी कॉर्नर रहे आकर्षण का केंद्र

प्रदर्शनी में जूनियर केजी के नन्हे विद्यार्थियों ने कॉन्सेप्ट आधारित मॉडल प्रस्तुत किए। इनमें फुल एंड एम्प्टी, अप एंड डाउन, वेट एंड ड्राई जैसे अतिरिक्त शैक्षिक कॉन्सेप्ट को सरल और आकर्षक तरीकों से दर्शाया गया। वहीं सीनियर केजी के विद्यार्थियों ने तकनीकी विषयों पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किए। कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों ने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम साइंस गैलरी में विज्ञान से संबंधित प्रयोगात्मक मॉडल प्रदर्शित किए, जबकि श्रीनिवास रामानुजन मैथ लैब में गणित से जुड़े रचनात्मक मॉडल लगाए गए।

इनक्रेडिबल इंडिया जोन के अंतर्गत भारत के उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम एवं मध्य भारत की संस्कृति, परंपरा और विविधता को दर्शाते हुए मॉडल प्रस्तुत किए गए। मुंशी प्रेमचंद जोन में हिंदी भाषा से संबंधित मॉडल, सुधा मूर्ति जोन में अंग्रेज़ी भाषा से जुड़े मॉडल में कंप्यूटर और तकनीक आधारित मॉडल प्रदर्शित किए गए।

# भावलखेड़ा ब्लॉक प्रथम और जैतीपुर को मिला दूसरा स्थान

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**


वीं जनपदीय परिषदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में ऑल ओवर चैंपियन भावलखेड़ा टीम को शील्ड देते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

- 39वीं जनपदीय परिषदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण के साथ समापन

**अमृत विचार :** 39वीं जनपदीय परिषदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का दूसरे दिन पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद अरुण कुमार सागर ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। सांसद के आगमन पर छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों स्वागत किया गया। प्रतियोगिता के विभिन्न स्पर्धाओं में प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खेल भावना, अनुशासन एवं उत्साह का परिचय दिया।

शनिवार को बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत व्यक्तिगत चैंपियन प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में अमन (प्रावि गुरगंवा - तिलहर) तथा बालिका वर्ग में किरण प्रावि मोहब्बत गंज – जैतीपुर, कुआं डांडा को सम्मानित किया गया। व्यक्तिगत चैंपियन उच्च प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में शिवम उप्रावि गोगेपुर –जैतीपुर तथा बालिका वर्ग में सोनम (उप्रावि गोगेपुर –जैतीपुर विजेता घोषित किए गए। चैंपियनशिप प्राथमिक स्तर में जलालाबाद विकास खंड ने 53 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि भावलखेड़ा विकास खंड ने 26 अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। चैंपियनशिप उच्च प्राथमिक स्तर में भावलखेड़ा विकास खंड ने 124 अंकों के साथ प्रथम तथा जैतीपुर विकास खंड ने 109 अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ऑल ओवर चैंपियनशिप का खिताब भावलखेड़ा विकास खंड ने 150 अंकों के साथ अपने नाम किया। सांसद अरुण सागर ने अपने संबोधन में कहा कि खेल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण आधार हैं। खेल बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं तथा उन्हें जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करते हैं।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता ने अपने वक्तव्य में सभी प्रतिभागियों, शिक्षकों, खंड शिक्षा अधिकारियों एवं आयोजन समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय सुरेंद्र मौर्य, खंड शिक्षा अधिकारी भावलखेड़ा विनय मिश्रा, खंड शिक्षा अधिकारी जलालाबाद शाहीन अंसारी, खंड शिक्षा अधिकारी जैतीपुर यशवंत सिंह उपस्थित रहे। संचालन वीरपाल यादव ने किया। आयोजन में मुनीश मिश्रा, धर्मेंद्र कुमार शर्मा, रवींद्र प्रजापति, अवधेश कुमार मैथिल, महेंद्र सिंह, राम प्रसाद, देवेश बाजपेई, अंकुर त्रिपाठी, देवेंद्र सिंह, नितिन मिश्रा, यशपाल सिंह, ऋषि कांत पाण्डेय, रत्नाकर दीक्षित, निकहत परवीन, दपिंदर कौर, सचिन अवस्था, सुनील यादव, विश्वनाथ प्रताप सिंह, मसूद कमाल, नरेश कुमार, विनीत गंगवार, मगरे लाल, विश्राम सिंह, विनय गुप्ता, संतोष कुमार, संजीव कुमार, सचिन प्रेमी, शरण सिंह, राधेश्याम शर्मा, मीडिया प्रभारी श्रेयश चंद्र सक्सेना का सहयोग रहा।

# सड़क सुरक्षा के प्रति बच्चों को किया जागरूक


बच्चों में शिक्षण सामग्री बांटते एआरटीओ। ● अमृत विचार

**बदायूं, अमृत विचार:** उझानी ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान परिवहन विभाग की उत्कर्ष चैरिटेबल ट्रस्ट संस्था के द्वारा बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। साथ ही शिक्षण सामग्री बांटी गई।

कार्यक्रम में उपस्थित रहे एआरटीओ हरिओम ने बच्चों के साथ पुलवामा हमले में शहीद सैनिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उनके द्वारा बच्चों में कॉपी, किताब, पेंसिल, रबर, कटर सहित खाद्य सामग्री का भी वितरण किया गया। एआरटीओ ने बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

# प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व निकाली शोभायात्रा

**संवाददाता, बिल्सी**


मूर्तियों को मंदिर में पूजते पूजते भक्त। ● अमृत विचार

- दुर्गा कॉलोनी में नर्मदेश्वर महाराज मंदिर में आज होगी प्राण प्रतिष्ठा

**अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला संख्या 5 स्थित दुर्गा कॉलोनी में नवनिर्मित नर्मदेश्वर महाराज मंदिर में शनिवार को शिव परिवार, राम दरबार एवं अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं की विधि-विधान के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। इस बीच पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत विद्वान आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण और पूजन के साथ हुई। इसके बाद हवन-यज्ञ कराया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुति देकर धर्म लाभ प्राप्त किया। अनुष्ठान पूर्ण होने पर सुसज्जित रथों पर विराजमान प्रतिमाओं का नगर भ्रमण कराया गया। यात्रा मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। भजन-कीर्तन और जयघोष से पूरा वातावरण गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने बताया कि मंदिर निर्माण कार्य में कॉलोनी के लोगों का विशेष सहयोग रहा। रविवार को यहां सभी देव प्रतिमाओं को मंदिर में स्थापित किया जाएगा। सोमवार को यहां एक विशाल भंडारा भी आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर मुन्ना सिंह चौहान, दीपक चौहान, रंजीत सिंह चौहान, जयप्रकाश ओझा, बागीश गुप्ता, रोहित चौहान अनुराग चौहान, हरिओम शर्मा, पप्पू सिंह उर्फ हिटलर सिंह, राहुल वार्ष्णेय, मुकेश प्रजापति, राजू शर्मा, रेनू सिंह, कृष्णा ओझा, भानुमति देवी, दानवती देवी, अमरदीप माहेश्वरी, प्रदीप माहेश्वरी आदि मौजूद रहे।

## रंजना तिराहे पर तीन दिवसीय भंडारा शुरू

**बिल्सी, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर नगर में धार्मिक उत्साह चरम पर है। श्रद्धालु कांवड़ लेकर जल भरने के लिए कछला गंगा घाट की ओर रवाना हो रहे हैं। पर्व के मद्देनजर प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं, नगर के प्रमुख चौराहों पर पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। श्रद्धालुओं की सेवा के उद्देश्य से नगर के रंजना तिराहे पर तीन दिवसीय विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। भंडारे में पूर्व सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य, विधायक हरीश शाक्य, पूर्व जिला पंचायत सदस्य ममता शाक्य, नगर की दयालु मित्रगण सेवा समिति के संचालक राजेश चंद्र जाजू महाराज, पूर्व चेयरमेन ओमप्रकाश सागर, डॉ. उमेंद्र गुप्ता, अमित माहेश्वरी आदि मौजूद रहे।

# स्मार्ट मीटर पखवाड़ा में चलाया विशेष अभियान

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम द्वारा 9 से 23 फरवरी तक स्मार्ट मीटर पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान निगम द्वारा जिले में उपभोक्ता जागरूकता को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि स्मार्ट मीटर पखवाड़े के दौरान उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के फायदे बताये जा रहे हैं। उनकी शंकाओं का समाधान भी किया जा रहा है। अधीक्षण अभियंता चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि स्मार्ट मीटर से होने वाले लाभों जैसे भुगतान सुविधा, रियल टाइम डेटा, खपत पर बेहतर नियंत्रण, सही एवं पारदर्शी बिलिंग, बेहतर सेवा के संबंध में व्यापक रूप से उपभोक्ताओं को जानकारी दी जा रही है। साथ ही उपभोक्ताओं को यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप की डाउनलोडिंग एवं लाइव डेमोस्ट्रेशन किया जा रहा है। जिससे वह 24 घंटे ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठा सकें। बताया कि स्मार्ट मीटर पखवाड़ा के दौरान कर्मचारियों द्वारा गांव व शहर के मोहल्लों में घर-घर जाकर स्मार्ट मीटर के फायदों की जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा पंपलेट, पोस्टर, वीडियो व सोशल मीडिया के जरिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस दौरान चेक मीटर लगाकर स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली को परंपरागत मीटरों से तुलना करके उसके लाभ बताए जा रहे हैं। ताकि उपभोक्ताओं के मन में किसी तरह का भ्रम न रहे। निगम अब तक जिले में 44 हजार 500 मीटर स्थापित कर चुका है।

# शिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य समझाया

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**


शिव ध्वजारोहण करती ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनें। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा शनिवार को सेवा केंद्र पर शिव जयंती के उपलक्ष में शिव ध्वजारोहण आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिव के आध्यात्मिक रहस्य के बारे में करूणा दीदी ने समझाया।

शनिवार को आवास विकास स्थित सेवा केंद्र प्रभारी एवं वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी करुणा दीदी ने शिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य समझाया। उन्होंने कहा कि जब संसार में घोर अज्ञान अंधकार छा जाता है, मनुष्य आत्माएं काम, क्रोध, लोभ, अहंकार आदि विकारों के वशीभूत होकर जीवन में भटकने लगते हैं तब पिता परमात्मा शिव इस सृष्टि पर अवतरित होकर उन्हें सहज राजयोग का ज्ञान देकर देवता तुल्य बनाते हैं। उन्होंने कहा कि व्रत का अर्थ है प्रतिज्ञा। हम अपने जीवन में पवित्र बनने की प्रतिज्ञा लें, अहंकार रूपी विकार जो जीवन में बैर( दुश्मनी) के निमित्त बनते हैं, उन्हें शिव को अर्पित कर देना चाहिए। भांग और धतूरे जैसे नशीले पदार्थों को शिव पर अर्पण करने का अर्थ है अपने जीवन में विषैले संस्कारों और कांटे से चुभने वाली बातों व आदतों आदि को शिव पर अर्पण कर देना चाहिए। अर्थात उन्हें त्याग देना चाहिए। तीन बेल पत्री निराकार परमात्मा की तीन शक्तियों ब्रह्मा, विष्णु ,महेश का प्रतीक है। टहनी स्वयं में शिव परमात्मा का प्रतीक है, उन्होंने गन्ने की गनेरी अर्पण करने का अर्थ समझाते हुए कहा कि गन्ने की गांठ में कोई रस नहीं होता है। शेष भाग में बहुत रस होता है, इसी प्रकार से हम अपने जीवन की जो भी गांठें मन में बांधकर रखे हुए हैं उन्हें शिव पर शिवरात्रि के दिन अर्पित कर दें। तो जीवन रसमय व सुखमय हो जाएगा। इस अवसर पर एक प्रभात फेरी निकल गई। ब्रह्माकुमारी से जुड़े विभिन्न बीके भाई बहनों के घरों पर शिव ध्वज को फहराया गया तथा जनमानस में शिव संदेशों का वितरण कर उन्हें सहज राजयोग का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में बी.के. अरुणा दीदी बीके किरण दीदी, बीके गायत्री बीके, सुरभि ,बीके दीपाली, बीके ललिता ,बीके देवांग, बीके राजपाल, बीके देव, ,बीके सुरेंद्र बीके मुन्नालाल शाक्य, बीके बालेंदु शर्मा, एडवोकेट ओमवीर सिंह, एडवोकेट विजय सिंह, बीके पंकज सिंह भाजपा के मीडिया प्रभारी बीके हिमांशु सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

## जायंट्स ग्रुप ने छात्राओं का किया मार्गदर्शन

**बिसौली, अमृत विचार :** समाजसेवी संस्था जायंट्स ग्रुप ऑफ बिसौली स्टार्स द्वारा साईं मंदिर के 17 वां वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में स्थानीय राममूर्ति बालिका विद्यालय की छात्राओं के लिए करियर काउंसलिंग एवं परीक्षा मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया गया।

बिसौली साईं कॉलोनी स्थित साईं मंदिर के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रतिभा अग्रवाल (रिटायर्ड शिक्षिका) और कवीन्द्र कृष्णा वार्ष्णेय (एसोसिएट प्रोफेसर) उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं को परीक्षा की तैयारी और भविष्य निर्माण के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। छात्राओं को पढ़ाई सामग्री किट बांटी गई। इस अवसर पर जायंट्स ग्रुप के यूनिट डायरेक्टर अनुपम वार्ष्णेय, फेडरेशन अफसर रूपम गुप्ता, अध्यक्ष सौरभ गुप्ता, प्रवीण अग्रवाल, विपुल वार्ष्णेय, नितिन वार्ष्णेय मौजूद रहे।

# अंतरा और मान्या ने मारी बाजी

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**



एसएस कालेज के संगीत विभाग में निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरण करते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

- एसएस कॉलेज के संगीत विभाग में किया पुरस्कार वितरण

**अमृत विचार :** एसएस कॉलेज के संगीत विभाग की ओर से निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता कराई गई। मुख्य अतिथि प्रबंध समिति के सचिव प्रो अवनीश मिश्रा, प्राचार्य प्रो आरके आजाद, उप प्राचार्य प्रो अनुराग अग्रवाल और संकायाध्यक्ष प्रो आलोक मिश्रा ने विजयी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

निबंध प्रतियोगिता में अंतरा सक्सेना और मान्या पांडेय ने प्रथम, शबनम भारतीय व काजल मिश्रा ने द्वितीय तथा मोहिनी प्रजापति और नेहा तिवारी ने तीसरा स्थान हासिल किया। नीलम और राधा को सांत्वना पुरस्कार मिला। भाषण प्रतियोगिता में संध्या सिंह व मान्या पांडेय ने पहला, संजीत कुमार व काजल मिश्रा ने दूसरा तथा खुशी गुप्ता और काजल मिश्रा द्वितीय ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त 24 प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि प्रो. अवनीश मिश्रा, प्राचार्य प्रो. आरके आजाद, उप प्राचार्य प्रो. अनुराग अग्रवाल, संकायाध्यक्ष प्रो. आलोक मिश्रा ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल के सदस्य डॉ. प्रीति, सुयश सिन्हा, व्याख्या सक्सेना, रश्मि राठौर को भी सम्मानित किया गया। पूर्व में डा मधुकर श्याम शुक्ला, डॉ. श्रीकांत मिश्रा, डॉ. मनोज मिश्रा, डॉ. रामशंकर पाण्डेय ने अतिथियों का अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। संगीत विभागाध्यक्ष संचालिका डॉ कविता भटनागर ने प्रतियोगिताओं की रिपोर्ट प्रस्तुत की। आभार डॉ. विकास खुराना ने व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. पूनम, डॉ. मनोज मिश्रा, डॉ. बरखा सक्सेना, डॉ. प्रतिभा सक्सेना, दीपक साहू, राहुल तिवारी आदि उपस्थित रहे।

न्यूज ब्रीफ

## ब्लैकमेलिंग और हनीट्रैप में महिला गिरफ्तार

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेमनगर पुलिस ने हनीट्रैप के जरिए लोगों को फंसाकर झूठे मुकदमों की धमकी देकर मोटी रकम वसूलने वाली महिला को शनिवार सुबह घर से गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि महिला ने पहले इंद्रानगर निवासी युवक से संपर्क बढ़ाया, फिर दुष्कर्म जैसे गंभीर आरोप में फर्जी मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देकर 10 लाख रुपये ऐंठ लिए। फिर उसने दोबारा 12 लाख रुपये की मांग कर डाली। रकम न देने पर युवक की जिंदगी बर्बाद करने की धमकी दी। पुलिस के अनुसार आरोपी पूजा शर्मा इज्जतनगर के वीर सावरकर नगर में रहती है। उसके पास से मोबाइल फोन बरामद किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी का पति से विवाद चल रहा है। वह दो बेटियों के साथ अलग रहती है। आय का कोई स्थायी जरिया न होने का हवाला देते हुए उसने इस रास्ते को चुना। वह पहले दोस्ती, फिर घूमना-फिरना और खर्च के नाम पर पैसे लेना और जब मौका मिला तो झूठी शिकायत दर्ज कराकर समझौते के नाम पर रुपये वसूलती थी। पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश करने की तैयारी कर ली है।

## गोशालाओं का नियमित रूप से निरीक्षण करने के दिए निर्देश

**बरेली, अमृत विचार :** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पशुपालन विभाग की जिला स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक हुई। जिसमें डीएम ने निर्देश दिए कि तहसील और विकास खण्ड स्तर पर हर माह बैठकें आयोजित की जाएं और उनमें दिए निर्देशों का शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. मनमोहन पांडेय को निर्देश दिए कि नोडल अधिकारियों की बैठकों और निरीक्षणों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। साथ ही गोशालाओं में हरे चारे की कमी को संबंधित ग्राम प्रधानों से समन्वय स्थापित कर शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान ब्लॉक भदपुरा की मधुनगला गोशाला में बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य लंबित पाए जाने पर बीडीओ को छह माह के भीतर निर्माण पूरा कराने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी माह में कम से कम एक बार फील्ड विजिट अवश्य करें। गोशालाओं के निरीक्षण के दौरान भूसा, हरा चारा, चोकर और रजिस्टर की जांच अनिवार्य रूप से करने के भी निर्देश दिए गए। बीमार गायों को अलग रखने तथा क्षमता से अधिक पशु होने पर अतिरिक्त गोपालकों की नियुक्ति सुनिश्चित करने को कहा गया। सीडीओ देवयानी, परियोजना निदेशक डीआरडीए चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, डीसी मनरेगा हबीब अंसारी, डीपीआरओ कमल किशोर, बीडीओ आदि मौजूद रहे।

### हाईकोर्ट ने बदायूं मामले में निचली अदालत का आदेश बरकरार रखा

# चुनाव याचिका में तथ्यों का उल्लेख जरूरी

विधि संवाददाता,प्रयागराज

**अमृत विचारः** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नगर पंचायत मुड़िया धुरेकी, जनपद बदायूं के निर्वाचन परिणाम को चुनौती देने वाली याचिका में निचली अदालत के आदेश को बरकरार रखते हुए हस्तक्षेप से इंकार करते हुए कहा कि सीपीसी के आदेश 7 नियम 11 के तहत केवल वादपत्र के कथनों को देखकर ही निर्णय किया जाता है। इस स्तर पर साक्ष्यों का विस्तृत परीक्षण या विवादित तथ्यों का मूल्यांकन नहीं किया जा सकता। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकलपीठ ने दिनेश चंद्र भट्ट की चुनाव याचिका खारिज करते हुए पारित किया। दरअसल चुनाव याचिका में याची ने सुनील कुमार/विपक्षी के निर्वाचन परिणाम को चुनौती दी थी, इसके खिलाफ संबंधित न्यायालय के समक्ष विपक्षी ने सीपीसी के आदेश सा नियम 11 के तहत आवेदन प्रस्तुत कर चुनाव याचिका को निरस्त करने का अनुरोध किया वादपत्र में आवश्यक तथ्यों के अभाव और कारण-ए-कार्यवाही स्पष्ट रूप से स्थापित न होने का उल्लेख करते हुए याचिका खारिज कर दी थी, जिससे व्यथित होकर याची ने हाईकोर्ट में मौजूदा याचिका दाखिल की। प्रस्तुत मामले में कोर्ट के समक्ष यह प्रश्न विचारणीय था कि क्या चुनाव याचिका में आवश्यक तथ्यों के अभाव होने पर उसे सीपीसी के आदेश 7 नियम 11 के तहत प्रारंभिक स्तर पर खारिज किया जा सकता है।

इन मुद्दों पर विचार करते हुए कोर्ट ने पाया कि चुनाव याचिका में आवश्यक तथ्यों का स्पष्ट और संक्षिप्त उल्लेख अनिवार्य है एक भी आवश्यक तथ्य के अभाव में कार्यवाही का कारण अपूर्ण हो जाता है। ऐसी स्थिति में केवल बाद पत्र के कथनों को ही देखा जा सकता है, विपक्षी द्वारा प्रस्तुत बचाव या साक्ष्यों का परीक्षण संभव नहीं है। यदि वादपत्र में आवश्यक तथ्य या स्पष्ट कारण-ए-कार्यवाही नहीं है, तो वाद को प्रारंभिक स्तर पर ही खारिज किया जा सकता है। कोर्ट ने इस बात पर विशेष ध्यान दिया की याचिका में आप सामान्य एवं आसपास थे जैसे, लगभग 250 आरोग्य मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के आरोप लगाए गए तथा मतगणना के दौरान वार्डों में मतों की गणना में हेरफेर की बात भी बताई गई।

याची ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ वार्डों में विपक्ष के मत बढ़ाए और याची के मत घटाए, लेकिन कोर्ट ने उपरोक्त आरोपों को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि याचिका में कथित 250 मतदाताओं के नाम, विवरण या यह स्पष्ट नहीं किया गया कि उन्होंने किसके पक्ष में मतदान किया। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि निचली अदालत ने उपलब्ध अभिलेखों और वादपत्र के आधार पर आदेश पारित किया था और उसमें कोई ऐसी स्पष्ट त्रुटि नहीं पाई गई, जिसके कारण अधिकार-क्षेत्र का प्रयोग कर हस्तक्षेप किया जाए। अतः कोर्ट ने निचली अदालत के आदेश को बरकरार रखते हुए मौजूदा याचिका खारिज कर दी।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर तीन तलाक देकर निकाला

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** थाना सिविल लाइंस के हरथला चौकी क्षेत्र निवासी पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका निकाह 30 अक्टूबर 2023 को हरथला क्षेत्र के युवक से हुआ था। आरोप है कि निकाह के बाद से ही पति और ससुराल वाले 10 लाख रुपये और कार की मांग को लेकर उसे परेशान करने लगे। पीड़िता के अनुसार 13 नवंबर 2024 को उसने बेटी को जन्म दिया, जिसके बाद उत्पीड़न और बढ़ गया। आरोप है कि एक दिन जेठ ने घर में अकेला पाकर उसके साथ छेड़छाड़ की। शिकायत पति से करने पर उसने गाली-गलौज कर धमकाया। प्रताड़ना से तंग आकर वह 16 जुलाई 2025 को मायके चली गई। बाद में पंचायत के बाद 15 दिसंबर 2025 को उसे दोबारा ससुराल भेज दिया गया। आरोप है कि ससुराल लौटने के बाद देवर ने भी छेड़छाड़ की। विरोध करने पर पति और ससुरालियों ने मारपीट कर तीन तलाक देकर उसे घर से निकाल दिया।

# केंद्रीय बजट में व्यापारियों के हित में कई घोषणाएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मुख्य अतिथि बोले-एमएसएमई के लिए ग्रोथ फंड वित्तीय सहायता प्रदान करेगा
- भाजपा महानगर ने शहर विधानसभा में केंद्रीय बजट परिचर्चा कार्यक्रम का किया आयोजन

**अमृत विचारः** भाजपा महानगर की ओर से शहर विधानसभा में केंद्रीय बजट परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन डीडीपुरम स्थित अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक सभागार में किया गया। शनिवार दोपहर हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट उत्तर प्रदेश के विकास, रोजगार और आत्मनिर्भरता को नई ऊंचाई देने वाला बजट है।

यह बजट राज्य को इंफ्रास्ट्रक्चर, उद्योग, कृषि और युवाओं की ग्रोथ बढ़ाने की दिशा में निर्णायक साबित होगा। केंद्र सरकार के बजट में विकास और आत्मनिर्भर भारत, महिलाओं को सशक्त बनाने, निर्माण और उद्योग, कर सुधार के माध्यम से मध्यम वर्ग को राहत देने का प्रयास किया गया। व्यापारियों के हित में कई घोषणाएं की गई हैं। वित्तमंत्री ने एमएसएमई के लिए 10,000 करोड़ का ग्रोथ फंड बनाया है, जो उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान करेगा।

सांसद छत्रपाल गंगवार ने विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि एमएसएमई के लिए ग्रोथ फंड या सस्ते ऋण की सुविधा, शिक्षा और स्वास्थ्य को भी बजट में शामिल किया है, इसका लाभ सभी को मिलेगा। संचालन प्रतेश पांडे ने किया। कार्यक्रम में अनिल कुमार एडवोकेट, मनीष अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, बंटी ठाकुर, रेखा श्रीवास्तव, पवन अरोड़ा, रोहित जिंदल, रामकृष्ण शुक्ला, अनिल अग्रवाल, दीपक द्विवेदी, शोभित सक्सेना, विशाल मल्होत्रा, सुदेश अग्रवाल, सुरेंद्र रस्तोगी, परमजीत सिंह, सुनील खत्री आदि मौजूद।

## शादी और निवेश का झांसा देकर युवक से 13 लाख ठगे

**बरेली, अमृत विचार :** फाइनेंस कंपनी में कार्यरत युवक शादी के झांसे में आकर 13 लाख रुपये से अधिक की साइबर ठगी का शिकार हो गया। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

मलूकपुर निवासी अमित कुमार ने बताया कि 26 सितंबर 2025 को शादी डॉट कॉम पर आंचल शर्मा नाम से एक रिक्वेस्ट प्राप्त हुई थी। इसके बाद वाट्सएप के जरिए दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई। महिला ने खुद को मुंबई निवासी टेक्सटाइल कंपनी और ज्वेलर्स शॉप की संचालक बताया और जल्द शादी का भरोसा भी दिलाया। कुछ दिनों बाद महिला ने युवक को एक इन्वेस्टमेंट ग्रुप से जोड़ दिया, जहां शेयर मार्केट में अधिक मुनाफा कमाने का लालच दिया गया। पीड़ित के अनुसार 13 अक्टूबर 2025 से 25 जनवरी 2026 के बीच अलग-अलग बैंक खातों में करीब 13 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए गए।

# वैलेंटाइन डे का विरोध, पार्कों में प्रेमिका से प्रेमी को बंधवाई राखी

### शिवसैनिकों ने किया प्रदर्शन, दुकानदारों ने छिपाया वैलेंटाइन डे से जुड़ा सामान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** वैलेंटाइन डे के विरोध में युवा शिवसेना कार्यकर्ताओं ने शहर में प्रदर्शन किया। महानगर के बुध बाजार से ताड़ीखाना रोड पर वैलेंटाइन डे की सामग्री बेचने वालों दुकानदारों से सामग्री न बेचने की अपील कर सामान हटवाया। तो कुछ प्रदर्शन देखकर सामान छिपा लिया। होटल व पार्कों में वैलेंटाइन डे मनाने पहुंचे युवक-युवतियों को फटकार लगाई और कई प्रेमी जोड़ों को राखी बंधवाई। कहा कि वैलेंटाइन डे भारतीय संस्कृति के विरुद्ध है।

शनिवार को युवा शिवसेना के जिला प्रमुख मुदित उपाध्याय के नेतृत्व में शिवसेना के कार्यकर्ता महानगर की सड़कों को कई टुकड़ियों में निकले तो कुछ टुकड़ियां मोटरसाइकिल और कुछ पैदल भी थीं। शिवसैनिकों ने वैलेंटाइन डे के विरोध जुलूस निकाला। इसके साथ ही शिव सैनिकों ने होटल-पार्कों में बैठे प्रेमी जोड़ों को फटकार लगाई। कई को कान पकड़ कर उठक-बैठक कराकर चेतावनी देते हुए छोड़ा। कई स्थानों पर प्रेमिका से प्रेमी को राखी बंधवाई गई, जिसे संगठन ने भारतीय संस्कृति का संदेश बताया। युवा शिव सैनिकों ने कहा कि वैलेंटाइन डे जैसे आयोजनों से भारतीय परंपराओं और संस्कृति पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। हालांकि पुलिस प्रशासन ने निगरानी की जिससे माहौल बिगड़ने नहीं पाया।




वैलेंटाइन डे के खिलाफ मुरादाबाद के बुध बाजार में प्रदर्शन करते शिव सैनिक।



कंपनी बाग में युवक को राखी बांधती युवती।

### वैलेंटाइन डे भारतीय संस्कृति में स्वीकार नहीं

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल राष्ट्रीय महिला परिषद ओजस्विनी के द्वारा शनिवार को वैलेंटाइन डे पर सर्च आपरेशन चलाया। इसमें प्रेमी जोड़ों को पार्कों आदि से वापस भेजा। कहा कि वैलेंटाइन डे पाश्चात्य संस्कृति भारतीय संस्कृति में स्वीकार्य नहीं है। राष्ट्रीय बजरंग दल की 25 टीमों ने सक्रियता दिखाकर पार्कों में घूमी। जहां भी प्रेमी जोड़ा दिखा उसे वापस भेजा। शहर के प्रमुख कंपनी बाग में राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष रोहन सक्सेना व राष्ट्रीय महिला परिषद की प्रदेश अध्यक्षा वंदना शर्मा के नेतृत्व में टीमें पहुंचीं। इस दौरान जय शर्मा, रोहित भटनागर, जतिन प्रजापति, अभिषेक श्रीवास्तव,अनुज आर्य, गंगा राणा, सुशांत गुप्ता, दीपक, भानु आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष पर शादी का आरोप लगा हंगामा

**कुन्दरकी, अमृत विचार :** ग्राम नानपुर में शनिवार को एक महिला पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष के घर के बाहर धरने पर बैठ गई। महिला ने चिल्ला-चिल्लाकर शादी होने का दावा किया और घर में घुसने की जिद पकड़ ली। महिला का दावा है कि मंडल अध्यक्ष ने लंबे समय तक शारीरिक संबंध बनाए रखे और विवाह का लालच देकर मंदिर में शादी रचा ली। लेकिन अब उसे ठुकरा दिया गया है।

गुस्साई महिला बोली, पत्नी का हक दिलाओ, वरना यहीं मर जाऊंगी। गांव वाले जमा हो गए, हंगामा मच गया।कुन्दरकी थाने की पुलिस ने पहुंचकर माहौल संभाला। महिला को मनाने की कोशिश की, लेकिन वह अड़ी रही।

पूर्व अध्यक्ष ने सारे इल्जामों को बकवास करार दे इसे राजनीतिक षड्यंत्र बताया। रात भर पुलिस तैनात रही, बातचीत जारी। क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि रविवार को दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया है। दोनों ही पक्षों की बात को सुना जाएगा और तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# पार्कों में प्रेमियों पर रही पुलिस की पैनी नजर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- वैलेंटाइन डे पर गांधी उद्यान और फूलबाग में सघन चेकिंग, संदिग्धों की जांच हुई

**अमृत विचारः** वैलेंटाइन डे के मौके पर बरेली का रंग इस बार रोमांस का नहीं, बल्कि सुरक्षा और सख्ती का रहा। शहर के प्रमुख पार्कों और रेस्टोरेंट में पुलिस प्रशासन ने दिनभर सख्त निगरानी रखी। पिछले दिनों राजेंद्रनगर के एक कैफे में छात्रा के साथ हुई मारपीट की घटना ने प्रशासन की नींद उड़ा दी थी, इसके चलते वैलेंटाइन डे पर सतर्कता बरती गई।

शहर के गांधी उद्यान, फूलबाग पार्क और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर विशेष गश्त और चेकिंग अभियान चलाया गया। गांधी उद्यान के म्यूजिक फाउंटेन और भूल-भुलैया क्षेत्र में खुद कोतवाली इंस्पेक्टर सुरेश चंद्र गौतम मौजूद रहे और हालात का जायजा लिया। पार्कों के बाहर सादे कपड़ों में भी पुलिसकर्मी तैनात थे, ताकि किसी भी अनुचित गतिविधि या अश्लील हरकत को तुरंत रोका जा सके। पुलिस ने बजरंग दल और अन्य हिंदू संगठनों की गतिविधियों पर निगरानी रखी गई।

एसएसपी अनुराग आर्य ने साफ कहा कि किसी भी प्रकार की गुंडागर्दी या कपल को परेशान करना कतई बर्दाश्त नहीं होगा। शहर के गांधी उद्यान, फूलबाग और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पूरे दिन पुलिस पैदाल और गाड़ियों सेगश्त करती दिखी। पार्कों के बाहर भी कड़ा सुरक्षा बंदोबस्त रखा गया, ताकि शहर में किसी भी तरह की अफरा-तफरी या अनुचित हरकत को रोका जा सके। कहा जा रहा है कि बीते 28 दिसंबर को राजेंद्रनगर स्थित एक कैफे में अपना जन्मदिन मना रही छात्रा और उसके दोस्तों के साथ कुछ युवकों ने मारपीट की थी। यह घटना खासी चर्चित रही थी। पुलिस ने त्योहारों और विशेष मौकों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्णय लिया।

पुलिस ने पार्कों और सार्वजनिक स्थलों पर आने वाले युवाओं से अपील की कि वे मर्यादा बनाए रखें। साथ ही किसी भी अनुचित व्यवहार की सूचना तुरंत पुलिस को दें। कोतवाली इंस्पेक्टर सुरेश चंद्र गौतम ने बताया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। पार्कों में मोबाइल पेट्रोलिंग, पैदल गश्त और सीसीटीवी कैमरों की मदद से सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया।

# गोकशी में दो आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार, एक घायल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** भोजीपुरा के ग्राम सिघांई कायस्थान के जंगल में शनिवार तड़के पुलिस और गोकशी के आरोपियों के बीच मुठभेड़ हुई। जिसमें एक आरोपी के पैर में गोली लगी, जबकि एक सिपाही के बाजू को छूते हुए गोली निकल गई। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि अन्य आरोपी फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है।

भोजीपुरा थाना प्रभारी राजीव कुमार पुलिस टीम के साथ शनिवार तड़के क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान सूचना मिली कि ग्राम सिघांई कायस्थान के जंगल में कुछ लोग प्रतिबंधित पशु के वध की तैयारी में हैं। पुलिस टीम तत्काल जंगल की ओर रवाना हुई और चारों ओर से इलाके को घेर लिया। जैसे ही पुलिस टीम ने आगे बढ़कर ललकारा तो बदमाशों ने खुद को घिरता देख फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस टीम ने भी जवाबी कार्रवाई की। जिसमें भोजीपुरा के मोलागढ़ निवासी आरोपी राजू के बाएं पैर में गोली लगी, जिससे वह मौके पर ही गिर पड़ा।

# महिला की मौत पर सीएचसी में हंगामा

संवाददाता,रजपुरा

- प्रसव के एक घंटे बाद बिगड़ी हालत, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

**अमृत विचारः** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा में प्रसव के एक घंटे बाद महिला की हालत बिगड़ गई। चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन परिजन उसे उपचार के लिए गुन्नौर ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत से आक्रोशित परिजन शाम करीब सात बजे शव लेकर सीएचसी रजपुरा पहुंचे और इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया।

परिजनों के अनुसार शनिवार सुबह 30 वर्षीय राजवती को प्रसव के लिए सीएचसी रजपुरा लाया गया था। शाम करीब चार बजे उसने एक बच्चे को जन्म दिया। प्रसव के कुछ देर बाद ही उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। हालत बिगड़ने पर अस्पताल प्रशासन ने उसे रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर गुन्नौर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतका के पति की पांच माह पहले बीमारी से मौत हो चुकी है। अब महिला के निधन के बाद पांच वर्षीय कृष्ण, तीन वर्षीय योगेश और नवजात शिशु पूरी तरह अनाथ हो गए हैं।

सीएचसी लौटकर पहुंचे परिजनों ने उपचार में लापरवाही का आरोप लगाया और स्वास्थ्य केंद्र परिसर में हंगामा किया। सीएचसी चिकित्साधीक्षक डॉ. पवन कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रसव के बाद महिला को अत्यधिक रक्तस्राव हो गया था। स्थिति गंभीर होने पर उसे तत्काल जिला अस्पताल रेफर किया गया था, लेकिन परिजन उसे जिला अस्पताल के बजाय गुन्नौर ले गए, जहां उसकी मौत हो गई।

# पति की बीमारी का डर दिखा महिला से 5 हजार ठगे

संवाददाता, बिलासपुर

- पीड़िता ने शिकायत साइबर थाने में दर्ज कराई

**अमृत विचारः** ठगों ने महिला को पति की बीमारी का डर दिखाकर उससे पांच हजार रुपये की ठगी कर ली। पीड़िता ने इसकी शिकायत साइबर थाने में दर्ज कराई है।

नगर के मोहल्ला शीरी मियां निवासी सायना का पति मजहर अली दिल्ली में रहकर नौकरी करता है। अज्ञात ठग ने महिला को फोन कर बताया कि उसके पति की तबीयत अचानक बिगड़ गई है और उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराना होगा। अस्पताल का खर्च और इलाज के नाम पर ठग ने तत्काल पैसों की मांग की। बीमारी की खबर सुनकर पीड़िता घबरा गई और बिना जांच-पड़ताल किए ठग द्वारा बताए गए खाते में पांच रुपये ट्रांसफर कर दिए। जब महिला ने अपने पति को फोन लगाया, तो पति ने खुद के पूरी तरह स्वस्थ होने की बात कही। ठगी का अहसास होते ही महिला कोतवाली स्थित साइबर थाने पहुंची। साइबर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह नागरिकों से अपील की है कि किसी भी अज्ञात फोन काल पर भरोसा कर पैसे ट्रांसफर न करें। किसी भी आपात स्थिति की सूचना मिलने पर पहले संबंधित व्यक्ति या उसके कार्यस्थल पर संपर्क कर पता जरूर लगाएं।

## इस्लाम के खिलाफ है वैलेंटाइन डे : शहाबुद्दीन

**बरेली, अमृत विचार :** मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने वैलेंटाइन डे को लेकर कड़ा एतराज जताते हुए इसे इस्लामी शिक्षाओं के खिलाफ बताया है। उनका कहना है कि हर कौम की अपनी धार्मिक पहचान और सांस्कृतिक विरासत होती है, जिसे बचाए रखना जरूरी है। पश्चिमी परंपराओं की अंधी नकल सही नहीं है और इससे नई पीढ़ी अपने मूल मूल्यों से दूर हो सकती है। मौलाना ने शरीयत के हवाले से कहा कि इस्लाम में ऐसे आयोजनों की कोई गुंजाइश नहीं है। इसलिए मुस्लिम समाज को इससे दूर रहना चाहिए। उन्होंने खासतौर पर युवाओं से अपील की कि वे हया, पर्दे और धार्मिक उसूलों का ख्याल रखें और किसी भी ऐसे पर्व का हिस्सा न बनें जो उनके मजहबी सिद्धांतों से मेल नहीं खाता।

दंगे की कहानी

### अन्नू कपूर निभाएंगे रोल, 1978 के साम्प्रदायिक दंगे और 24 नवंबर 2024 की हिंसा पर है फिल्म

# कल्कि संभल का तीसरा किरदार ' नवाब साहब ' जारी

कार्यालय संवाददाता,संभल


- अब्बाजान, भाईजान और सेठ बनवारी लाल के किरदार पहले ही जारी

**अमृत विचारः** अब्बाजान, भाईजान और सेठ बनवारी लाल के किरदार सामने आने के बाद फिल्म कल्कि संभल का एक और महत्वपूर्ण और असरदार किरदार सामने आ गया है। अमित जानी की जानी फायरफॉक्स फिल्म्स की ओर से फिल्म के चौथे किरदार 'नवाब साहब' को रिवील किया गया है। मशहूर अभिनेता अन्नू कपूर नवाब साहब की भूमिका निभाएंगे।

उदयपुर फाइल फिल्म बना चुके अमित जानी 1978 के संभल दंगे और 24 नवंबर 2024 को हुई हिंसा की पृष्ठभूमि पर फिल्म 'कल्कि संभल' का निर्माण कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग अभी शुरु नहीं हुई है लेकिन दो पोस्टरों के जरिये किरदार रिवील करते ही विवाद शुरू हो गया है। पहले पोस्टर में अब्बाजान व भाईजान का किरदार जारी किया गया। किरदारों के हुलिये व अन्य चीजों को लेकर कहा जाने लगा कि डा. शफीकुर्रहमान बर्क और जियाउर्रहमान बर्क के किरदारों को अब्बाजान और भाईजान नाम दिये हैं। अब्बाजान के फोटो के साथ लिखा था-महेश मांजरेकर एज अब्बाजान 1978 जबकि दूसरे फोटो के नीचे लिखा था-विजय राज एज भाईजान 2024। 'अब्बाजान' और 'भाईजान' नामों को लेकर तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आई थीं। फिल्म को लेकर विवादों के बीच कुछ संगठनों ने फिल्म की शूटिंग रोकने की चेतावनी दी थी, जबकि निर्माता अमित जानी ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हवाला देते हुए सांसद के पिता ममलूकुर्रहमान बर्क को कानूनी नोटिस भेज दिया था।

दूसरे पोस्टर में आग से जलते सेठ बनवारी लाल का चेहरा नजर आया था। इस भूमिका को अभिनेता रजनेश दुग्गल निभा रहे हैं। शनिवार को फिल्म निर्माता अमित जानी ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि 'नवाब साहब' का किरदार शहर के एक ताकतवर और प्रभावशाली नेता का है, जो फिल्म में अब्बाजान और भाईजान का राजनीतिक प्रतिद्वंदी होगा। यह किरदार कहानी को नया मोड़ देने वाला माना जा रहा है।

फिल्म के तीसरे किरदार 'नवाब साहब' को सामने लाए। फिल्म के पोस्टर में मशहूर कलाकार अन्नू कपूर नवाब साहब के किरदार में नजर आ रहे हैं। नवाब साहब के बारे में कहा जा रहा है कि यह कैरेक्टर सपा विधायक इकबाल महमूद के इर्द-गिर्द बुना गया है। निर्माता अमित जानी ने सोशल




फिल्म का तीसरा किरदार जारी।

### एसपी केके विश्नोई सहित कई किरदार सामने आना बाकी

**संभल, अमृत विचार :** निर्माता के अनुसार फरवरी माह के अंत तक फिल्म के अन्य महत्वपूर्ण किरदारों, जिनमें एसपी संभल सहित कई प्रमुख रोल शामिल हैं, उन्हें भी रिवील किया जाएगा। इसके बाद मार्च 2026 से संभल में फिल्म की शूटिंग शुरु करने की तैयारी है। जिला प्रशासन से आवश्यक अनुमति लेने की प्रक्रिया भी समय पर पूरी करने का दावा किया गया है। जानी फायरफॉक्स फिल्म्स का कहना है कि 'कल्कि संभल' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि संभल के सामाजिक और राजनीतिक हालात पर आधारित एक सशक्त सिनेमाई प्रस्तुति होगी। अन्नू कपूर जैसे अनुभवी अभिनेता के जुड़ने से फिल्म को और मजबूती मिलने की बात कही जा रही है।

**बीसलपुर किसान सहकारी चीनी मिल लि., बीसलपुर (पीलीभीत)**

पत्रांक: बी.के.एस./क्रय/2025-26/2820 दिनांक: 14.02.2026

**निविदा सूचना**

पेराई सत्र 2025-26 के उपरांत व्वायलिंग हाउस एवं अन्य स्थानों में स्क्रैपिंग शुगर व धुलाई कार्य हेतु अनुभवी पार्टियों से दिनांक 25.02.2026 तक रू. 40002/- धरोहर राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 236/- प्रति जमा करने के उपरांत निविदायें आमंत्रित की जाती है, जिन पर आवश्यकतानुसार निगोसियेशन भी किया जा सकता है। अद्योहस्ताक्षरी को निविदा की शर्तों में परिवर्तन करने एवं बिना कारण बताये एक या समस्त निविदायें निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

आर. के. जैन
प्रधान प्रबन्धक

**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई-निविदा सूचनाःओटी-20-2025

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिये "खुली" निविदा आमंत्रित की जाती है।

**क्रम सं.-1,** निविदा सं.: ओटी-20-2025, कार्य का विवरणः पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मण्डल अन्तर्गत गोरखपुर कैण्ट-बाल्मिकीनगर खण्ड में टीएसएस, एसपी एवं एसएसपी मे आटोमेटिक फाल्ट लोकेटर की व्यवस्था से सम्बन्धित कार्य। अनुमानित लागतः ₹ 1,62,51,100/-, बयाना राशिः ₹ 2,31,300/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः ₹ निल, कार्य पूर्ण करने की अवधिः 24 माह, निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समयः 09-03-2026 को 15:00 बजे।

**नोटः** • इस निविदा के विरूद्ध कोई मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट *http://www.ireps.gov.in* को देखें। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण
मुजाधि/विद्युत-279 गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते है। **क्र० सं०-1, ई-प्रापण निविदा संख्या :** उप मु०इं०-नि०-पुल-जीकेपी-02-2026 दिनांकः 10.03.2026, **कार्य का नाम** - एन.ई. रेलवे के लखनऊ डिवीजन के सहजनवा-दोहरीघाट नई लाइन प्रोजेक्ट के संबंध में, मगहर-सहजनवा-जगतबेला- बांसगांव सेक्शन के बीच, जून/2016 के RDSO के स्पेसिफिकेशन और लेटेस्ट करेक्शन स्लिप के अनुसार डाला, बिल्ली, झांसी सोर्स से मशीन से तोड़ी हुई ट्रैक बैलास्ट की मैन्युफैक्चरिंग, सप्लाई और स्टैकिंग का कार्य। अनुमानित निविदा मुल्य: 26,49,76,440.00, बयाना राशि (रू०) : 14,74,900.00, निविदा प्रपत्र का मुल्य (रू०) : -, कार्य पूर्ण करने की अवधि : 24 (चौबीस) माह ● बिड प्रारम्भ करने की तिथि- दिनांक 24.02.2026 ● उपरोक्त ई-निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि - दिनांक 10.03.2026 15.00 बजे तक। ● उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि - दिनांक 10.03.2026 15.00 बजे। ● निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। ● निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

उप मुख्य इन्जी०/ निर्माण/पुल
मुजाधि/डब्ल्यू - 462 गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।



'तुलसी' काया खेत है,
मनसा भयौ किसान।
पाप-पुन्य दोउ बीज हैं,
बुवै सो लुनै निदान॥

गोस्वामी तुलसी दास कहते हैं कि शरीर खेत के समान है और मन मानो किसान है, जिसमें यह किसान पाप और पुण्य रूपी दो प्रकार के बीजों को बोता है। जैसे बीज बोएगा वैसे ही इसे अंत में फल काटने को मिलेंगे।



# शिव सभी कालों में हैं और काल के परे भी

> ऋग्वेद वाले रूद्र शिव 'सुगंधिं पुष्टिवर्द्धनं' हैं। देवों को पुष्पार्चन किया जाता है, लेकिन शिव को बेलपत्र और धतूरे का फल। शिव मस्त-मस्त बिंदास देवता हैं। परम योगी। चरमोत्कर्ष वाले नृत्यकर्ता। श्रीकृष्ण के पास बांसुरी तो शिव के पास डमरू। बांसुरी की धुन पर तीनों लोक मोहित हुए थे, तो डमरू की धुन पर तीनों लोक अस्तित्व में रहते हैं। शिव जब चाहते हैं, रूद्र हो जाते हैं। प्रलयंकार हो जाते हैं, लेकिन यही रूद्र शिव हैं। ऋग्वेद में 'जो रूद्र है, वही शिव भी है।' त्रिशूल उनका हथियार।

हम भारत के लोग देवों को भी धरती पर बुलाते रहते हैं। ईश्वर भी धर्म संस्थापना के लिए अवतार लेते हैं। भारत देवभूमि है। भारतवासी बहुदेव उपासक हैं। जहां-जहां आभा, प्रभा, सुभा और दिव्यता वहां-वहां देवता। शिव देव नहीं महादेव हैं। वे भारत के मन में रमते हैं। एक अकेले ही। एको रूद्र द्वितीयोनास्ति। भारत के कुछेक विद्वान रूद्र शिव को आयातित देवता मानते हैं। शिव उपासना पश्चिम एशिया व मध्य एशिया तक विस्तृत थी भी। वे इसी क्षेत्र को शिव उपासना का मूल केंद्र बताने की गल्ती करते हैं। मार्क्सवादी चिंतक डॉ. रामविलास शर्मा ने भारतीय संस्कृति और हिंदी प्रदेश (पृष्ठ 679) में लिखा है, 'वास्तव में शैवमत, वैष्णवमत, बौद्धमत इन सबके स्रोत भारत में थे। यहां से इन मतों का प्रसार मध्य एशिया और पश्चिमी एशिया में हुआ।'

शिव गूढ़ रहस्य हैं। युधिष्ठिर ने शर शैय्या पर लेटे भीष्म से तमाम प्रश्न पूछे थे। वे भीष्म से शिव गुण भी सुनना चाहते थे। भीष्म ने कहा, 'शिवगुणों का वर्णन करने में मैं असमर्थ हूं। वे सर्वत्र व्यापक हैं। ब्रह्मा, विष्णु और इंद्र के सृष्टा हैं। वे प्रकृति से परे और पुरुष से विलक्षण हैं। श्रीकृष्ण के अलावा उनका तत्व दूसरा कोई नहीं जानता। फिर अर्जुन से कहा, 'रूद्र भक्ति के कारण ही श्रीकृष्ण ने जगत् को व्याप्त किया है।' संप्रति महाशिवरात्रि उत्सवों में भारत सहित एशिया के बड़े भूभाग में बम भोले की बम-बम है।

शिव भोले शंकर हैं, औघड़दानी हैं। गण समूहों के मित्र हैं। गणों के साथ स्वयं भी नृत्य करते हैं। गण देवता गणेश स्वाभाविक ही उनके पुत्र हैं। सत्य आराध्य है, लेकिन शिव सत्य आनंददाता हैं। सत्य और शिव का एकात्म सुंदर होता है। शिव अखिल ब्रह्म की ऊर्जा हैं। इस ऊर्जा प्राप्ति के प्रयास जरूरी हैं। पार्वती को भी शिव प्राप्ति के लिए महातप करना पड़ा था। कालिदास के 'कुमार संभव' में तपरत पार्वती को एक ब्रह्मचारी ने बहुत भड़काया 'पार्वती! आप भी किस प्रेम में फंस गईं। आपका सुंदर हाथ सांप लिपटे शंकर को कैसे छुएगा। कहां हंस छपी चूनर ओढ़े आप? और कहां खाल ओढ़े शंकर?' शिव शंकर के रूप-कुरूप पर उसने बहुत कुछ कहा। पार्वती ने कहा, "संसार के सारे रूप शिव के ही हैं- विश्वकूर्तेखाधार्यते वपु।"

शिव ही सभी रूपों में प्रकट होकर रूप-रूप प्रतिरूप हैं। कालिदास के कथानक में जब-तब शिव ने अपना रूप प्रकट कर दिया। शिव बोले, "अब मैं तुम्हारा दास हूं, पार्वती-तवस्मि दासः।" मन करता है कि प्रश्न पूछूं शिव से- महादेव! इतना कठोर तप क्यों कराते हैं? लेकिन अपना प्रश्न वापस भी लेता हूं। शिव तप का पुरस्कार भी तो देते हैं। तप प्रभाव में वे स्वयं भक्त के भी भक्त बन जाते हैं।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

सुनता आया हूं कि शिव सोम प्रेमी हैं। सोम प्रकृति की सृजन शक्ति है। सृजन की यही शक्ति शिव ललाट की दीप्ति है। शिव के माथे पर सोम चंद्र हैं। वैदिक ऋषियों के दुलारे सोम वनस्पतियों के राजा हैं। सोम प्रसन्न होते हैं, वनस्पतियां-औषधियां उगती हैं। खिलती हैं। खिलखिलाती हैं। भारतीय सप्ताह में एक दिन सोम का। पहला दिन रविवार रवि का तो दूसरा दिन सोमवार सोम का। सोमवार को शिव आराधन का मुहूर्त जाना गया है। ठीक भी है। हमारे समाज में भी प्रतिष्ठित लोग सप्ताह में एक दिन खुलकर मिलते हैं, बाकी दिन व्यस्त रहते हैं। शिवभक्तों को सोमवार और शिवरात्रि प्रीतिकर है। शिव भी सोमवार का दिन भक्तों के लिए ही खाली रखते होंगे। नहीं जानता सच। काशी बहुत जाता हूं, लेकिन मंदिर दर्शन बहुत पहले एक बार ही हुआ। मैंने समूची काशी में शिव चैतन्य पाया है। मैं कर्मकांडी हूं नहीं। योग, तप से परिचित नहीं, लेकिन भारत के मन के साथ मन मिलाते हुए देवों के देव महादेव को नमस्कार करता हूं।

शिव सभी कालों में हैं। काल के परे भी हैं, लेकिन भारत के मन में वे पार्वती के साथ हैं। कालिदास ने शिव बरात का मनोरम शब्द चित्र खींचा है। बताया है कि शिव बरात नगर पहुंची। स्त्रियां अपना कामधाम छोड़कर छतों की ओर भागीं। एक की जूड़े की माला टूट गई। एक ने दांई आंख में ही काजल लगाया था, वह बांई आंख का काजल लगाना छोड़ भाग चली। पार्वती शिव जगत् के माता-पिता हैं। विवाह के बाद सभी देवों ने शुभकामनाएं दीं।

कालिदास जैसे प्रत्यक्षदशा बराती थे- शिव बारात के। उनकी अनुभूति में भारत का मन-दर्पण प्रकट हुआ है। सूरदास भी श्रीकृष्ण की बरात में गाना चाहते थे- सूरदास होई कुटिल बराती गीत सुमंगल गइहौं। अजब अंतर्विरोध, सुमंगल गीत, लेकिन कुटिल बराती। हम शिव भक्त कांवड़ियों को दूर से ही देखते आए हैं। हम भी शिवार्चन उत्सवों में कुटिल आस्तिक की तरह दूर से सम्मिलित होते रहे हैं। मन को वात्सल्य रस देने वाली सई नदी हमारे गांव के पास ही शिव सीढ़ी का जलाभिषेक करती है। यहां भवरेश्वर शिव मंदिर में शिवरात्रि और सावन के सोमवारों में लाखों श्रद्धालु जुटते हैं। लोकमन हर-हर महादेव हो जाता है।

भारतीय साहित्य शिव-पार्वती के संवाद से भरा-पूरा है। पार्वती प्रश्नाकुल हैं और शिव समाधानकर्त्ता। तुलसीदास के रामचरित मानस में पार्वती ने सीधे राम के अस्तित्व पर ही प्रश्न पूछा। शिव ने ब्रह्म तत्व समझाया, लेकिन पार्वती ने स्वयं परीक्षा ली। यह भी उचित था। अनुभव करना सुनने से ज्यादा श्रेष्ठ है, लेकिन शिव सब जानते थे। वे प्रतिपल यत्र-तत्र-सर्वत्र उपस्थित हैं। उनके कंठ में विष है। वे नीलकंठ हैं। गले में सांप भी है, लेकिन चंद्रमा शिव का प्रिय आभूषण है। सोम और चंद्र पर्यायवाची हैं। शिव ने सनत कुमारों को बताया कि उनके तीन नेत्र हैं। सूर्य दांया नेत्र है और बांया चंद्रमा। अग्नि मध्य नेत्र हैं।

सूर्य की अपनी प्रिय राशि सिंह है। चंद्र की कर्क है। सूर्य इस यात्रा में कर्क से सिंह क्षेत्र में पहुंचते हैं। तब शिवार्चन की शुभ मुहुर्त बनती है। ऐसी संक्रांति सावन मास में पड़ती है। सो शिव को सावन प्रिय है। श्रीकृष्ण को बसंत ऋतु प्रिय है और मार्गशीर्ष-अगहन का मास, लेकिन शिव की बात निराली है। ऋतुराज बसंत में पृथ्वी और वायु का चरम आनंद है। बसंत हहराता है तब क्षिति, जल, पावक और गगन समीर भी मधुरसा हो जाते हैं। शिवरात्रि आती है। वायु सुकुमार लज्जाशील नायिका की तरह बहती है।

मनुष्य सुगंध प्रिय है। ऋग्वेद वाले रूद्र शिव 'सुगंधिं पुष्टिवर्द्धनं' हैं। देवों को पुष्पार्चन किया जाता है, लेकिन शिव को बेलपत्र और धतूरे का फल। शिव मस्त मस्त बिंदास देवता हैं। परम योगी। चरमोत्कर्ष वाले नृत्यकर्त्ता। श्रीकृष्ण के पास बांसुरी तो शिव के पास डमरू। बांसुरी की धुन पर तीनों लोक मोहित हुए थे, तो डमरू की धुन पर तीनों लोक अस्तित्व में रहते हैं। शिव जब चाहते हैं, रूद्र हो जाते हैं। प्रलयंकार हो जाते हैं, लेकिन यही रूद्र शिव हैं। ऋग्वेद में 'जो रूद्र है, वही शिव भी है।' त्रिशूल उनका हथियार।

सोंचता हूं कि ये तीन शूल क्या हैं? ये दैविक, दैहिक और भौतिक कष्ट तो नहीं हैं? या भौतिक, आधिभौतिक और आध्यात्मिक वेदनाएं हैं। शिव दुख हारी हैं- त्रिशूल धारक जो हैं, लेकिन सोंचने से मन नहीं भरता। मन यहां, वहां, जहां, तहां भागता ही है। राजनीति में हूं सो मंच, माला, माइक का त्रिशूल भीतर बहुत गहरे तक धंसा हुआ है। कह सकता हूं कि मैं भी त्रिशूलधारी हूं। सोम सामने है, भीतर ओम है। सोम ओम की यारी पुरानी है, लेकिन सोम से वंचित हूं। ओम् की अनुभूति नहीं। ऋग्वेद के ऋषि वशिष्ठ ने आर्तभाव से पुकारा था- न्यम्बक रूद्र को- हमें पकी ककड़ी की तरह मृत्यु बंधन से मुक्त करो।'

# बांग्लादेश में कट्टरपंथियों की हार से सुधरेगा रिश्ता

बांग्लादेश के आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेतृत्व वाले गठबंधन ने प्रचंड जीत दर्ज कर ली है। बांग्लादेश की जनता से कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी और नेशनल सिटीजन पार्टी को करारी हार मिली है। बांग्लादेश की सत्ता बीएनपी के हाथों में जाना भारत के लिए राहत की बात है, क्योंकि पार्टी मुखिया तारिक रहमान ने चुनावी सभाओं में भारत से रिश्ते सुधारने के न सिर्फ संकेत दिए बल्कि उनके बयानों में भी भारत के लिए कभी कड़वापन नहीं दिखा। तारिक रहमान की मां एवं पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया ने भारत से रिश्ते सुधारने की कभी पहल नहीं की, लेकिन जब वह बीमार हुईं तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इलाज में सहयोग की पहल की और निधन पर विदेश मंत्री को भी वहां भेजा। यह रिश्तों में जमीं बर्फ को पिघलाने वाली पहल मानी गई। बीएनपी की जीत पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा फोन कर तारिक रहमान को बधाई देना और भविष्य में पूर्व की भांति ही सहयोग देने के आश्वासन को बड़ी कूटनीतिक पहल माना जा रहा है।



अमित नारायण
राजनीतिक विश्लेषक

बांग्लादेश की जनता ने बीएनपी को बहुमत देकर बता दिया है कि वह कट्टरपंथ को पसंद नहीं करती। बीएनपी का पाकिस्तान और चीन के प्रति लचीला रुख रहा है, लेकिन भारत के विरुद्ध बहुत कटुता वाला भी नहीं रहा है। ऐसे में यह माना जा रहा है कि भारत से पुरानी कड़वाहट को भूलकर तारिक रहमान दोस्ती का हाथ बढ़ाएंगे। वह ऐसी गलती नहीं करेंगे, जो मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने की।

> बांग्लादेश की जनता ने कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी और नेशनल सिटीजन पार्टी को नकार दिया है। बांग्लादेश की सत्ता बीएनपी के हाथों में जाना भारत के लिए बड़ी राहत की बात है। बीएनपी मुखिया तारिक रहमान ने भी भारत से रिश्ते सुधारने के संकेत दिए हैं।

प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से हटाने के लिए आंदोलन करने वाले छात्रों ने भारत विरोध का रुख अख्तियार कर रखा था। उन्हें जमात-ए-इस्लामी का पूर्ण समर्थन भी था। हिंदुओं पर हुए अत्याचार में इसी कट्टरपंथी गैंग का हाथ है। उनकी कट्टरता और भारत व हिंदू विरोधी सोच के कारण ही वहां हिंसा भड़की और एक दर्जन से अधिक हिंदुओं की हत्या हुई। जमात-ए-इस्लामी सदैव वहां इस्लामिक शासन की मांग करती रही है। पाकिस्तान के आतंकी समूहों को भी उसका समर्थन रहा है। ऐसे में अगर जमात और छात्र नेताओं के नेतृत्व वाली पार्टी सत्ता में आती है, तो भारत की मुश्किलें कम होने के बजाय बढ़ जातीं। फिर तो वहां न सिर्फ पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के पांव पूरी तरह से जम जाते, बल्कि आतंकी समूहों का बोलबाला भी होता।

प्रधानमंत्री मोदी की पहल के बाद अब यह माना जा रहा है कि तारिक रहमान के शपथ ग्रहण समारोह में केंद्र सरकार का कोई मंत्री जरूर हिस्सा लेगा। इसी माह होने वाली एआई समिट में शामिल होने के लिए तारिक रहमान को निमंत्रण दिया जा सकता है। वैसे कुछ राजनीतिक विश्लेषक यह कह रहे हैं कि शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग को लेकर तारिक रहमान से भारत के रिश्ते खराब हो सकते हैं, लेकिन कई विश्लेषकों का यह कहना है कि 20 साल बाद सत्ता में वापसी कर रही बीएनपी कड़वाहट वाले मुद्दों को भूलकर भारत से रिश्ते मजबूत करना चाहेगी, क्योंकि इसमें ही उसका भला है।

# समाज बेटियों को नियंत्रित करता है

'सुरक्षा' एक ऐसा शब्द है, जिसे सुनते ही मन में भरोसे और संरक्षण की छवि उभरती है। यही शब्द माता-पिता की सबसे बड़ी ढाल माना जाता है और यही समाज की सबसे बड़ी दलील भी, लेकिन जब यह शब्द बेटी की आज़ादी छीनने का माध्यम बन जाए, तब इसका अर्थ बदल जाता है। तब सुरक्षा एक ऐसा ताला बन जाती है, जो बेटी के सपनों, इच्छाओं और आत्मसम्मान पर जड़ दिया जाता है। यह ताला दिखाई नहीं देता, पर इसका बोझ हर सांस के साथ महसूस होता है। बेटी को बताया जाता है कि यह सब उसके भले के लिए है, जबकि असल में यह उसके अस्तित्व पर नियंत्रण की प्रक्रिया होती है।

भारतीय समाज में बेटी को आज भी एक स्वतंत्र व्यक्ति के बजाय परिवार की प्रतिष्ठा से जोड़कर देखा जाता है। उसकी चाल, पहनावा, दोस्ती और निर्णय- सब पर निगाह रखी जाती है। जैसे ही बेटी अपने जीवन के फैसले खुद लेने की बात करती है, 'सुरक्षा' का तर्क सामने खड़ा कर दिया जाता है। प्रेम, विवाह, शिक्षा या करियर- हर क्षेत्र में उसकी आज़ादी सीमित कर दी जाती है। यह सीमाएं परिवार द्वारा खींची जाती हैं और समाज द्वारा स्वीकार कर ली जाती हैं। यही स्वीकृति इस समस्या को और गहरा बनाती है।



कृति जैन
लेखिका

इस तथाकथित सुरक्षा का सबसे खतरनाक पहलू यह है कि इसे प्रेम का रूप देकर प्रस्तुत किया जाता है। माता-पिता कहते हैं कि दुनिया बहुत खराब है, इसलिए बेटी को घर में रखना ज़रूरी है, लेकिन सवाल यह है कि क्या दुनिया केवल बेटी के लिए ही खराब है? बेटे भी उसी दुनिया में रहते हैं, वही रास्ते तय करते हैं, वही जोखिम उठाते हैं। फर्क सिर्फ़ इतना है कि बेटी को कमजोर और असहाय मान लिया जाता है और यही मान्यता उसकी आज़ादी की सबसे बड़ी दुश्मन बन जाती है।

यह कैद केवल दरवाज़े बंद करने तक सीमित नहीं होती। यह सोच, भावनाओं और निर्णयों पर भी पहरा बिठा देती है। बेटी से बार-बार कहा जाता है कि वह समझदार बने, समाज की बात माने, परिवार की इज़्ज़त रखे। धीरे-धीरे वह अपने मन की बात कहना छोड़ देती है। सवाल पूछना, विरोध करना या अपनी इच्छा जताना उसे अपराध जैसा लगने लगता है। यह मानसिक कैद शारीरिक कैद से कहीं अधिक खतरनाक होती है, क्योंकि इसमें सलाखें दिखाई नहीं देतीं, लेकिन रास्ते पूरी तरह बंद हो जाते हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में यह समस्या परंपरा और जाति की कठोर दीवारों से और भी मज़बूत हो जाती है। प्रेम विवाह या अंतरजातीय संबंधों के मामलों में बेटियों को घर में बंद कर देना, मोबाइल छीन लेना या बाहर निकलने से रोक देना, वहां सामान्य व्यवहार माना जाता है। कई बार यह कैद महीनों नहीं, बल्कि वर्षों तक चलती है। शहरों में इसका रूप थोड़ा बदला हुआ दिखता है, लेकिन सार वही है। यहां बेटी को 'आधुनिक सुरक्षा' के नाम पर निरंतर निगरानी में रखा जाता है-लोकेशन ट्रैकिंग, समय की सख्त पाबंदी और हर निर्णय पर सवाल। फर्क सिर्फ़ दिखावे का है, सोच वही पुरानी है।

# ऑप्टिकल माइक्रो चिप में चीन की बढ़त

> सबसे एडवांस्ड इलेक्ट्रॉनिक चिप्स तक चीन की पहुंच सीमित करने की अमेरिकी नीतियों के बाद चीन में ऑप्टिकल कंप्यूटिंग को अपनाने में तेजी आई है। ऐसी चिप क्वांटम कम्प्यूटिंग की नींव होती है। ऐसे चिप्स बड़े आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल की मेधा बढ़ाने के लिए जरूरी हैं।

सबसे एडवांस्ड इलेक्ट्रॉनिक चिप्स तक चीन की पहुंच को सीमित करने और उन्हें बनाने के लिए ज़रूरी उपकरणों पर प्रतिबंध लगाने की अमेरिकी नीतियों के बाद चीन में ऑप्टिकल कंप्यूटिंग को अपनाने में तेज़ी आई है। ऐसी चिप क्वांटम कम्प्यूटिंग की नींव होती है। ऐसे चिप्स बड़े आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल को प्रशिक्षित करके इसकी मेधा को बढ़ाने और इसे काम पर लगाने के लिए ज़रूरी हैं। चीन शांगहाई में फु दां यूनिवर्सिटी के मटीरियल साइंटिस्ट ज़ेंग गुआंग चेंग कहते हैं कि अमेरिकन और उसके दोस्तों के प्रतिबंधों ने चीन को हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग के लिए वैकल्पिक रास्ते खोजने के लिए और ज़्यादा प्रेरित किया है। वह कहते हैं कि चीन की 14वीं पंचवर्षीय योजना में फोटोनिक्स का ज़िक्र है, साथ ही क्वांटम कंप्यूटिंग प्रोजेक्ट्स का भी। चीन की सरकार ने इसके लिए लगातार बहुत ऊंचे स्तर का निवेश किया है।

कंप्यूटिंग के क्षेत्र में फु दां यूनिवर्सिटी विश्व की टॉप दस में से एक है। एक ऑप्टिकल चिप, जिसे अक्सर फोटोनिक चिप भी कहा जाता है, एक माइक्रोचिप है, जो जानकारी भेजने और प्रोसेस करने के लिए लाइट वेव्स अर्थात प्रकाश कणों/तरंगों का इस्तेमाल करती है और यह मॉडर्न ऑप्टिकल कम्युनिकेशन सिस्टम में बहुत ज़रूरी भूमिका निभाती है। एक फोटोनिक चिप बनाने के लिए पारंपरिक फोटोलिथोग्राफी, एक्सट्रीम अल्ट्रावायलेट और रेजोनेंट फोटोनिक इंटरफेरोमेट्री की ज़रूरत होती है। इसमें अत्यंत बारीक पराबैंगनी किरण की बहुत तेज़ धार से सिलिकॉन और गैलियम नाइट्राइड के वेफर्स या चिप्पड़ों पर बनाए गए इंटिग्रेटेड सर्किट्स से करोड़ों की संख्या में ट्रांजिस्टर्स को चिपकाना संभव है, ताकि डाटा प्राप्त करने के बाद ये बहुत तेज़ी से काम करते हुए क्षणभर में निष्कर्ष निकाल सकें।



रनबीर सिंह
विज्ञान लेखक

चीन ने ऑप्टिकल चिप्स बनाने के लिए टेक्नोलॉजी डेवलप कर ली है, खासकर फोटोनिक कंप्यूटिंग के फील्ड में। शांगहाई में जिओ टोंग यूनिवर्सिटी और सिंग हुआ यूनिवर्सिटी के रिसर्चर्स द्वारा डेवलप की गई लाइट-जेन चिप, ऑप्टिकल एआई टेक्नोलॉजी में एक बड़ी तरक्की है, जो हाई-रिज़ॉल्यूशन इमेज बनाने और वीडियो बनाने में सक्षम है। वैसे, शोध साहित्य देखा जाए तो इस टेक्नोलॉजी के विकास के लिए बेसिक रिसर्च सन् 2019 से ही हो रही है और चीन के साइंटिस्ट्स ने इस बारे में सर्वाधिक शोधपत्रों का प्रकाशन किया। ऑप्टिकल कंप्यूटिंग में चीन की रिसर्च से दुनिया की पहली ऑल-ऑप्टिकल कंप्यूटिंग चिप बनी है, जो बड़े पैमाने पर जेनरेटिव एआई मॉडल को सपोर्ट करती है। देश ने थिन-फिल्म लिथियम नायोबेट फोटोनिक चिप्स के लिए अपनी पहली प्रोडक्शन लाइन भी शुरू की है, जिससे वह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्वांटम कंप्यूटिंग के लिए ग्लोबल मार्केट में मुकाबला करने की स्थिति में आ गया है।

डेटा ट्रांसमिशन, मॉड्यूलेशन और डीमॉड्यूलेशन जैसे कई काम करने के लिए ऑप्टिकल चिप्स इलेक्ट्रिकल सिग्नल या इलेक्ट्रॉन्स के बजाय लाइट कणों फोटॉन का इस्तेमाल करती हैं। ये एक ही चिप पर कई ऑप्टिकल कंपोनेंट्स को इंटीग्रेट करती हैं, जिससे ऑप्टिकल सिग्नल की कुशल प्रोसेसिंग हो पाती है। यह टेक्नोलॉजी हाई-स्पीड डेटा कम्युनिकेशन के लिए बहुत ज़रूरी है, खासकर फाइबर-ऑप्टिक नेटवर्क में, जहां लाइट पल्स लंबी दूरी तक जानकारी ले जाती हैं।

भारत एक्टिव रूप से ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक मॉड्यूल और सब-असेंबली बनाने की जुगत में है, लेकिन पूरी तरह से इंटीग्रेटेड ऑप्टिकल चिप्स अथवा फोटोनिक इंटिग्रेटेड सर्किट्स बनाना एक मायने में एडवांस्ड लिथोग्राफी और मटेरियल एक्सपर्टाइज पर निर्भर करते हैं। भारत के अनुसंधानकर्मी इसे अभी भी स्वायत्त रहकर देश में डेवलप कर रहे हैं, परंतु समय सीमाएं और एडवांस्ड लिथोग्राफी और अत्यधिक सटीक फैब्रिकेशन के लिए चुनौतियां मौजूद हैं, जोकि फोटोनिक चिप्स और हाई-एंड ऑप्टिकल इंटिग्रेटेड सर्किट्स के लिए ज़रूरी हैं। फिलहाल एक फोटोनिक चिप के लिए एक फैब लगाना भारत की स्वदेशी क्षमताओं से पूरी तरह बाहर है।

मुख्य प्रोसेस नोड्स और ऑप्टिकल-ग्रेड सिलिकॉन-ऑन-इंसुलेटर या पीरियाडिक टेबल में ग्रुप III और V एलेमेंट्स/मटेरियल के लिए टेक्नोलॉजी ट्रांसफर या विदेशी सहयोग की ज़रूरत होती है। भारत ने 2018 व 2023 के बीच चिप डिजाइन और फैब्रिकेशन पर पब्लिश रिसर्च पेपर की संख्या में ग्लोबल लेवल पर तीसरा स्थान हासिल किया है, जैसा कि जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी, यूएस द्वारा बनाए गए इमर्जिंग टेक्नोलॉजी ऑब्जर्वेटरी ने पुष्ट किया है।

# मर्यादित जीवन जीने वाला जीत लेता है हरेक का दिल

सामान्यतया सरल, शिष्ट एवं समाज के प्रति शालीनता का भाव प्रदर्शित करने को मर्यादायुक्त जीवन जीना कहते हैं। मर्यादित जीवन जीने वाला हरेक का दिल जीत लेता है। वह दूसरों को आदर देता है, तो बदले में आदर पाता भी है, जबकि अमर्यादित जीवन जीने वाले समाज में हेय दृष्टि से देखे जाते है, क्योंकि अमर्यादित जीवन वाला अपने पद एवं संपदा के बल पर अहंकारग्रस्त रहते हैं। अपने से अशक्त लोगों का माखौल उड़ाते हैं, जबकि मर्यादा का ख्याल रखने वाला कोशिश करता है कि उसके आचरण से दूसरों को कष्ट न हो।



सलिल पाण्डेय
मिर्जापुर

उदाहरण के रूप में लें तो त्रेतायुग के महानायक श्रीराम मनुष्य रूप में इतना मर्यादित आचरण करते हैं कि उनके नाम के आगे मर्यादा पुरुषोत्तम पद का उपयोग किया जाता है। भगवान राम की यह मर्यादा थी कि उन्हें 14 वर्ष वनवास का आदेश कराने वाली कैकेई एवं मंथरा तक को वे अपमानित नहीं करते, जबकि अयोध्या की जनता श्रीराम के साथ थी। वे चाहते तो जनता के बल पर सिंहासन हासिल कर सकते थे, लेकिन पिता का सम्मान करते हुए प्रसन्नता के साथ वनवास चले गए।

दूसरी ओर उसी युग में रावण का पूरा जीवन अमर्यादित था। अपनी शक्ति के बल पर अनाचार एवं अमर्यादित आचरण करता था। दूसरे की पत्नी पर कुदृष्टि डालने वाला सर्वाधिक अमर्यादित होता है। उसने भगवान श्रीराम की पत्नी का अपहरण किया। जिन-जिन लोगों ने इसकी निंदा की, उसे वह अपमानित करता रहा। यहां तक की उनकी पत्नी मंदोदरी तक ने जब इस गलत काम की निंदा की तो भी उसके ऊपर असर नहीं पड़ा। यहां तक कि भाई विभीषण को लंका से निकाल दिया।

इस तरह समाज मर्यादा पुरुषोत्तम की तरह आचरण करने वाले को सम्मान की नजर से देखता है। मर्यादापूर्ण जीवन से सुख-शांति मिलती है। कहते हैं कि इज्जत देने से इज्जत मिलती है। ऐसा नहीं हो एकता कि हम दूसरों का अपमान करें और बदले में वह इज्जत दे। भले अशक्त है तो चुप रह जाएगा, कोई प्रतिक्रिया नहीं व्यक्त करेगा, लेकिन मन ही मन कोसेगा जरूर। जीवन में शुभकामनाओं का एवं बद्दुआओं का असर पड़ता है। अतः कोशिश करनी चाहिए कि मर्यादापूर्ण जीवन जीते हुए लोगों की शुभकामनाएं ही मिलती रहें।

# सप्त चक्र और सप्त पावन पुरियां: आनंद की ओर एक अंतर्यात्रा

जैसे पतंग को आकाश में ऊंचा उड़ाने और धरती से साधने के लिए एक पतली डोर की आवश्यकता होती है। डोर भले ही भूमि पर रहती है, किंतु उसी के सहारे पतंग अनंत गगन में विचरती है। वह डोर 'सूत्र' कहलाती है। वैसे ही जीवन को ऊर्ध्वगामी बनाने और अनंत आकाश में विस्तार देने के लिए हमें भी एक ऐसे सूत्र की आवश्यकता होती है, जो पृथ्वी और आकाश, मानव और देवत्व के बीच सेतु का कार्य करे।



सूत्र ज्ञान का सार है, यह अल्प शब्दों में गहनतम अर्थ का प्रकाश छिपाए हुए है। हम जिस सूत्र को थामते हैं, वही हमारे जीवन की दिशा और गुणवत्ता निर्धारित करता है। प्रत्येक जीवन में शुभता की कोई न कोई ज्योति अवश्य विद्यमान होती है। प्रश्न यह है कि हम उस शुभता को पकड़ते हैं या दुर्भाग्य और नकारात्मकता से चिपके रहते हैं।

हर जीवन में कुछ न कुछ मंगल घटित हुआ है, परंतु मन की प्रवृत्ति प्रायः सकारात्मक को उपेक्षित कर नकारात्मक को पकड़ लेने की होती है। इस वृत्ति को रूपांतरित करने के लिए हमें 'शिव सूत्रों' का आश्रय लेने का संकेत दिया गया है। ये सूत्र हमें सत्य, सौंदर्य और 'शिव तत्त्व', अर्थात्शुभता और निर्दोषिता के सिद्धांत की ओर अग्रसर करते हैं, इसीलिए शिव सूत्रों का अध्ययन और मनन करने की प्रेरणा सदा से दी जाती रही है।



गुरुदेव श्री श्री रविशंकर
आध्यात्मिक गुरु

'शिव सूत्र' सनातन होते हुए भी निर्मल वायु के ताज़ा झोंके की तरह सदा नवीन हैं। वे मन को मुक्त करते हैं और आनंद का संचार करते हैं। वे मात्र दर्शन नहीं, अपितु चेतना का विज्ञान हैं। पांच-छः वर्ष के बालक या कुछ महीनों के शिशु को देखिए, उनके प्रत्येक कोश में उत्साह का प्रवाह स्पंदित होता है। अब वयस्कों को देखिए, आयु के साथ उनका उत्साह क्षीण होता जाता है। जब उत्साह ही मंद पड़ जाए, तो क्या हम वास्तव में जीवित हैं? यह ह्रास हमारे ही निर्मित 'विश्व' के कारण होता है। उस संसार के कारण, जिसे हमने अपने मन में रचा है।

क्या इसका समाधान समाज से पलायन कर हिमालय की गुफाओं में जा बैठना है? मात्र गुफा में प्रवेश कर लेने से आनंद नहीं मिलता, क्योंकि संसार बाहर नहीं, मन में विद्यमान है। उसे आपने ही रचा है और आप ही उसका विसर्जन कर सकते हैं। समाधान आपके ही भीतर निहित है।

शिव सूत्र का एक वाक्य स्पष्ट दिशा देता है-
'शक्ति-चक्र-संधाने विश्वसंहारः।'

अर्थात् जब साधक अपने भीतर स्थित विभिन्न ऊर्जा-केंद्रों पर सजगता लाता है और उनका साक्षी बनता है, तब चिंताओं और चंचल विचारों का विश्व स्वयं विलीन हो जाता है। शांति स्वयमेव अवतरित होती है। यही बहिरंग को छोड़ अंतर्मुख होने की कला है।

विभिन्न भावनाएं शरीर के भिन्न-भिन्न केंद्रों को सक्रिय करती हैं। क्रोध उत्पन्न होता है तो भ्रूमध्य में स्पंदन अनुभव होता है। विषाद आता है तो कंठ अवरुद्ध हो उठता है। घृणा हृदय प्रदेश में हलचल करती है, जबकि ईर्ष्या उदर में मंथन उत्पन्न करती है। सद्भाव भी वहीं से अंकुरित होता है। प्रेम का अनुभव भी हृदय क्षेत्र में ही होता है।

यह सूक्ष्म जगत् विराट जगत् से जुड़ा हुआ है। शरीर में सात प्रमुख चक्रों के रूप में सात ऊर्जा केंद्र स्थित हैं, जिन्हें सहस्रों सूक्ष्म नाड़ियों का जाल जोड़ता है। आश्चर्य की बात है कि ये सात चक्र भारत के सात पवित्र नगरों से भी संबद्ध माने गए हैं, माया या हरिद्वार, कांची, अयोध्या, मथुरा, काशी, अवंती (उज्जयिनी) और द्वारका।

चक्रों को भौतिक चक्र के रूप में कल्पित न करें। ध्यान के समय केवल सजगता को उन केंद्रों तक ले जाना ही पर्याप्त है। ऐसा करते ही नकारात्मक ऊर्जा क्षीण होने लगती है और सकारात्मक गुण जागृत होते हैं। माया या हरिद्वार, मेरुदंड के आधार पर स्थित मूलाधार चक्र का प्रतीक है। जड़ता के हटते ही उत्साह जागृत होता है और यात्रा आरंभ होती है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## न्यूज ब्रीफ

### 16 से 28 तक भारत नेपाल मैत्री महोत्सव

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव 2026 का आयोजन 16 से 28 फरवरी तक प्रदेश के आठ जिलों में किया जाएगा। 13 दिवसीय इस सांस्कृतिक उत्सव की शुरुआत 16-17 फरवरी को कुशीनगर से होगी, जबकि समापन 27-28 फरवरी को पीलीभीत में होगा। इसके अलावा सिद्धार्थनगर, महाराजगंज, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच और लखीमपुर खीरी में भी क्रमवार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जनपदों के प्रमुख स्थलों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, शोभायात्राएं, कवि सम्मेलन और संगोष्ठियां आयोजित होंगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि महोत्सव में 'एक जनपद एक उत्पाद' प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र होगी।

### किसानों तक पहुंचाएंगे नई तकनीक : शाही

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने झांसी स्थित रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी-2026 का उद्घाटन किया। "विकसित कृषि-विकसित भारत-2047" अभियान के तहत 14 से 16 फरवरी तक चलने वाले इस मेले का उद्देश्य आधुनिक कृषि तकनीकों को किसानों तक पहुंचाना है। कृषि मंत्री ने 'श्री अन्न उत्कृष्टता केंद्र' और 'खाद्य परीक्षण एवं प्रसंस्करण केंद्र' का लोकार्पण किया तथा 20 करोड़ रुपये की लागत से प्राकृतिक एवं जैविक खेती उत्कृष्टता केंद्र और 11 करोड़ रुपये की प्राकृतिक कृषि उत्पाद परीक्षण प्रयोगशाला का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में एआई आधारित मोबाइल ऐप "डीआरएक्यू", "एक्वा स्कैन" और "पशु आहार मित्र" भी लांच किए गए।

### 74 जिलों को मिले विधिक सेवा प्रचार वाहन

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 74 जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के लिए मल्टी यूटिलिटी विधिक सेवा प्रचार वाहनों का फ्लैग-ऑफ तथा राज्य स्तरीय मध्यस्थता हेल्पलाइन 1800-180-1212 की शुरुआत की गई है। हाईकोर्ट लखनऊ खंडपीठ परिसर में निकले ये प्रचार वाहन ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में जाकर नि:शुल्क विधिक सहायता और सरकारी योजनाओं की जानकारी देंगे। वहीं नई मध्यस्थता हेल्पलाइन के जरिए लोग अपने विवादों के समाधान हेतु मुफ्त परामर्श ले सकेंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने शनिवार को किया। इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति पंकज मित्तल, इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण भंसाली सहित कई वरिष्ठ न्यायाधीश उपस्थित रहे।

### महिला छात्रावासों के निर्माण को किस्त जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहरी क्षेत्रों में रोजगार के लिए आने वाली कामकाजी महिलाओं के लिए किफायती आवास उपलब्ध कराने के लिए आठ श्रमजीवी महिला छात्रावासों के निर्माण कार्य को तेज कर दिया गया है। केंद्र सरकार की एसएएससीआई योजना के अंतर्गत संचालित इस योजना के लिए कुल 382 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जिसमें से 251.82 करोड़ रुपये (करीब 66 प्रतिशत) पहली किस्त के रूप में जारी कर दिए गए हैं। प्रदेश सरकार ने अप्रैल 2025 में सीएंडडीएस को इस परियोजना का कार्यदायी संस्थान नामित किया था। विभागीय स्तर पर भूमि चिन्हांकन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। वर्तमान में लखनऊ में 3, गौतमबुद्धनगर में 4 और गाजियाबाद में 1 कुल आठ छात्रावासों का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है।

# नौकरी की गारंटी होगी वानिकी विश्वविद्यालय की डिग्री : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

- जंगल कौड़िया ब्लॉक में पुनर्निर्मित बीडीओ कार्यालय का उद्घाटन

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कैम्पियरगंज में प्रस्तावित प्रदेश का पहला वानिकी एवं उद्यान विज्ञान विश्वविद्यालय युवाओं के लिए रोजगार की गारंटी बनेगा। इस विश्वविद्यालय से डिग्री और डिप्लोमा लेकर निकलने वाले युवाओं को देश और दुनिया में व्यापक रोजगार अवसर मिलेंगे। साथ ही यह संस्थान किसानों की आय बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाएगा।

मुख्यमंत्री शनिवार को जंगल कौड़िया ब्लाक में पुनर्निर्मित बीडीओ कार्यालय के उद्घाटन के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती पर्यावरण प्रदूषण है। वायु प्रदूषण सीधे स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, जबकि उत्तर प्रदेश ने विकास के साथ-साथ दमघोंटू वातावरण से मुक्ति की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। कैम्पियरगंज में बनने वाला वानिकी विश्वविद्यालय इन पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने में कारगर सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने कैम्पियरगंज में स्थापित गिद्धराज जटायु संरक्षण केंद्र का उल्लेख करते हुए कहा कि माता सीता के हरण के समय रावण का प्रतिकार करने वाले गिद्धराज जटायु मानव



गोरखपुर के जंगल कौड़िया ब्लॉक में पुनर्निर्मित बीडीओ कार्यालय का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

जाति के लिए प्रेरणास्रोत हैं। आज रसायनों और कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग से गिद्धों की संख्या घट रही है, ऐसे में संरक्षण केंद्र बनाकर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई है। इसी क्रम में वानिकी विश्वविद्यालय वनाच्छादन बढ़ाने और पर्यावरण संतुलन का नया मॉडल बनेगा।

# विकास का मॉडल बना गोरखपुर: मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकास कैसे होता है, आज गोरखपुर उसका सजीव मॉडल बन चुका है। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है और गोरखपुर इसकी मजबूत मिसाल है।

मुख्यमंत्री शनिवार को वार्ड संख्या-22 जंगल तुलसीराम के बिछिया कॉलोनी में शहर के पांचवें कल्याण मंडपम के लोकार्पण के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने 2.47 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित कल्याण मंडपम का फीता काटकर उद्घाटन किया। यह मंडपम मुख्यमंत्री की विधायक निधि से बनाया गया है। योगी ने कहा कि गोरखपुर में अब तक पांच कल्याण मंडपम बन चुके हैं और पांच अन्य निर्माणाधीन हैं।

मुख्यमंत्री ने बिछिया क्षेत्र को सड़कों और जलनिकासी का नया मॉडल बताते हुए कहा कि गोड़धोइया नाला और एसटीपी परियोजनाएं क्षेत्र की तस्वीर बदल देंगी। उन्होंने बताया कि राप्तीनगर विस्तार स्पोर्ट्स सिटी योजना के तहत एलआईजी और ईडब्ल्यूएस आवंटियों को आवास सुविधा दी जा रही है।


# एसएससी परीक्षा : साल्वर गैंग के सरगना समेत दो गिरफ्तार

## यूपीएस रूम का कंप्यूटर सिस्टम हैक कर कराई जा रही थी ऑनलाइन नकल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



गिरफ्तार भास्कर नैथानी व नीतीश कुमार।



परीक्षा केंद्र पर हैक कर चलाया जा रहा कंप्यूटर सिस्टम।

- एसटीएफ के रडार पर साल्वर गैंग के आधा दर्जन सदस्य, जांच जारी

**अमृत विचारः** स्टाफ सेलेक्शन कमीशन (एसएससी) की मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस) के लिए की जा रही भर्ती में साल्वर गैंग के सरगना ने सेंध लगा दी। ऑनलाइन हाईटेक सुरक्षा व्यवस्था को भेदते हुए प्राक्सी सर्वर सेटअप के माध्यम से रिमोट एक्सेस से नकल कराई जा रही थी। यूपी और उत्तराखंड की एसटीएफ ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए देहरादून स्थित एमकेपी इंटर कालेज परिसर स्थित महादेव डिजिटल जोन के संचालक भास्कर नैथानी और सेंटर में तैनात इलेक्ट्रिशियन नीतीश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ तफ्तीश में अभी आधा दर्जन अभियुक्तों के भी साल्वर गैंग में शामिल होने के सुराग मिले हैं। सभी के खिलाफ साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

एसएससी द्वारा केंद्र सरकार के विभागों में एमटीएस के तहत सेंट्रल ऑफ इनडायरेक्ट टैक्सेस ब्यूरो ऑफ नारकोटिक्स (सीबीआईसी व सीबीएन) में हवलदार के पदों के लिए पहले चरण की कंप्यूटर आधारित परीक्षा चल रही है। यह परीक्षाएं चार फरवरी को शुरू हुई थीं, जो कि 15 फरवरी तक जारी रहेंगी। इसके लिए यूपी के साथ ही उत्तराखंड के तमाम डिजिटल से लैस संस्थान केंद्र बनाए गए हैं। इन सभी केंद्रों पर अलग-अलग तारीखों में परीक्षाएं एड्यूक्विटी कंपनी की ओर से कराई जा रही हैं।

एसटीएफ के एडीशनल एसपी ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि ऑनलाइन हो रही परीक्षा में पता चला कि कुछ स्थानों पर सिस्टम हैक करके सॉल्वर बिठाकर परीक्षा कराई जा रही हैं। इसके बाद जब टीम को उतारा गया तो पता चला कि देहरादून स्थित डिजिटल जोन परीक्षा लैब के पास बने यूपीएस रूम से कंप्यूटर सिस्टम हैक करके नकल कराई जा रही है। इसके बाद यूपी और उत्तराखंड की एसटीएफ टीम ने संयुक्त रूप से परीक्षा केंद्र पर छापा मारा। वहां पर अंडर ग्राउंड चैंबर में दो लैपटाप चालू हालत में पाए गए, जिन पर करसर लगातार मूव कर रहा था। वहां पर टर्मिनल विंडो ओपन थीं, वहीं 16 कार्ड व आईकान दिखाई दे रहे थे।

एसटीएफ ने नकल कराने के आरोप में शनिवार को परीक्षा केंद्र के मालिक भास्कर नैथानी, निवासी सरस्वतीपुरम लेन नंबर-चार, देहरादून और नितीश कुमार निवासी सुरजीपुर, देवरिया को गिरफ्तार कर लिया। नितीश कुमार मौजूदा समय में परिवार के साथ दिल्ली के नांगलोई में रहता है। वह भाष्कर नैथानी के यहां संस्थान में इलेक्ट्रिशयन के पद पर तैनात है। पूछताछ में अभी आधा दर्जन अभियुक्तों के भी साल्वर गैंग में शामिल होने की आशंका है। टीमें लगातार साक्ष्य जुटाने में लगी हैं।

# दिल्ली पुलिस भर्ती में भी हुई थी नकल !

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** एसएससी की एमटीएस परीक्षा में ऑनलाइन साल्वर गैंग का खुलासा हुआ है तो अब बीते दिनों हुई दिल्ली पुलिस की भर्ती पर भी सवाल उठने शुरू हो गए हैं। एसटीएफ के मुताबिक, नवंबर-25 में दिल्ली पुलिस के चालक पद की भर्ती के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा देहरादून के इसी महादेव डिजिटल जोन सेंटर पर कराई गई थी। गिरफ्तार इलेक्ट्रिशियन नितीश ने उस समय भी कथित तौर पर यूपीएस सिस्टम हैक करने के लिए अंडर ग्राउंड सिस्टम तैयार किया था। अब सवाल उठ रहे हैं कि क्या दिल्ली पुलिस की उस भर्ती में भी नकल कराई गई थी। हालांकि अभी यह महज आशंका है, लेकिन विस्तृत जांच के बाद ही सही स्थिति साफ हो पाएगी।

एसटीएफ प्रवक्ता के मुताबिक, गिरफ्तार किया गया अभियुक्त इलेक्ट्रिशियन नितीश कुमार मूलरूप से देवरिया का निवासी है। वह वर्ष 2007 से दिल्ली के नागलोई में माता-पिता और परिवार के साथ रहता है। आरोप है कि नकल माफियाओं के कहने पर नितीश कुमार ने राउटर को पावर सप्लाई और इंटरनेट के लिए अवैध रूप से छिपाते हुए चैंबर में अंडर

### सॉल्वर गैंग

- पुलिस परीक्षा में भी तैयार किया गया था अंडरग्राउंड सेटअप



ग्राउंड वायरिंग की थी। वायरिंग को लैब और कैमरे से कनेक्ट कर नकल कराई जा रही थी। एसटीएफ के मुताबिक, नितीश कुमार ने पूछताछ में बताया कि नवंबर 25 में देहरादून के इसी महादेव डिजिटल सेंटर पर दिल्ली पुलिस के चालक पदों की परीक्षा हुई थी। इस परीक्षा को भी एसएससी ने आयोजित किया था। उस दौरान भी उसने अंडर ग्राउंड सेटअप तैयार किया था। नितीश कुमार नकल माफियाओं के इशारे पर परीक्षा वाले दिन सुबह छह और 6.30 बजे के बीच में यूपीएस रूम के चैंबर को ओपन कर लैपटाप को ऑन कर देता था। बाद में उसके ढक्कन लगाकर उसे ढक देता था। आरोप यह भी है कि नितीश कुमार केंद्र के परीक्षार्थियों के कंप्यूटर की आईपी लिस्ट को एक पेपर पर लिखकर उसकी फोटो व्हाट्सएप के माध्यम से साथी साल्वरों को भेज देता था। इसी आईपी के जरिए प्रोक्सी एडमिन कंप्यूटर में मौजूद रिमोट एक्सेस टूल के माध्यम से दूर बैठकर पेपर हल कराते थे।

### दस लाख में कराते थे नकल

एसटीएफ के मुताबिक, साल्वर गैंग प्रत्येक अभ्यर्थी को परीक्षा में नकल कराने के लिए दस-दस लाख लेते थे। इसमें चार लाख पहले और परीक्षा खत्म होने के बाद शेष छह लाख रुपये लिए जाते थे। साल्वर गैंग के सदस्यों ने भास्कर नैथानी के नाम से सेंटर ले रखे थे। इसके ऐवज में नैथानी को 30 हजार रुपये और नितीश कुमार को 40 हजार रुपये प्रतिमाह अतिरिक्त रूप से दिए जाते थे।

> परीक्षा सेंटर के यूपीएस सिस्टम को हैक कर ऑनलाइन परीक्षा कराई जा रही थी। अभियुक्त नितीश कुमार ने राउटर को पावर सप्लाई और इंटरनेट के लिए अवैध रूप से छिपाते हुए चैबर में अंडर ग्राउंड वायरिंग की थी इस मामले में साल्वर गैंग के भास्कर नैथानी समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि गैंग के अन्य आधा दर्जन एसटीएफ के रडार पर हैं।
>
> -ब्रजेश कुमार सिंह, एडीशनल एसपी, एसटीएफ

# नोएडा मेट्रो एक्सटेंशन कॉरिडोर को मंजूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सेक्टर-142 से बॉटनिकल गार्डन तक 11.56 किमी एलिवेटेड विस्तार, 8 नए स्टेशन

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नोएडा मेट्रो रेल परियोजना के सेक्टर-142 से बॉटनिकल गार्डन तक 11.56 किलोमीटर लंबे एक्सटेंशन कॉरिडोर को मंजूरी दे दी है। यह नया एलिवेटेड कॉरिडोर कुल 8 स्टेशनों के साथ विकसित किया जाएगा। इसके संचालन में आने के बाद नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सक्रिय मेट्रो नेटवर्क की कुल लंबाई 61.62 किलोमीटर हो जाएगी।

यह कॉरिडोर बॉटनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन तक जाएगा, जहां दिल्ली मेट्रो की ब्लू लाइन और मैजेंटा लाइन से इंटरचेंज की सुविधा मिलेगी। इससे नोएडा और ग्रेटर नोएडा के यात्रियों को दिल्ली, एयरपोर्ट, प्रमुख रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों तक पहुंच और सुगम होगी। खासतौर पर परी चौक से बॉटनिकल गार्डन का सफर आसान होगा और यात्रा समय में उल्लेखनीय कमी आएगी। एक्सटेंशन कॉरिडोर से नोएडा के प्रमुख व्यावसायिक, औद्योगिक और शैक्षणिक क्षेत्रों को सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। सेक्टर-142 का एडवांट बिजनेस पार्क, सेक्टर-98 का स्काईमार्क वन मॉल, सेक्टर-93 का मॉल ऑफ नोएडा, सेक्टर-145 में माइक्रोसॉफ्ट, सेक्टर-157 में टीसीएस, सेक्टर-126 में हैवेल्स, सेक्टर-132 में इन्फोसिस व एडोबी, सेक्टर-135 में कॉग्निजेंट और सेक्टर-127 में ओरेकल जैसे बड़े संस्थानों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

# वाणी पोल खोल देती है : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शंकराचार्य पर दिए गए कथित अपमानजनक बयान को लेकर भाजपा पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि "पहन ले कोई जैसे भी चोले, पर उसकी वाणी पोल खोल देती है। अहंकार व्यक्ति का सम्मान छीन लेता है और समाज सब देख रहा है।



सपा प्रमुख ने शनिवार को कहा कि पूज्य शंकराचार्य के खिलाफ अपशब्द कहना शाब्दिक हिंसा और पाप है। साथ ही आरोप लगाया कि महाकुंभ में हुई मौतों के सही आंकड़े सार्वजनिक नहीं किए जा रहे हैं और मुआवजा वितरण में भी पारदर्शिता नहीं है। उन्होंने कहा कि जो लोग अपने ऊपर लगे मुकदमे हटवाते हैं, उन्हें किसी के धर्म पद पर सवाल उठाने का नैतिक अधिकार नहीं है। साथ ही कहा कि सदन में दिया गया अभद्र बयान रिकॉर्ड का हिस्सा बन चुका है और यह अत्यंत निंदनीय है।

# स्वस्थ जच्चा-बच्चा के लिए बढ़ेंगी एफआरयू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राज्य स्तरीय टास्क फोर्स बैठक में लिया गया निर्णय

**अमृत विचार :** आपातकालीन प्रसव सेवाओं को मजबूत करने के लिए 24 घंटे संचालित फर्स्ट रेफरल यूनिट (एफआरयू) की संख्या 153 से बढ़ाकर 427 करने का निर्णय लिया गया। साथ ही विशेष नवजात देखभाल इकाइयों (एसएनसीयू) और न्यूबॉर्न स्टेबिलाइजेशन यूनिट (एनबीएसयू) का विस्तार, सीपीएपी सुविधा बढ़ाने और 24 घंटे जांच सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

यह निर्णय शनिवार को प्रदेश में मातृ एवं नवजात मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष की अध्यक्षता में हुई राज्य स्तरीय टास्क फोर्स बैठक में लिया गया है। महाप्रबंधक (बाल स्वास्थ्य) डॉ. मिलिंद वर्धन ने बताया कि सैंपल रजिस्ट्रेशन सर्वे 2023 के अनुसार, प्रदेश में मातृ मृत्यु दर 141 प्रति एक लाख, नवजात मृत्यु दर 26 प्रति हजार और शिशु मृत्यु दर 37 प्रति हजार हो गई है। गुणवत्तापूर्ण प्रसव सेवाओं और नवजात देखभाल से मातृ मृत्यु में 46 प्रतिशत तथा नवजात मृत्यु में 40 प्रतिशत तक कमी संभव है।

'मदर एंड न्यूबॉर्न केयर यूनिट' (एमएनसीयू) मॉडल को बढ़ावा देने और ई-कवच डिजिटल प्रणाली के माध्यम से हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं व कम वजन वाले नवजातों की ट्रैकिंग को मजबूत किया जाएगा। अब हर तीन महीने में समीक्षा सम्मेलन आयोजित होंगे और अस्पतालों की कार्यप्रणाली का मूल्यांकन तय मानकों पर किया जाएगा। सरकार का लक्ष्य गर्भावस्था से लेकर जन्म के बाद तक मां और बच्चे की निरंतर निगरानी सुनिश्चित कर मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी लाना है।



लखनऊ : प्रदर्शनकारी आप कार्यकर्ताओं को बस में बिठाकर ले जाते पुलिसकर्मी।

# ट्रेड डील की प्रतियां जलाकर आप ने किया प्रदेशव्यापी प्रदर्शन

**अमृत विचार , लखनऊ :** आम आदमी पार्टी( आप ) ने कथित मोदी-ट्रंप ट्रेड डील के विरोध में प्रदेश के विभिन्न जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन किया। लखनऊ में स्वास्थ्य भवन चौराहे पर जिलाध्यक्ष इरम रिजवी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने समझौते की प्रतियां जलाकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

आप नेताओं ने आरोप लगाया कि यह डील किसानों, छोटे व्यापारियों और देश की संप्रभुता के खिलाफ है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह "ट्रेड डील नहीं, थ्रेट डील" है और इससे भारतीय कृषि बाजार अमेरिकी उत्पादों के लिए खोला जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने कुछ कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर ईको गार्डन भेज दिया। पार्टी ने प्रशासन की कार्रवाई को अलोकतांत्रिक बताते हुए डील को तत्काल निरस्त करने की मांग की है।

# प्रदेश की अदालतें पूर्व में झेल चुकी हैं आतंकी विस्फोट का दंश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वर्ष 2007 में लखनऊ, वाराणसी व अयोध्या में हुए विस्फोटों में गई थी 11 लोगों की जान

**अमृत विचारः** लखनऊ, अयोध्या, वाराणसी समेत सूबे के 15 जिलों की अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है तो अतीत की भयावह यादें ताजा हो रही हैं। बम विस्फोटों का दंश प्रदेश की अदालतें पूर्व में झेल चुकी हैं। इसी के चलते बीते दिनों मिली धमकियों को सुरक्षा एजेंसियां गंभीरता से ले रही हैं।

अतीत में जाएं तो 23 नवंबर 2007 में लखनऊ, वाराणसी और उस समय के फैजाबाद (अयोध्या) की अदालतों में सिलसिलेवार बम विस्फोट हुए थे। विस्फोटों में 11 लोगों को जान चली गई थी। इन विस्फोटों के पीछे आतंकी संगठन हरकत उल जिहाद अल इस्लाम (हूजी) और इंडियन मुजाहिदीन के संदिग्ध आतंकवादियों का हाथ होने के आरोप लगे थे। करीब दर्जन भर से अधिक अभियुक्तों की गिरफ्तारी भी की गई थीं। तोबड़तोड़ कार्रवाई के बाद माना गया था कि शायद अब अदालतें सुरक्षित रहेंगी। अदालत परिसरों में सीसीटीवी कैमरों के साथ ही तमाम सुरक्षा व्यवस्थाएं की गईं थीं। लेकिन चार अगस्त 2015 को कानपुर अदालत के परिसर में बम विस्फोट हो गया। चार अक्टूबर 2017 को लखनऊ के सिविल कोर्ट के बाथ रूम में विस्फोट हुआ। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियां एक बार हरकत में आईं। लेकिन एक बार फिर शुक्रवार को जिस तरह से अदालतों को निशाना बनाने की धमकी दी गई है, उससे सुरक्षा एजेंसियां खासी चौकन्नी हो गई हैं।

कार्यशाला

**कार्यकर्ता निर्माण ही संगठन निर्माण की कुंजी : ओमप्रकाश धनखड़**

# प्रशिक्षण महाभियान से बूथ स्तर तक सशक्त होगा भाजपा संगठन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** भाजपा ने प्रदेश में शुरू किए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री एवं प्रशिक्षण अभियान के राष्ट्रीय सहसंयोजक ओमप्रकाश धनकड़ ने कहा कि प्रशिक्षण महाभियान से बूथ स्तर तक भाजपा संगठन सशक्त होगा। कार्यकर्ता निर्माण ही संगठन निर्माण की कुंजी है, जबकि प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने वैचारिक दृढ़ता, अनुशासन और सेवा भाव पर बल दिया।

शनिवार को बीबीडी विश्वविद्यालय स्थित सभागार में हुई कार्यशाला में राष्ट्रीय मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ ने




लखनऊ : पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में उपस्थित राष्ट्रीय सहसंयोजक ओमप्रकाश धनकड़ व अन्य भाजपा पदाधिकारी।

कहा कि प्रशिक्षण तराशने की प्रक्रिया है, जो सीखता है, वही आगे बढ़ता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान को उन्होंने संगठन सशक्तिकरण का ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि यह कार्यकर्ताओं को विचार, व्यवहार और नेतृत्व, तीनों स्तरों पर समृद्ध करेगा।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का एक देश-एक विधान का संदेश आज भी भाजपा के लिए पथप्रदर्शक है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कार्यकर्ता केवल चुनावी योद्धा नहीं, बल्कि समाज का मार्गदर्शक बनता है।

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि बूथ स्तर तक प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही संगठन की वास्तविक शक्ति हैं। यह महाभियान कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति-नीति, सेवा कार्यों और जनसंपर्क अभियानों से जोड़ते हुए उन्हें अधिक प्रभावी बनाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत प्रदेश स्तर पर तीन दिन, जिला स्तर पर दो दिन,

- राज्य, जिला, मंडल व बूथ स्तर पर प्रशिक्षण वर्ग की बनी योजना

मंडल स्तर पर 24 घंटे और बूथ स्तर पर दो सत्रों में प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जाएंगे। प्रशिक्षण महाभियान के उत्तर-पूर्व क्षेत्र (उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार) के क्षेत्रीय प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद अमर पाल मौर्य ने पीपीटी के माध्यम से अभियान की विस्तृत रूपरेखा साझा की। उत्तराखंड के पूर्व महामंत्री राजू भंडारी, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, मोर्चों के पदाधिकारी, मीडिया, सोशल मीडिया और आईटी टीम के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## 11,000 करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाओं को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र, तेलंगाना और गुजरात में 11,000 करोड़ रुपये से अधिक की सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी है। शनिवार को आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने शुक्रवार को 3,320 .38 करोड़ रुपये की कुल पूंजी लागत पर महाराष्ट्र में एनएच-160ए के घोटी-त्र्यंबक-जवाहर-मनोर-पालघर खंड के पुनर्वास और उन्नयन को मंजूरी दे दी।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 2595, राज श्री 1900, फ़ॉर्चून कि. 2410, रविन्द्रा 2510, फॉर्चुन 13kg 2130, जय जवान 2110, सचिन 2190, सूरज 2110, अवसर 1940, उजाला 1920, गृहणी 13 kg 1960, क्लासिक (kg) 2310, मोर 2305, चक्र टिन 2360, ब्लू 2200, आशीर्वाद मस्टर्ड 2400, स्वास्तिक 2550

**किराना** - महाराष्ट्र हल्दी 17300, जीरा 28000, लाल मिर्च 19000-21000, धनिया 11000-12000, अजवायान 14000-20000, मेथी 7000-8000 सौंफ 10000-20000, सोंठ 37000, (प्रतिकि0) लौंग 850-1000, बादाम 800-1080, काजू 2 पीस 880, किसमिस पीली 350-400, मखाना 950-1100

**चावल (प्रति कु.):** डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8400, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1kg,5kg) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8500, गौरी प्रीमियम 10200, सूमो 4000, गौरी रॉयल 8600, मंसूरी पनघट 4200,लाडली 4200

**दाल दलहन** -मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200-12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7350-9200, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10000-11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800-8400, सच्चा हीरा 8700, मोटा हीरा 10000, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100-11800, अरहर कोरी छोटी 13100

**चीनी** - पीलीभीत 4420, बहेड़ी 4260

**बरेली सर्राफा** -(प्रति 10 ग्राम) गोल्ड (पक्के जेवर) 160000, गोल्ड (गिन्नी जेवर) 156000, सिल्वर (पक्की) 2525 (अनुमानित)।

## ट्रेनेस का अधिग्रहण करेगी इक्सिगो

**नई दिल्ली।** यात्रा बुकिंग पोर्टल इक्सिगो के निदेशक मंडल ने स्पेन के दूसरे सबसे बड़े ट्रेन बुकिंग मंच ''ट्रेनस'' में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी का 1.17 करोड़ यूरो (125 करोड़ रुपये) में अधिग्रहण करने संबंधी बाध्यकारी समझौते को मंजूरी दे दी है।

# शहरी अवसंरचना के लिए एक लाख करोड़ का अर्बन चैलेंज फंड

## केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्रीय सहायता के साथ यूसीएफ शुरू करने को दी मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शहरी अवसंरचना को बड़ा प्रोत्साहन देते हुए शनिवार को एक लाख करोड़ रुपये की कुल केंद्रीय सहायता के साथ अर्बन चैलेंज फंड (यूसीएफ) शुरू करने को मंजूरी दे दी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कहा कि इस योजना के तहत केंद्र सरकार परियोजना लागत का 25 प्रतिशत हिस्सा वहन करेगी, बशर्ते कि परियोजना के लिए कम से कम 50 प्रतिशत धन बाजार से जुटाया गया हो।

आधिकारिक बयान के अनुसार, इस पहल से अगले पांच वर्षों में शहरी क्षेत्र में कुल चार लाख करोड़ रुपये का निवेश होने की उम्मीद है। यह कदम भारत के शहरी विकास दृष्टिकोण में एक बड़े बदलाव का प्रतीक है, जिसके तहत अब अनुदान-आधारित वित्तपोषण के बजाय बाजार से जुड़े, सुधार-



- बाजार से जुटाए 50% धन के बाद केंद्र परियोजना लागत का 25% हिस्सा करेगी वहन

आधारित और परिणाम-उन्मुख बुनियादी ढांचे के निर्माण पर जोर दिया जाएगा। शहरी अवसंरचना के विकास पर केंद्रित यह कोष उच्च गुणवत्ता वाले शहरी बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए बाजार वित्तपोषण, निजी क्षेत्र की भागीदारी और नागरिक-केंद्रित सुधारों का लाभ उठाएगा। इस कोष का लक्ष्य शहरों को भविष्य की चुनौतियों के प्रति सुदृढ़, उत्पादक, समावेशी और जलवायु-अनुकूल बनाना है, ताकि उन्हें देश की आर्थिक वृद्धि के अगले चरण के प्रमुख चालक के रूप में स्थापित किया जा सके। यह कोष वित्त वर्ष 2025-26 से वित्त वर्ष 2030-31 तक प्रभावी रहेगा, जिसे वित्त वर्ष 2033-34 तक बढ़ाया जा सकता है। यह योजना बजट 2025-26 के उस दृष्टिकोण को लागू करती है जिसमें शहरों को वृद्धि के केंद्र के रूप में विकसित करने और शहरों के रचनात्मक पुनर्विकास का प्रस्ताव दिया गया था।

### चैलेंज मोड से होगा परियोजनाओं का चयन

सरकार के अनुसार, परियोजना के वित्तपोषण का कम-से-कम 50 प्रतिशत हिस्सा म्यूनिसिपल बॉण्ड, बैंक ऋण और सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) जैसे बाजार स्रोतों से जुटाना अनिवार्य होगा। शेष हिस्सा राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों या शहरी स्थानीय निकायों द्वारा वहन किया जा सकता है। परियोजनाओं का चयन पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी ''चैलेंज मोड'' से किया जाएगा। यह कोष 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों, सभी राज्यों की राजधानियों और एक लाख से अधिक आबादी वाले प्रमुख औद्योगिक शहरों को कवर करेगा। साथ ही, पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों के सभी शहरी स्थानीय निकायों और एक लाख से कम आबादी वाले छोटे निकायों को ऋण पुनर्भुगतान गारंटी योजना के तहत सहायता दी जाएगी।

### 5,000 करोड़ की ऋण पुनर्भुगतान गारंटी योजना

परियोजनाओं का मूल्यांकन उनके आर्थिक, सामाजिक और जलवायु परिवर्तन से निपटने के प्रभाव, रोजगार सृजन, सुरक्षा और स्वच्छता जैसे मानकों पर किया जाएगा। पूर्वोत्तर, पहाड़ी राज्यों और छोटे निकायों को बाजार से कर्ज लेने में मदद करने के लिए 5,000 करोड़ रुपये की ऋण पुनर्भुगतान गारंटी योजना को भी मंजूरी दी गई है। इसके तहत पहले ऋण के लिए सात करोड़ रुपये या ऋण राशि का 70 प्रतिशत (जो भी कम हो) की केंद्रीय गारंटी दी जाएगी। पहले ऋण का सफलतापूर्वक पुनर्भुगतान करने पर, अगले कर्ज के लिए सात करोड़ रुपये या ऋण राशि का 50 प्रतिशत, जो भी कम हो, उसकी केंद्रीय गारंटी प्रदान की जाएगी।

# अमेरिकी समझौते से भारत को मिलेगा प्रतिस्पर्धी दाम पर कच्चा तेल

**मुंबई, एजेंसी**



- 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक पहुंचाने पर सहमत
- केंद्रीय उद्योग मंत्री बोले- व्यापार में कच्चा तेल, एलएनजी और रसोई गैस जैसी ऊर्जा जरूरतें शामिल

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि भारत एवं अमेरिका के बीच हुआ अंतरिम व्यापार समझौता देश की ऊर्जा जरूरतों को भी शामिल करेगा और इससे भारत को कच्चा तेल अधिक प्रतिस्पर्धी दरों पर हासिल करने में मदद मिलेगी। गोयल ने कहा कि भारत और अमेरिका ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक पहुंचाने की दिशा में काम करने पर सहमति जताई है और सरकार इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रयासरत है।

उन्होंने कहा कि प्रस्तावित 500 अरब डॉलर के व्यापार में कच्चा तेल, एलएनजी और रसोई गैस जैसी भारत की ऊर्जा जरूरतें भी शामिल होंगी। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है और इसकी ऊर्जा मांग प्रतिवर्ष लगभग सात प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। आयात बढ़ाने और आपूर्तिकर्ताओं की संख्या अधिक होने से कच्चा तेल अधिक प्रतिस्पर्धी कीमतों पर प्राप्त किया जा सकेगा। भारत और अमेरिका ने पिछले सप्ताह एक अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा पर सहमति की घोषणा की थी, जिसके तहत कई वस्तुओं पर आयात शुल्क में कटौती कर द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा दिया जाएगा। समझौते के तहत अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर शुल्क 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करेगा, जबकि भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक उत्पादों और खाद्य एवं कृषि उत्पादों की एक व्यापक श्रृंखला पर आयात शुल्क खत्म कर देगा या उसमें कटौती करेगा।

वाणिज्य मंत्री ने कहा कि भारत वर्तमान में करीब 14 करोड़ टन इस्पात का वार्षिक उत्पादन करता है और आने वाले वर्षों में इसे दोगुना करने की उम्मीद है। इसके लिए देश को इस्पात निर्माण में प्रयुक्त विशेष कोयला कोकिंग कोल की जरूरत होगी, जिसका आयात फिलहाल लगभग 1.50 लाख करोड़ रुपये का है और इसके तीन लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है। उन्होंने कहा कि भारत कोकिंग कोल के आयात के लिए दो-तीन देशों पर निर्भर है और आपूर्तिकर्ताओं की संख्या बढ़ने से प्रतिस्पर्धी मूल्य और आपूर्ति सुरक्षा सुनिश्चित होगी। गोयल ने कहा कि अमेरिका बुनियादी ढांचा, कनेक्टिविटी और वितरण से जुड़े उत्पादों में मजबूत है और भारत इन क्षेत्रों में अधिक पहुंच चाहता है ताकि डेटा सेंटर जैसे क्षेत्रों में विस्तार किया जा सके। उन्होंने बताया कि भारत का सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) निर्यात फिलहाल करीब 200 अरब डॉलर (करीब 18 लाख करोड़ रुपये) है और उन्नत अमेरिकी उपकरणों तक पहुंच से इस क्षेत्र में और बढ़ोतरी होगी। इस तरह आईटी निर्यात लगभग 45 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है।

# चावल सस्ता, चीनी महंगी खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, एजेंसी**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव घट गए। गेहूं में टिकाव रहा जबकि चीनी की कीमत बढ़ गयी। दालों और खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 106 रुपये घटकर 3,753 रुपये प्रति क्विंटल पर रही। गेहूं की कीमत 2,856 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। आटा 23 रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव रहा। मसूर दाल औसतन 83 रुपये सस्ती हुई। चना दाल 68 रुपये और तुअर दाल 29 रुपये प्रति क्विंटल टूट गयी।

वहीं, उड़द दाल 20 रुपये और मूंग दाल चार रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल औसतन 186 रुपये और पाम ऑयल 173 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल 78 रुपये और सरसों तेल 55 रुपये मजबूत हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 38 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। वनस्पति 32 रुपये सस्ता हुआ।

# जियो समेत 10 देशों की 15 टेक कंपनियों ने बनाया ट्रस्टेड टेक एलायंस

**म्यूनिख, एजेंसी**

- जर्मनी में आयोजित म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस के दौरान एलायंस का किया गया एलान

रिलायंस जियो समेत अफ्रीका, एशिया, यूरोप और उत्तरी अमेरिका की 15 अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनियों ने ट्रस्टेड टेक एलायंस (टीटीए) के गठन की घोषणा की है। जियो ने शनिवार को बताया कि यह गठबंधन संचार सुविधा, क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर, सेमीकंडक्टर, सॉफ्टवेयर और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तक फैले टेक्नोलॉजी स्टैक के लिए भरोसेमंद और सत्यापित मानक विकसित करने के लिए साथ आये हैं। एलायंस में भारत की ओर से जियो प्लेटफॉर्म्स शामिल है।

जर्मनी में आयोजित म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस के दौरान इस एलायंस का एलान किया गया। गठबंधन के संस्थापक सदस्यों में अमेजन, वेब सर्विसेज, माइक्रोसॉफ्ट, गूगल क्लाउड, एरिक्सन, नोकिया, एसएपी और एनटीटी जैसी कुल 15 कंपनियां शामिल हैं। भविष्य में और कंपनियों को इससे जोड़ा जायेगा तथा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तकनीकी संप्रभुता, प्रतिस्पर्धात्मकता और लचीले डिजिटल ढांचे को मजबूत करने की दिशा में काम जारी रहेगा।

लॉन्च के मौके पर जियो प्लेटफॉर्म्स के सीईओ किरण थॉमस ने कहा कि विश्व स्तर पर डिजिटल विकास को गति देने के लिए भरोसेमंद, सुरक्षित और पारदर्शी प्रौद्योगिकी जरूरी है। जियो प्लेटफॉर्म्स को टेक्नोलॉजी स्टैक में साझा मानक और सत्यापित किए जा सकने वाले तौर-तरीकों को आगे बढ़ाने के लिए ट्रस्टेड टेक एलायंस में शामिल होने पर गर्व है। इस पहल के जरिये हम वैश्विक साझेदारों के साथ मिलकर अगली पीढ़ी की संचार सुविधा, क्लाउड और एआई प्रणालियों में दीर्घकालिक भरोसा कायम करना चाहते हैं। माइक्रोसॉफ्ट के वाइस चेयर और प्रेसिडेंट ब्रैड स्मिथ ने कहा कि मौजूदा वैश्विक माहौल में समान सोच वाली कंपनियों का साथ आना जरूरी है, ताकि सीमाओं के पार तकनीक में भरोसा और उच्च मानक कायम रह सके। एरिक्सन के सीईओ बोर्ये एकहोम ने कहा कि कोई एक कंपनी या देश अकेले सुरक्षित और भरोसेमंद डिजिटल ढांचा नहीं बना सकता, इसके लिए वैश्विक सहयोग अनिवार्य है। एलायंस के तहत सदस्य कंपनियों ने पांच प्रमुख सिद्धांतों पर सहमति जताई है। इनमें पारदर्शी कॉरपोरेट प्रशासन और नैतिक आचरण, सुरक्षित विकास प्रक्रिया और स्वतंत्र मूल्यांकन, मजबूत सप्लाई चेन व सुरक्षा निगरानी, खुला और सहयोगात्मक तथा लचीले डिजिटल पारितंत्र को बढ़ावा देना और कानून के अनुरूप डेटा सुरक्षा का सम्मान शामिल है। इन सिद्धांतों के माध्यम से कंपनियां यह सुनिश्चित करेंगी कि तकनीक सुरक्षित, विश्वसनीय और जिम्मेदारी के साथ संचालित हो, चाहे उसका विकास या उपयोग कहीं भी हो।

## राष्ट्रीय

# राहुल गांधी अपरिपक्व, उन्हें अर्थव्यवस्था की समझ नहीं : गोयल

## विपक्ष के पास सरकार की आलोचना के लिए कोई रचनात्मक एजेंडा नहीं

**मुंबई,एजेंसी**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अपरिपक्व बताते हुए कहा कि उन्हें अर्थव्यवस्था की समझ नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष के पास नरेन्द्र मोदी सरकार की आलोचना के लिए कोई रचनात्मक एजेंडा नहीं है, इसलिए वह भ्रामक सूचनाएं फैला रहा है। केंद्रीय बजट पर संवाददाताओं से बातचीत में गोयल ने कहा कि राहुल गांधी सच से हजारों मील दूर हैं और उनके जैसा विश्वनीयता खो चुका नेता चाहे लाख कोशिश कर ले, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी और उनकी राष्ट्र सेवा को नहीं रोक सकता।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस हताश है। उसके पास झूठे और मनगढ़ंत दावे करने के अलावा अन्य कोई योजना या समाधान नहीं है। हमारी आलोचना करने का कोई ठोस आधार नहीं है। वे गलत जानकारी फैलाकर किसानों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। मुंबई उत्तर से भाजपा के लोकसभा सांसद गोयल ने कहा कि कांग्रेस अपनी सीमाओं को समझने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को अर्थव्यवस्था की कोई समझ नहीं है, वे केवल सोशल मीडिया पर झूठी और भ्रामक बातें लिखते हैं। वह सच से मीलों दूर हैं। भारत की कपास उत्पादन क्षमता और आवश्यकता दोनों बढ़ेंगी। कच्चा माल आयात कर उसे प्रसंस्कृत कर निर्यात करना वैश्विक व्यापार में पुराना तरीका है। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और कपास व वस्त्र क्षेत्र को लेकर राहुल गांधी की ओर से की गई आलोचना पर पलटवार करते हुए गोयल ने कहा कि जब अपरिपक्व लोग राजनीति में आते हैं तो इस स्तर के आरोप लगाए जाते हैं।

### मोदी सरकार ने नुकसान पहुंचाने वाला व्यापार समझौता किया: राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि दूरदर्शी और राष्ट्रहित में सोचने वाली कोई सरकार अमेरिका के साथ ऐसा व्यापार समझौता करती जो कपास किसानों और कपड़ा निर्यात दोनों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करता, लेकिन मोदी सरकार ने इसके बिल्कुल उलट किया। उन्होंने यह दावा भी किया कि सरकार ने व्यापार समझौते के इन पहलुओं को छिपाया भी है। राहुल गांधी ने एक वीडियो जारी कर कहा कि 18 प्रतिशत बनाम शून्य प्रतिशत शुल्क। झूठ बोलने में माहिर प्रधानमंत्री और उनकी कैबिनेट इस बारे में भ्रम फैला रही है। किस तरह से वे भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से देश के कपास उत्पादकों और वस्त्र निर्यातकों को धोखा दे रहे हैं।" उन्होंने कहा कि बांग्लादेश को अमेरिका में वस्त्र निर्यात पर शून्य प्रतिशत शुल्क का फायदा दिया जा रहा है, शर्त बस इतनी है कि वे अमेरिकी कपास आयात करें। कांग्रेस नेता ने कहा कि भारत के गारमेंट्स पर 18 प्रतिशत शुल्क की घोषणा के बाद जब मैंने संसद में बांग्लादेश को मिल रही खास रियायत पर सवाल उठाया, तब मोदी सरकार के मंत्री का जवाब आया कि अगर यही फायदा हमें भी चाहिए, तो अमेरिका से कपास मंगवानी होगी। उन्होंने सवाल किया कि आखिर ये बात देश से छुपाई क्यों गई? कांग्रेस नेता ने कहा कि ये कैसी नीति है? क्या यह सचमुच में कोई विकल्प है या फिर आगे कुआं, पीछे खाई की हालत में फंसाने वाला जाल?

## शबरिमला सोना चोरी मामले की जांच अंतिम चरण में

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आर चंद्रशेखर ने शनिवार को कहा कि शबरिमला के भगवान अयप्पा मंदिर में सोने की चोरी से जुड़े मामले में एसआईटी की ओर से की जा रही जांच अंतिम चरण में है और उचित तरीके से आगे बढ़ रही है। चंद्रशेखर ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि जांच उच्च न्यायालय की निगरानी में की जा रही है, जो उस पर कड़ी नजर रख रहा है।

उन्होंने कहा कि विशेष जांच दल मामले की अच्छी तरह से जांच कर रहा है। उच्च न्यायालय उचित निगरानी कर रहा है। चंद्रशेखर ने कहा कि एसआईटी की जांच अंतिम चरण में पहुंच गई है। शबरिमला मंदिर में सोने की चोरी से जुड़ा मामला द्वारपालकों (संरक्षक देवता) की मूर्तियों और श्रीकोविल (गर्भगृह) के दरवाजे की चौखटों पर सोने की अतिरिक्त परत चढ़ाने के काम के दौरान हुई कथित हेराफेरी से उपजा है। उच्च न्यायालय की ओर से गठित एसआईटी द्वारपालकों की मूर्तियों और श्रीकोविल के दरवाजे की चौखटों से सोना गायब होने से जुड़े मामले की जांच कर रही है।

## डिब्रूगढ़ में प्रधानमंत्री



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को असम के डिब्रूगढ़ जिले में स्थित आपातकालीन लैंडिंग सुविधा (ईएलएफ) में भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमानों, परिवहन विमानों और हेलीकॉप्टरों द्वारा प्रदर्शित हवाई प्रदर्शन में शामिल होने पहुंचे। पीएम मोदी ने भारतीय वायु सेना के विमान से पूर्वोत्तर की पहली आपातकालीन लैंडिंग सुविधा पर लैंडिंग की। ● एजेंसी

# निसार उपग्रह मिट्टी की नमी का कर रहा आकलन :इसरो

**चेन्नई, एजेंसी**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को बताया कि भारत-अमेरिका का संयुक्त उपग्रह निसार (एनआईएसएआर) अब हर 12 दिन में 100 मीटर रेजोल्यूशन पर मिट्टी की नमी (सॉइल मॉइस्चर) की लगभग रियल-टाइम निगरानी कर रहा है। इसरो ने जानकारी देते हुए बताया कि नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार (निसार) एस-बैंड और एल-बैंड में भारतीय भू-भाग की व्यवस्थित इमेजिंग कर रहा है, जिससे उच्च-रिजोल्यूशन वाला और जमीन पर घास का व्यापक डेटा प्राप्त हो रहा है। इस डेटा का उपयोग 100 मीटर रेजोल्यूशन पर मिट्टी की नमी के उत्पाद तैयार करने में सफलतापूर्वक किया गया है। मिट्टी की नमी, फसल स्वास्थ्य, सिंचाई की आवश्यकता और सूखे के जोखिम का प्रमुख संकेतक है, जो भारत की कृषि और जल प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

एस-बैंड और एल-बैंड दोनों के आंकड़ों से तैयार उत्पाद देश के विविध कृषि-जलवायु क्षेत्रों-सिंचित मैदानों, वर्षा-आधारित खेती, अर्ध-शुष्क और उच्च वर्षा क्षेत्रों-में सुसंगत आकलन प्रदान करते हैं। इसरो ने कहा कि निसार के एल-बैंड और एस-बैंड की पूरक क्षमताएं इसे और प्रभावी बनाती हैं-एल-बैंड वनस्पति के भीतर गहराई तक प्रवेश और बेहतर संवेदनशीलता देता है, जबकि एस-बैंड सतही स्तर पर अधिक सूक्ष्म विवरण प्रदान करता है। संयुक्त दोहरी-आवृत्ति आधारित उत्पाद विविध कृषि परिदृश्यों में अधिक सुदृढ़ परिणाम देते हैं।

## सोनीपत में सड़क हादसे में पांच दोस्तों की मौत

**चंडीगढ़, एजेंसी:** हरियाणा के सोनीपत जिले में एक एसयूवी पेड़ से टकरा गई और इस हादसे में पांच दोस्तों की मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सातों लोग गोहाना के भावड़ गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद शुक्रवार शाम को रोहतक लौट रहे थे और इस दौरान यह हादसा हुआ। पुलिस ने कहा कि टक्कर में एसयूवी क्षतिग्रस्त हो गई और तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। घायलों में से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। अधिकारियों ने कहा कि मृतकों की पहचान सागर, दीपक, साहिल, मोहित और अंकुश के रूप में हुई है। सभी की उम्र 22 से 27 साल के बीच है।

## आंध्र प्रदेश ने पेश किया 3.32 लाख करोड़ का बजट

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश सरकार ने शनिवार को 2026-27 के लिए 3.32 लाख करोड़ से अधिक का बजट पेश किया जिसमें 2.56 लाख करोड़ रुपये के राजस्व व्यय और लगभग 54,000 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय का प्रस्ताव रखा गया है। आंध्र प्रदेश के वित्त मंत्री पय्यावुला केशव ने विधानसभा में बजट पेश करते हुए कहा कि अनुमानित राजस्व घाटा 22,000 करोड़ (जीएसडीपी का 1.11 प्रतिशत) होगा।

# आतिशी वीडियो विवाद में दस्तावेज उपलब्ध कराने की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली विधानसभा ने सिख गुरुओं के खिलाफ विपक्ष की नेता आतिशी की कथित टिप्पणी वाले वीडियो को लेकर पंजाब के जालंधर में दर्ज मामले से जुड़े दस्तावेज उपलब्ध कराने की मांग दोहराई है। विधानसभा सचिवालय ने शुक्रवार को पंजाब के अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह), पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और अन्य अधिकारियों को पत्र लिखकर मामले में 20 फरवरी तक अपना रुख स्पष्ट करने को कहा है।

पत्र में पंजाब के अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) को जालंधर में दर्ज प्राथमिकी, जिस शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया और फॉरेंसिक प्रयोगशाला, सोशल मीडिया विशेषज्ञ तथा पुलिस के तकनीकी प्रकोष्ठ की रिपोर्ट की प्रतियां पेश करने का भी निर्देश दिया गया है। यह मामला जनवरी में दिल्ली विधानसभा के शीतकालीन सत्र में आतिशी की ओर से कथित तौर पर की गई एक टिप्पणी से उपजा है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं ने आरोप लगाया था कि आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता की टिप्पणी सिख गुरुओं के प्रति अपमानजनक थी। उन्होंने विधानसभा की कार्यवाही से जुड़ी एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर साझा की थी।

इसी बीच, पंजाब पुलिस ने संबंधित वीडियो क्लिप को साझा किए जाने के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। बाद में इस मामले को दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति के पास भेजा गया। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता के निर्देश पर वीडियो क्लिप की फिर से फॉरेंसिक जांच कराई गई, जिसमें दावा किया गया कि वीडियो के साथ कोई "छेड़छाड़" नहीं की गई है। आतिशी ने विशेषाधिकार समिति के समक्ष पेश दलीलों में अपने ऊपर लगे आरोपों का खंडन किया है और विधानसभा की कार्यवाही की रिकॉर्डिंग उपलब्ध कराने की मांग की है। विधानसभा सचिवालय ने पंजाब के अधिकारियों को लिखे पत्र में कहा कि प्रक्रिया नियमों के अनुसार, विशेषाधिकार समिति के विचार के लिए उनके जवाब और दस्तावेज निर्धारित समय के भीतर उपलब्ध कराए जाने आवश्यक हैं, ऐसा न करने पर विशेषाधिकार का उल्लंघन और अवमानना मानी जा सकती है।

# मुंबई में निर्माणाधीन मेट्रो लाइन का स्लैब गिरने से एक व्यक्ति की मौत

**मुंबई, एजेंसी**

मुंबई के मुलुंड इलाके में शनिवार दोपहर निर्माणाधीन मेट्रो रेल लाइन-चार के पुल का स्लैब कुछ वाहनों पर गिर गया, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि दोपहर बाद एलबीएस रोड पर जॉनसन एंड जॉनसन फैक्टरी के पास गर्डर पुल की पैरापेट दीवार का एक स्लैब एक ऑटो रिक्शा और स्कोडा कार पर गिर गया, जिससे दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

दमकल विभाग के अधिकारी ने मृतक की पहचान रामधन यादव

- **मुलुंड इलाके में शनिवार दोपहर को हुई घटना में तीन लोग घायल**



और घायलों की पहचान राजकुमार इंद्रजीत यादव, महेंद्र प्रताप यादव और दीपा रुहिया के रूप में की। राजकुमार की हालत गंभीर है और उसे पास के अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है, जबकि महेंद्र व दीपा की स्थिति स्थिर बताई गई है। मुंबई महानगर क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण ने बताया कि दोपहर 12: 15 बजे पियर-196 के पास, मुलुंड दमकल केंद्र के नजदीक दीवार का एक हिस्सा वहां से गुजर रहे ऑटो रिक्शा पर गिर गया। मेट्रो परियोजना की टीम बीएमसी अधिकारियों के साथ राहत कार्यों में जुटी है। हादसे के सटीक कारण का पता लगाने के लिए जांच जारी है। दक्षिण-मध्य मुंबई के वडाला से पड़ोसी जिले ठाणे तक लाइन-चार का निर्माण किया जा रहा है और इसका बड़ा हिस्सा घाटकोपर, विक्रोली, भांडुप और मुलुंड जैसे क्षेत्रों को जोड़ने वाले एलबीएस रोड के ऊपर से गुजरता है।

## इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी

चीन सीमा के करीब देश की सामरिक शक्ति में शनिवार 14 फरवरी 2026 को एक नया अध्याय जुड़ गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वायुसेना के विशेष विमान से असम के डिब्रूगढ़ जिले में मोरान बाईपास पर बनी आपात लैंडिंग सुविधा पर उतरे। प्रधानमंत्री मोदी की लैंडिंग के साथ ही हाइवे पर स्थित यह पट्टी वायुसेना के रणनीतिक नेटवर्क का हिस्सा बन गई। पीएम मोदी भारतीय वायुसेना के सी-130जे सुपर हरक्यूलिस विमान से हाइवे पर बने इस 4 .2 किलोमीटर लंबी एयरस्ट्रिप (इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी) पर उतरे। यह सुविधा न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण है, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं के समय राहत कार्यों में भी गेम-चेंजर साबित होगी। आइए जानते हैं देश में यह सुंविधा और कहां है और इसके क्या लाभ हैं।

# युद्ध व शांति का सारथी



### क्या है इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी

- ईएलएफ यानी इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी युद्ध और आपात स्थिति में वैकल्पिक रनवे की सुविधा है। जहां हाईवे पर पट्टी बनाई जाती है। जो कि युद्ध या आपातकाल में लड़ाकू विमानों, ट्रांसपोर्ट विमान और हेलीकॉप्टरों के लिए वैकल्पिक लैंडिंग की जगह देती है। ईएलएफ 40 टन तक के फाइटर विमान और 74 टन तक के अधिकतम भार वाला परिवहन विमान को संभालने में सक्षम है।
- सरकार की देशभर में 28 ईएलएफ बनाने की योजना है। फिलहाल असम को छोड़कर देश में पांच जगह इमरजेंसी लैंडिंग की सुविधा है। असम में यह सुविधा का शुरू होना इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह चीन सीमा के काफी पास है, जो कि सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

### विशेषताएं एवं क्षमता

- विमानों की क्षमता : असम की इस 4 .2 किमी लंबी एयरस्ट्रिप पर 40 टन तक के लड़ाकू विमान (जैसे राफेल, सुखोई-30 एमकेआई) और 74 टन तक के भारी मालवाहक विमान (जैसे सी-130जे) आसानी से उतर और उड़ान भर सकते हैं।
- रणनीतिक स्थान : यह चीन सीमा (एलएसी) से लगभग 300 किमी और म्यांमार सीमा से 200 किमी की दूरी पर स्थित है, जो युद्ध की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया के लिए महत्वपूर्ण है।
- लागत : मोरान ईएलएफ को लगभग 100 करोड़ की लागत से विकसित किया गया है।

### देश में इन पांच जगहों पर सुविधा

- राजस्थान के बाड़मेर (एनएच-925ए) • यूपी के आगरा-लखनऊ और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे • ओडिशा के बालासोर (एनएच-16) • आंध्र प्रदेश के नेल्लोर (एनएच-16)

प्रधानमंत्री मोदी हाईवे रनवे पर उतरने वाले देश के पहले प्रधानमंत्री बन गए हैं। उद्घाटन के दौरान राफेल और सुखोई विमानों ने शानदार हवाई प्रदर्शन किया।

### ईएलएफ के मुख्य फायदे

- रणनीतिक बढ़त : यदि युद्ध के समय दुश्मन मुख्य वायु सेना ठिकानों (एयर बेस) को निशाना बनाता है, तो ये राजमार्ग वैकल्पिक रनवे के रूप में काम आएंगे।
- आपदा राहत : भूकंप या बाढ़ जैसी आपदाओं में, जब पारंपरिक हवाई अड्डे बाधित हों, तब इन स्ट्रिप्स के जरिए राहत सामग्री और रेस्क्यू टीमों को सीधे प्रभावित इलाकों तक पहुंचाया जा सकता है।
- लागत प्रभावी : अलग से बड़े रनवे और बुनियादी ढांचे के बजाय मौजूदा राजमार्गों का उपयोग करना किफायती और व्यावहारिक है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### नौका पर अमेरिकी हमले में तीन की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने कहा कि उसने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कैरेबियाई सागर में फिर एक नौका पर हमला किया है। अमेरिका के दक्षिणी कमान ने सोशल मीडिया पर बताया कि यह नौका कैरेबियाई सागर में मादक पदार्थ तस्करी के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले मार्गों से गुजर रही थी और इसके जरिए तस्करी की जा रही थी। उसने हमले में तीन लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है। पोस्ट के साथ साझा किए गए एक वीडियो में एक नौका पानी में जाती दिखाई दे रही है और अचानक आग लगने के बाद विस्फोट हो जाता है।

### नोबेले विजेता नरगिस की तबीयत बिगड़ी

**पेरिस।** ईरान की जेल में बंद नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी की सेहत लगातार खराब हो रही है। यह जानकारी उनके पति ताघी रहमानी ने दी। रहमानी ने पेरिस में अपने घर पर कहा कि 12 दिसंबर को ईरान के पूर्वी शहर मशहद की यात्रा के दौरान उनकी पत्नी को गिरफ्तार किया गया, जिसके बाद से वह उनसे बात नहीं कर पाए हैं। रहमानी ने कहा कि नरगिस की खराब सेहत की जानकारी रिहा किए गए बंदियों से मिली है, जिन्हें उनकी पत्नी के साथ रखा गया था।

### रूसी नेता नवलनी को दिया गया था जहर

**लंदन।** पांच यूरोपीय देशों ने दावा किया कि रूस के विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी को प्राण घातक जहर दिया गया था और इसके लिए रूस की सरकार जिम्मेदार है। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, स्वीडन और नीदरलैंड के विदेश मंत्रालयों ने शनिवार को कहा कि दो साल पहले दिवंगत हुए नवलनी के नमूनों के विश्लेषण से एपाइबेटिडाइन की पुष्टि हुई है। यह दक्षिण अमेरिका में पाए जाने वाले जहरीले डार्ट मेंढकों में पाया जाने वाला एक विष है।

### तीन कोबरा कमांडो के साथ चार की मौत

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में शनिवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़े एक ट्रक को कार ने टक्कर मार दी, जिसकी वजह से कार में सवार सीआरपीएफ के तीन जवानों और एक चालक की मौत हो गई जबकि एक अन्य जवान घायल हो गया। एसपी सूरज सिंह परिहार ने बताया कि दुर्घटना जगदलपुर-रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर धमतरी बाईपास के पास खपरी गांव में सुबह करीब आठ बजे हुई। कार में सीआरपीएफ की विशिष्ट इकाई कोबरा के कमांडो शामिल थे। मृतक कोबरा की 201वीं बटालियन के जवान थे।

# ट्रंप बोले-ईरान में सत्ता का परिवर्तन सबसे अच्छी बात होगी, जो संभव है

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने फोर्ट ब्रैग में सैनिकों से मुलाकात के दौरान की टिप्पणी

- **ईरान को लेकर ट्रंप का अब तक का सबसे स्पष्ट बयान**

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान में सत्ता परिवर्तन सबसे अच्छी बात होगी जो हो सकती है। जो देश के धार्मिक नेतृत्व को हटाने के समर्थन में उनके अब तक के सबसे स्पष्ट बयानों में से एक को दर्शाता है। ट्रंप ने ये टिप्पणियां उत्तरी कैरोलिना के फोर्ट ब्रैग में सैनिकों से मुलाकात के तुरंत बाद कीं और इससे पहले दिन में उन्होंने पुष्टि की थी कि वह मध्य पूर्व में दूसरा विमानवाहक पोत समूह तैनात कर रहे हैं।

राष्ट्रपति ट्रंप ने चेतावनी दी कि ईरान के साथ परमाणु समझौता न होने पर बेहद भयावह परिणाम हो सकते हैं। उन्होंने अतीत के सैन्य हमलों और संभावित परिणामों का भी हवाला दिया। उन्होंने कहा, ईरान के साथ हमें समझौता करना ही होगा, अन्यथा यह बेहद-बेहद भयावह होगा। उन्हें पहली बार में ही समझौता कर लेना चाहिए था लेकिन उन्हें इसके बजाय मिडनाइट हैमर मिला। उन्होंने दशकों की कूटनीति की आलोचना करते हुए कहा, पिछले 47 वर्षों से वे सिर्फ बातें करते रहे हैं। इस बीच हमने बहुत सी जानें गंवाई हैं... पैर, हाथ, चेहरे सब उड़ गए। यह संघर्ष बहुत लंबा चल रहा है। उन्होंने पुष्टि की कि वे पश्चिम एशिया में दूसरा विमानवाहक पोत भेज रहे हैं और कहा, अगर इस्लामिक गणराज्य के साथ हमारा कोई समझौता नहीं होता तो हमले की राह खुली है।

जब उनसे पूछा गया कि ईरान का नेतृत्व कौन संभालेगा, तो उन्होंने कहा, कुछ लोग हैं लेकिन कोई विशिष्ट जानकारी नहीं दी।

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने अभी तक राष्ट्रपति ट्रंप की टिप्पणियों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।



### मादुरो पर कार्रवाई ने दिखाई अमेरिकी ताकत

**फोर्ट ब्रैग।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने वाले अमेरिकी विशेष बलों की प्रशंसा करते हुए कहा कि पिछले महीने की गई इस कार्रवाई से पूरी दुनिया ने अमेरिका की पूर्ण सैन्य शक्ति को देखा और इससे यह सुनिश्चित हुआ कि दुनियाभर के संभावित शत्रु हमसे डरें। ट्रंप ने फोर्ट ब्रैग के सैनिकों और उनके परिवारों को संबोधित करते हुए कहा, आपके कमांडर-इन-चीफ पूरी तरह आपका समर्थन करते हैं। जब जरूरत होगी, आप लड़ेंगे आप जीतेंगे। राष्ट्रपति और प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप ने सैन्य परिवारों से निजी तौर पर भी मुलाकात कीं। राष्ट्रपति ने कहा, उस रात पूरी दुनिया ने देखा कि अमेरिकी सेना क्या कर सकती है। यह अभियान इतना सटीक और अविश्वसनीय था। ट्रंप ने कहा, जब तक मैं राष्ट्रपति हूं, हम दुनिया की सबसे बेहतरीन सेना होंगे।

### तेहरान पर दबाव बढ़ाएं वैश्विक नेता

**म्यूनिख।** ईरान के भविष्य को लेकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की कोशिश कर रहे देश के निर्वासित शहजादे रजा पहलवी ने कहा है कि यदि लोकतांत्रिक देश चुपचाप देखते रहे तो ईरान में और अधिक मौतें होने की संभावना है। पहलवी के समर्थक शनिवार को जर्मनी के म्यूनिख में एकत्रित विश्व नेताओं से उम्मीद कर रहे थे कि वे ईरानी सरकार पर बदलाव के लिए दबाव बढ़ाएंगे। ईरान के अपदस्थ शाह के पुत्र पहलवी ने शनिवार को म्यूनिख में चेतावनी दी कि यदि लोकतांत्रिक देश चुपचाप देखते रहे तो ईरान में और अधिक मौतें होने की संभावना है। वर्ष 1979 में देश छोड़ चुके पहलवी ने कहा, हम इस संकट की घड़ी में यह पूछने के लिए एकत्रित हुए हैं कि क्या दुनिया ईरान के लोगों के साथ खड़ी होगी?

# राहुल गांधी की झूठ बोलकर गुमराह करने की नीति जान चुकी है जनता

- **पुडुचेरी में भाजपा की रैली में बोले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह**

**कराईकल (पुडुचेरी), एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि हाल में किए गए मुक्त व्यापार समझौतों एवं भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में देश के किसानों और मछुआरों के हितों की पूरी तरह से रक्षा की गई है। उन्होंने कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी पर झूठ बोलकर किसानों एवं मछुआरों को गुमराह करने और भ्रम पैदा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

लोकसभा में विपक्ष के नेता पर तीखा हमला बोलते हुए शाह ने आरोप लगाया कि गांधी ने रोजाना झूठ बोलने की एक नई परंपरा शुरू कर दी है। पुडुचेरी के कराईकल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की एक बड़ी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि झूठ बोलना, जोर-जोर से झूठ बोलना और उसे दोहराना राहुल गांधी की नीति है। लेकिन लोग आपकी झूठ गढ़ने वाली फैक्टरी को पहचान चुके हैं।

शाह ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी देश के मछुआरों और किसानों को गुमराह करना चाहते हैं। उनका इरादा झूठ बोलकर भ्रम फैलाना है। शाह ने कहा कि ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के साथ हस्ताक्षरित मुक्त व्यापार समझौतों के अलावा भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों, मछुआरों और पशुपालकों की 100 प्रतिशत सुरक्षा सुनिश्चित की है। राहुल गांधी से एफटीए और व्यापार समझौते के प्रावधानों को ध्यानपूर्वक पढ़ने का आग्रह करते हुए शाह ने दोहराया कि भारतीय हितधारकों के हितों को 100 प्रतिशत सुनिश्चित किया गया है। मछुआरों को एफटीए से लाभ होगा।

उन्होंने आरोप लगाया कि मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान किसानों के हितों को बेच दिया गया था।



पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी के दीवार लेखन अभियान के तहत एक दीवार पर पार्टी के चुनाव प्रतीक कमल बनाते केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह।

### कांग्रेस नेतृत्व की सरकार पर साधा निशाना

प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों, पशुपालन से जुड़े भाइयों और बहनों एवं मछुआरों को 100 प्रतिशत सुरक्षा प्रदान करने के लिए काम किया है। भाजपा के शीर्ष नेता ने भ्रष्टाचार को लेकर वी. नारायणसामी के नेतृत्व वाली पुडुचेरी की कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार (2016 से 2021) को निशाना बनाया और कैग (नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक) की हालिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के दौरान केंद्र शासित प्रदेश में 15,000 करोड़ रुपये का पूरा विकास कोष हड़प लिया गया। उन्होंने कहा कि मामले की जांच शुरू हो चुकी है।

### एक ही दिन में दो विमानों को मिली बम की धमकी

**कोलकाता।** कोलकाता से शिलांग जाने वाले विमान में बम होने की खबर के कुछ घंटों के बाद शनिवार शाम को डिब्रूगढ़-कोलकाता उड़ान के शौचालय में एक संदिग्ध संदेश मिला। शिलांग जाने वाले इंडिगो की उड़ान में बम की धमकी जांच के बाद अफवाह निकली। डिब्रूगढ़ से इंडिगो की उड़ान 6ई 6894 शाम 7:37 बजे नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतरी, सभी यात्रियों को सुरक्षित रूप से विमान से उतार लिया गया। लिपस्टिक से लिखा गया यह संदेश विमान के शौचालय के अंदर मिला था। इससे पहले दिन में शिलांग जाने वाले इंडिगो के विमान 6ई 7304 में एक हस्तलिखित नोट मिला था, जिसमें दावा किया गया था कि विमान में बम रखा गया है।

# पश्चिमी देशों की सोच गलत, नहीं टूटेंगे रिश्ते

**म्यूनिख, एजेंसी**

- **रुबियो ने ट्रांस-अटलांटिक संबंध मजबूत रखने की इच्छा जताई**

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के तहत अमेरिका और यूरोप के संबंधों का मैत्रीपूर्ण और आश्वस्त करने वाला आकलन प्रस्तुत करते हुए शनिवार को कहा कि पिछली आलोचनाओं का कठोर लहजे का उद्देश्य ट्रांस-अटलांटिक संबंधों में नई शुरुआत को प्रोत्साहित करना था। रुबियो म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

शुक्रवार को जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने इस वर्ष के सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए अमेरिका और यूरोप से ट्रांस-अटलांटिक विश्वास को एक साथ पुनर्स्थापित और पुनर्जीवित करने का आह्वान किया। मर्ज ने कहा कि एक ऐसी दुनिया में जहां पुरानी व्यवस्था कमजोर पड़ चुकी है, वहां अमेरिका भी अकेले आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त शक्तिशाली नहीं है।

रुबियो ने तर्क दिया कि शीत युद्ध में पश्चिम की विजय के उत्साह ने एक खतरनाक भ्रम को जन्म दिया कि हम संघर्षपूर्ण इतिहास को पीछे छोड़ चुके हैं और अब हर राष्ट्र एक उदार लोकतंत्र होगा। वेंस के रुख की तुलना में कम टकराव वाला दृष्टिकोण अपनाते हुए, उन्होंने स्वीकार किया कि ट्रंप प्रशासन ने अपने रुख को स्पष्ट रूप से व्यक्त किया है, लेकिन यह भी स्पष्ट कर दिया कि वह उनसे पीछे नहीं हटेगा।

### अमेरिका में भारत का छात्र लापता तेज की गई तलाश

**बेंगलुरु।** अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कर्नाटक निवासी 22 वर्षीय विद्यार्थी साकेत श्रीनिवासैया के लापता होने पर गहरी चिंता जताई है। दूतावास ने कहा है कि वह स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने वाले भारतीय विद्यार्थी के परिवार के साथ संपर्क में है और उसे ढूंढने में अमेरिका के अधिकारियों की मदद कर रहा है। श्रीनिवासैया आईआईटी मद्रास के पूर्व छात्र है और अमेरिका बर्कले में रासायनिक एवं जैवआणविक इंजीनियरिंग से स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहे हैं। वह मंगलवार से लापता हैं। आखिरी बार उन्हें बर्कले में ड्वाइट वे के 1700 ब्लॉक के पास देखा गया था। बर्कले पुलिस ने उसके गुमशुदगी का मामला दर्ज किया है।

# बांग्लादेश में नई कैबिनेट कल करेगी शपथ ग्रहण

**ढाका, एजेंसी**

- **प्रधानमंत्री मोदी और शहबाज शरीफ को मिल सकता है न्योता**

बांग्लादेश में नवनिर्वाचित सांसद और नई कैबिनेट सोमवार (16 फरवरी) को शपथ लेगी। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक सोमवार की सुबह मुख्य चुनाव आयुक्त एएमएम नासिर उद्दीन नवनिर्वाचित सांसदों को पद की शपथ दिलाएंगे। इसी दिन दोपहर को ही राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन बंगभवन में नए कैबिनेट मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। सूत्रों के अनुसार अंतरिम सरकार की ओर से एक विशेष मुख्य समारोह 17 फरवरी को आयोजित किया जा सकता है।

निर्वाचन आयोग के सचिव अख्तर अहमद ने शनिवार को बताया कि गत 12 फरवरी को संपन्न हुए चुनावों के बाद सत्ता हस्तांतरण की प्रक्रिया आधिकारिक रूप से शुरू हो गई है। गौरतलब है कि देश की कुल 299 सीटों पर हुए मतदान में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने 209 सीटें जीतकर दो-तिहाई बहुमत हासिल किया है। इस बीच पार्टी के संयुक्त महासचिव हुमायूं कबीर ने संकेत दिया कि सार्क देशों के राष्ट्राध्यक्षों, जिनमें भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ शामिल हैं, के साथ मध्य पूर्व के देशों के नेताओं को भी समारोह में आमंत्रित करने की तैयारी चल रही है।

### अमेरिका में विमान हादसे में चार लोगों की चली गई जान


**वांशिंगटन।** अमेरिका में कोलोराडो के एमराल्ड पहाड़ी के एक दूर-दराज के इलाके के पास एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके कारण चार लोगों की मौत हो गई। रिपोर्ट में राउट काउंटी शेरिफ डग शेरार के हवाले से कहा गया कि यह हादसा गुरुवार रात को हुआ। मरने वालों के शव उसी रात बरामद कर लिए गए और अब उनकी पहचान की जा रही है। दुर्घटनाग्रस्त विमान एपिक विमान ई1000 था और यह हादसा आधी रात के करीब हुआ। इसके उड़ान सारणी का पता नहीं चल पाया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि दुर्घटनाग्रस्त विमान स्टीमबोट स्प्रिंग्स शहर में बॉब एडम्स हवाई अड्डा के पास उड़ रहा था और एमराल्ड पहाड़ी की चोटी के दक्षिण की ओर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## आज का भविष्यफल

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 15 फरवरी, रविवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी 17 .04 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- शिशिर।

**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।

**ताराबल**- भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

**नक्षत्र**- उत्तराषाढ़ा 19 .48 तक तत्पश्चात श्रवण।

**मेष** – आज वरिष्ठ सदस्यों की सलाह पर अमल अवश्य करें। संतजनों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आप अपने व्यवहार में काफी बदलाव करने के बारे में सोच सकते हैं। आपके मन में नए व्यवसाय को लेकर उत्साह रहेगा।

**वृष** – आज मेहनत के बल पर काम में सफलता मिलेगी। बच्चों की सफलता से गर्व की अनुभूति होगी। आप चिड़चिड़े हो सकते हैं। आपके सिद्धांतों की प्रशंसा होगी। विवादित मुद्दों को हल करने के लिए उत्तम समय है।

**मिथुन** – आज ऐसे लोगों से सावधान रहें, जो आपको गलत सलाह देते हैं। राजनीतिक मुद्दों पर बहसबाजी से दूरी बनाकर रखें। आपको अनुमान से अधिक काम करना पड़ सकता है। संतुलित आहार रखने से आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**कर्क** – आज शुभ कार्यों में आपको धन खर्च करना चाहिए। समाज में आपकी प्रसिद्धि बढ़ेगी। उच्च अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। पैतृक व्यवसाय में विस्तार करने के योग बन रहे हैं।

**सिंह** – आज जीवनसाथी और परिजनों की सलाह आपके लिए अत्यधिक अनुकूल रहने वाली है। देवस्थल की यात्रा हो सकती है। गृहस्थ जीवन का भरपूर आनंद लेंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र अध्ययन में अच्छी सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

**कन्या** – आज यात्राओं का भरपूर आनंद लेंगे। दोस्तों के साथ प्रसन्नता के पलों का आनंद उठाएंगे। विरोधियों के बीच आपका वर्चस्व बढ़ेगा। धार्मिक क्रियाकलापों में आप अत्यधिक व्यस्त हो सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है।

**तुला** – आज आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। अनुभवी व्यक्तियों से सलाह लेकर काम करना उचित होगा। महिलाओं को गृहकार्यों में कुछ परेशानी महसूस होगी। पुरानी बातों के कारण तनाव उत्पन्न हो सकता है।

**वृश्चिक** – आज सरकारी कर्मचारियों के लिए दिन अत्यंत अनुकूल है। व्यवसाय में अपने कौशल का परिचय देंगे। संतान के व्यवहार से आनंदित रहेंगे। उच्च अधिकारी आपकी पदोन्नति का विचार बना सकते हैं। घर में सुख और शांति का वातावरण रहेगा।

**धनु** – आज भूमि-संपत्ति को लेकर कोई निर्णय न लें। मित्रों और रिश्तेदारों के साथ संबंध मधुर रखें। अपने व्यवहार को निखारने का प्रयास करें। आप कुछ विशेष कार्यों को पूरा करने के प्रयास में लगे रहेंगे। मौसम में बदलाव के कारण एलर्जी हो सकती है।

**मकर** – आज अनुभवी व्यक्तियों की सलाह का लाभ उठाएंगे। पति-पत्नी के आपसी संबंध मधुर होंगे। विदेश जाने की योजना बना सकते हैं। पारिवारिक रिश्ते और मजबूत होंगे। छात्रों को मेहनत का बेहतरीन परिणाम मिलेगा।

**कुंभ** – आज तनावपूर्ण स्थिति से अपने आपको दूर रखें। अत्यधिक कार्यभार के कारण थोड़ी परेशानी होगी। छात्रों को पढ़ाई में अवरोध का सामना करना पड़ेगा। गृह उद्योगों में कार्यरत लोगों की आय बढ़ सकती है। आयात-निर्यात के व्यवसाय में उत्तम लाभ मिलेंगे।

**मीन** – आज बड़े भाइयों के साथ आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे। आपके भीतर आत्मविश्वास और ऊर्जा का संचार होगा। प्रेम संबंधों का आनंद उठाएंगे। नई परियोजनाओं में आप धन का निवेश कर सकते हैं। परिवार में आपके विचारों के अनुसार वातावरण रहेगा।

## सुडोकू -62

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | 4 | | | | | 5 |
| | | | 9 | | 3 | | 1 | |
| | 8 | | | | | 6 | | 9 |
| | | 6 | | | 7 | | | 1 |
| | | 3 | | | | 7 | | |
| 5 | | | 1 | | | | 6 | |
| 6 | | 1 | | | 8 | | 3 | |
| | 2 | | 3 | | 9 | | | 6 |
| 4 | | | | | 5 | | | 7 |

## सुडोकू - 61 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 8 | 9 | 5 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 9 | 3 | 6 | 8 | 2 | 5 | 1 |
| 9 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 1 | 6 |
| 8 | 6 | 5 | 1 | 4 | 2 | 7 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 2 |
| 2 | 9 | 1 | 6 | 3 | 5 | 4 | 7 | 8 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 2 | 9 | 1 | 3 | 5 |



पाकिस्तान के उस्मान तारिक एक साधारण ऑफ-स्पिनर ही हैं। मुझे पूरा भरोसा है कि भारतीय बल्लेबाज टी20 विश्व कप मैच में उन्हें अच्छी तरह से खेल लेंगे।
-सौरव गांगुली

स्टेडियम

बरेली, रविवार, 15 फरवरी 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com

**आज के मैच**

| टीम | समय |
|---|---|
| वेस्टइंडीज-नेपाल | पूर्वाह्न 11 बजे |
| अमेरिका-नामीबिया | दोपहर 3 बजे |
| भारत-पाकिस्तान | शाम 7 बजे |

**हाईलाइट**

### जम्मू कश्मीर और उत्तराखंड की नजरें दिग्गजों को हराने पर

**कोलकाता।** पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचे जम्मू कश्मीर और उत्तराखंड की नजरें रविवार से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में अपनी लय कायम रखते हुए बंगाल और कर्नाटक जैसे दिग्गजों को हराने पर लगी होंगी। जम्मू कश्मीर ने इंदौर में मध्यप्रदेश को 56 रन से हराकर पहली बार सेमीफाइनल में जगह बनाई। रणजी ट्रॉफी में 1959.60 में पदार्पण करने के बाद से यह उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। दूसरा सेमीफाइनल लखनऊ के इकाना स्टेडियम पर खेला जायेगा जिसमें उत्तराखंड का सामना आठ बार की चैम्पियन कर्नाटक से होगा। उत्तराखंड ने जमशेदपुर में झारखंड को एक पारी और छह रन से हराया जबकि कर्नाटक ने रिकॉर्ड 42 बार की विजेता मुंबई को मात दी।

### ग्रुप में शीर्ष पर बने रहने के इरादे से उतरेगा वेस्टइंडीज

मुंबई, एजेंसी : आत्मविश्वास से लबरेज वेस्टइंडीज टी20 विश्व कप ग्रुप सी के मुकाबले में रविवार को वानखेड़े स्टेडियम पर नेपाल से भिड़ेगी तो उसका लक्ष्य जीत की लय बरकरार रखकर शीर्ष पर अपना स्थान पुख्ता रखने का होगा। वेस्टइंडीज टीम ने अभी तक दोनों मैच जीते हैं और नेट रनरेट (1.625) के आधार पर ग्रुप में शीर्ष पर है। एक और जीत से शीर्ष पर उसका स्थान और पक्का हो जायेगा। इसके बाद वेस्टइंडीज को कोलकाता में इटली से खेलना है और इन दोनों मैचों में जीत से ग्रुप में शीर्ष पर उसका रहना तय हो जायेगा लेकिन उसे आत्ममुग्धता से बचना होगा।

**टी-20 विश्व कप : सियासी रुकावट के बाद आज टकराएंगी दोनों चिर प्रतिद्वंद्वी टीमें, उस्मान तारिक के बालिंग एक्शन पर रहेंगी नजरें**

# भारत-पाकिस्तान के बीच मुकाबला कौशल का नहीं, दबाव झेलने का

**कोलंबो, एजेंसी**

क्रिकेट में सियासत के घालमेल के कारण पैदा हुआ गतिरोध 'अस्थायी' तौर पर दूर होने के बाद टी20 विश्व कप के सबसे चर्चित मुकाबले में रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी आमने सामने होंगे तो भारत के मध्यक्रम के सामने पाकिस्तान के स्पिनरों की चुनौती होगी और मैच की पृष्ठभूमि को देखते हुए अब दोनों टीमें किसी तरह की कोताही बरतना नहीं चाहेगी। पाकिस्तान ने मैच के बहिष्कार के अपने फैसले पर यू टर्न लेकर प्रेमदासा स्टेडियम पर यह मैच खेलने का फैसला लिया।

इससे पहले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद, बांग्लादेश और श्रीलंका क्रिकेट के बीच हफ्तों तक लंबी बातचीत हुई। व्यवहारिक तौर पर पूरा दक्षिण एशिया इस मैच को कराने के प्रयासों में जुटा हुआ था चूंकि प्रसारकों, प्रायोजकों से लेकर दर्शकों तक के लिये यह मैच सबसे अहम रहता है। विवाद की शुरुआत बीसीसीआई के निर्देश पर बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजूर रहमान का कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ आईपीएल करार रद्द करने से हुई। बांग्लादेश के प्रति एकजुटता दिखाते हुए पाकिस्तान ने मैच के बहिष्कार का फैसला ले लिया था। वहीं दोनों टीमों के क्रिकेटरों ने इसे आम मैच बताकर हाइप कम करने की पूरी कोशिश की। लेकिन दोनों टीमों की क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता और खासकर इस मैच की पृष्ठभूमि को देखते हुए यह तो तय है कि अब कोई इसे हारना नहीं चाहेगा। हारने पर अपने प्रशंसकों का कोपभाजन बनना दोनों में से किसी टीम को मंजूर नहीं होगा और वह भी तब जबकि विश्व कप के अहम मुकाबले अभी आने बाकी हैं। भारत के सामने समस्या अभिषेक शर्मा को लेकर है जो पेट के संक्रमण के कारण दो दिन अस्पताल में रहे और नामीबिया के खिलाफ नहीं खेल सके थे। उनके नहीं खेलने पर या तो संजू सैमसन को ही उतारा जाये या ईशान किशन के साथ पारी की शुरूआत के लिये वॉशिंगटन सुंदर को मौका दिया जाये जो फिट हो गए हैं। सुंदर प्रेमदासा स्टेडियम की धीमी पिच पर अच्छी आफ स्पिन गेंदबाजी भी कर सकते हैं। पिच को देखते हुए बायें हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को भी उतारा जा सकता है। ऐसे में रिंकू सिंह को बाहर रहना पड़ सकता है। बाबर आजम के खिलाफ कुलदीप के शानदार रिकॉर्ड और एशिया कप फाइनल में उनके चार विकेट को देखते हुए उन्हें इस मैच में मौका देना अच्छा विकल्प होगा। विश्व कप से पहले भारत की बल्लेबाजी काफी मजबूत लग रही थी लेकिन टूर्नामेंट के दो मैचों में बल्लेबाजों का प्रदर्शन चिंता का सबब है। अमेरिका के खिलाफ भारत के छह विकेट 77 रन पर गिर गए थे जबकि नामीबिया के खिलाफ डैथ ओवरों में मेजबान टीम ने चार रन के भीतर पांच विकेट गंवा दिये थे लेकिन 200 रन से अधिक का स्कोर और 93 रन से जीत के कारण यह कमजोरियां दब गई। दोनों मैचों में सूर्यकुमार यादव, ईशान किशन और हार्दिक पंड्या ने संकटमोचक की भूमिका निभाई। लेकिन बड़े टूर्नामेंट में एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन जरूरी है। पिछले साल हाइब्रिड मॉडल पर सहमति बनने के बाद पाकिस्तान टीम के मैच कोलंबो में हो रहे हैं जिससे उसे हालात और पिच की बेहतर जानकारी है।



अभ्यास सत्र के दौरान पाकिस्तानी क्रिकेटर।

**टीम**

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), ईशान किशन, संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती।

**पाकिस्तान :** सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, फखर जमां, ख्वाजा नफे, मो नवाज, मो सलमान मिर्जा, नसीम शाह, फरहान, सईम अयूब, शाहीन अफरीदी, शादाब खान, उस्मान खान, उस्मान तारिक।



सूर्य कुमार यादव

### पीसीबी प्रमुख नकवी मैच देखने पहुंचेंगे कोलंबो

**कराची।** पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी रविवार को कोलंबो में भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 विश्व कप का मैच देखेंगे और आईसीसी अधिकारियों से बात भी कर सकते हैं। एक सूत्र ने बताया कि नकवी के साथ पाकिस्तान सुपर लीग के सीईओ सलमान नसीर और मुख्य परिचालन अधिकारी सुमैर अहमद समेत पीसीबी के सीनियर अधिकारी भी श्रीलंका जाएंगे। सूत्र ने कहा श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने दूसरे बोर्ड के अधिकारियों को न्योता दिया है, लेकिन नकवी आईसीसी अध्यक्ष जय शाह और अन्य अधिकारियों से बात करने जा रहे हैं ताकि बहिष्कार प्रकरण के बाद पैदा हुई कड़वाहट कम हो। पाकिस्तान सरकार के इस मैच को खेलने की टीम को अनुमति नहीं देने के फैसले के बाद आईसीसी और पाकिस्तान के रिश्तों में तनाव आया था। सुरक्षा कारणों से भारत में खेलने के बांग्लादेश के इनकार के बाद बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर किये जाने के मद्देनजर पाकिस्तान ने उसके प्रति एकजुटता दिखाते हुए भारत के खिलाफ मैच के बहिष्कार का ऐलान किया था।

# इंग्लैंड ने स्कॉटलैंड को 10 गेंदें शेष रहते पांच विकेट से हराया

## इंग्लैंड के टॉम बैंटन को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार

**कोलकाता, एजेंसी**

आदिल राशिद (तीन विकेट), जोफ्रा आर्चर और लियम डॉसन (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद टॉम बैंटन (नाबाद 63) और जेकब बेथेल (32) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत इंग्लैंड ने शनिवार टी-20 विश्वकप के 23वें मुकाबले में स्कॉटलैंड को 10 गेंदे शेष रहते पांच विकेट से शिकस्त दी। टॉम बैंटन को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला।

153 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड ने पहले दो ओवरों में 13 रन के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिये। फिल सॉल्ट (दो) और जॉस बटलर तीन रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद जेकब बेथेल और टॉम बैंटन की जोड़ी ने पारी को संभाल और तीसरे विकेट के लिए 66 रन जोड़े। 10वें ओवर में ऑलिवर डेविडसन ने जेकब बेथेल को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। जेकब बेथेल ने 28 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए 32 रन बनाये। कप्तान हैरी ब्रूक चार रन बनाकर आउट हुये। सैम करन ने एक चौका और दो छक्के लगाते हुए 28 रन बनाये। इंग्लैंड ने 18.2 ओवर में पांच विकेट पर 155 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से अपने नाम किया। टॉम बैंटन ने 41 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए नाबाद 63 रनों की मैच विजयी पारी खेली। विल जैक्स 10 गेंदों में 16 रन बनाकर नाबाद रहे। स्कॉटलैंड के लिए चार गेंदबाजों ने एक-एक विकेट लिया। इससे पहले आज यहां कप्तान रिचर्ड बेरिंग्टन (49), माइकल जोंस (33), टॉम ब्रूस (24) और ऑलिवर डेविडसन (नाबाद 20) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर स्कॉटलैंड ने 152 रन का स्कोर बनाया। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी स्कॉटलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 42 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिये। जॉर्ज मंसी (चार), ब्रैंडन मक्मलेन (शून्य) और माइकल जोंस (33) रन बनाकर आउट हुये। माइकल जोंस ने 20 गेंदों का सामना किया और पांच चौके और एक छक्का लगाया। इसके बाद कप्तान रिचर्ड बेरिंग्टन और टॉम ब्रूस ने पारी को संभाला और चौथे विकेट के लिए 71 रन जोड़े। 13वें ओवर में लियाम डॉसन ने टॉम ब्रूस को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। टॉम ब्रूस ने 18 गेंदों में एक चौका और एक छक्का लगाते हुए 24 रन बनाये। अगले ही ओवर में आदिल राशिद ने अर्धशतक से एक रन दूर रहे रिचर्ड बेरिंग्टन को अपना शिकार बना लिया। रिचर्ड बेरिंग्टन ने 32 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए 49 रनों की पारी खेली। इसके बाद इंग्लैंड के गेंदबाजों ने बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए स्कॉटलैंड की टीम को 19.4 ओवर में 152 के स्कोर पर समेट दिया। ऑलिवर डेविडसन 15 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए 20 रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड के लिए आदिल राशिद ने तीन विकेट लिये। जोफ्रा आर्चर और लियाम डॉसन को दो-दो विकेट मिले। जेमी ओवर्टन और सैम करन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।



शाट लगाते इंग्लैंड के बल्लेबाज टॉम बैंटन।

### साउथ अफ्रीका को 176 रनों का लक्ष्य

- मार्को यानसन के चार झटकों से साउथ अफ्रीका न्यूज़ीलैंड को 175 के स्कोर पर रोकने में क़ामयाब हुआ है। मार्क चैपमैन ने न्यूज़ीलैंड के लिए सर्वाधिक 48 रन बनाए। वहीं मिचेल ने 32 जबकि ऐलन ने 31 रन बनाए। अहमदाबाद की पिच को देखते हुए साउथ अफ्रीका के सामने लक्ष्य बड़ा नहीं है। न्यूज़ीलैंड के गेंदबाज़ों को बेहतरीन गेंदबाज़ी करनी होगी। एक समय न्यूज़ीलैंड आसानी से 200 के स्कोर की ओर अग्रसर लग रही थी लेकिन लुंगी एन्गिडी ने पहले डैरिल मिचेल का शिकार किया और फिर कॉर्बिन बॉश ने मिचेल सैंटनर का शिकार कर लिया। न्यूज़ीलैंड ने लगातार तीन ओवर में विकेट गंवाए। मार्को यानसन ने एक बार फिर न्यूज़ीलैंड को बड़ा झटका दिया है। उन्होंने मार्क चैपमैन को पवेलियन भेजते हुए डैरिल मिचेल के साथ उनकी अर्धशतकीय साझेदारी को तोड़ दिया है। 64 के स्कोर पर चार विकेट गंवाकर न्यूज़ीलैंड की टीम काफ़ी मुश्किल में नज़र आ रही थी। हालांकि मिचेल और चैपमैन के बीच बेहतरीन अर्धशतकीय साझेदारी बनी है। शुरुआती पलों में सिंगल और डबल्स के ज़रिये पारी को आगे बढ़ाया गया और अब आक्रामक शॉट्स लगाए जा रहे हैं। यहां से न्यूज़ीलैंड की टीम कम से कम 180 के स्कोर तक पहुंचना चाहेगी और मंच भी तैयार है। विकेटों की झड़ी लग गई है। यानसन के बाद केशव महाराज ने भी न्यूज़ीलैंड को झटका दिया है और उन्होंने ग्लेन फ़िलिप्स को बोल्ड कर दिया है।

### भारत-पाकिस्तान मैच के दौरान बारिश का खतरा, निराश हो सकते हैं क्रिकेट प्रेमी

**कोलंबो।** भारत-पाकिस्तान के मैच में एकबार फिर खलल पड़ा सकता है। नॉर्थ-ईस्ट-मॉनसून के देर से आने के कारण कोलंबो में बारिश होने का अनुमान है। इससे क्रिकेट प्रेमियों की निराशा बढ़ेगी। इस बड़े मैच के लिए 16,000 भारतीय फैंस के आने की उम्मीद है, साथ ही 28,000 क्षमता वाले आर. प्रेमदासा स्टेडियम में आने वाले पाकिस्तानी और लोकल फैंस के लिए भी उम्मीद है - क्रिकेट की दुनिया भर से लाखों लोग इसे देख रहे हैं। पाकिस्तान के कप्तान सलमान आगा ने मैच को लेकर बनी अनिश्चितता के बारे में कहा भारत-पाकिस्तान के बीच यह मैच हमेशा से एक बड़ा मैच रहा है और आगे भी ऐसा ही रहेगा। हम हर चीज के लिए तैयार थे, चाहे हमें कल का मैच खेलने को मिले या नहीं। हम बारिश के बारे में कुछ नहीं कर सकते। अगर ओवर कम किए जाते हैं, तो हमें पता है कि हमें क्या करना है। मौसम सबसे बड़ी अनकंट्रोलेबल चीज़ों में से एक है - पिच भी, जो इस जगह पर ज्यादातर धीमी रही है, जिससे काफी टर्न मिल रहा है। यह उस 'बेहतरीन' पिच से बिल्कुल अलग है जिसकी शुरू में उम्मीद थी और इस बड़े गेम के लिए तैयारी की गई थी। यह अभी भी एक हाई-स्कोरिंग पिच हो सकती है (दूर से देखने पर ऐसा ही लगता है), इस वर्ल्ड कप में अब तक इस जगह पर हुए तीन मैचों के उलट, जहाँ टोटल 160-180 के बीच रहा है। लेकिन फिर, यह बेकाबू लोगों की लिस्ट में आता है। पिच को पढ़ना और मौसम का अंदाज़ा लगाना खतरनाक काम रहे हैं। यह सुनने में ज़्यादा लग सकता है, लेकिन यह हालात का पूरी तरह से गलत अंदाज़ा नहीं है। हालांकि, कंट्रोल करने लायक चीज़ों में दोनों टीमों के बीच मैच से पहले और बाद में हाथ मिलाना शामिल है, जो एशिया कप के बाद से सस्पेंड है। 10 फरवरी के सेटलमेंट के बाद से, मुख्य सवाल यह रहा है कि क्या मैच के दौरान ये इनफॉर्मल प्रोटोकॉल फिर से लागू होंगे। भारतीय खेमे ने इस मुद्दे पर चुप्पी साध रखी है, लेकिन पाकिस्तान के सलमान आगा ने कहा कि फैसला भारत को करना है।



# तारिक है हमारा ट्रंपकार्ड : सलमान

**कोलंबो, एजेंसी**

- आईसीसी पहले ही उसके एक्शन को ठहरा चुका है दो बार सही

पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने असामान्य एक्शन वाले स्पिनर उस्मान तारिक का बचाव करते हुए भारत के खिलाफ रविवार को यहां आर प्रेमदासा स्टेडियम पर खेले जाने वाले टी20 विश्व कप के मैच के लिए उन्हें अपनी टीम का 'तुरुप का पत्ता' करार दिया। तारिक ने हाल ही में अमेरिका के खिलाफ पास के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब मैदान पर तीन विकेट झटककर अपनी क्षमता दिखाई थी। उनकी गेंदबाजी यहां स्पिनरों की मददगार आर प्रेमदासा स्टेडियम की पिच पर और घातक साबित हो सकती है।

आगा ने मैच पूर्व संवाददाता सम्मेलन में शनिवार को यहां कहा उस्मान हमारे 15 खिलाड़ियों में से एक हैं, हम उन्हें उसी नजर से देखते हैं। आप (मीडिया) ने उन्हें बड़ा बना दिया। वह बहुत अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। आगा हालांकि तारिक से जुड़े सवालों को टालने की कोशिश कर रहे थे लेकिन उन से जुड़े सवाल लगातार उठते रहे। आगा ने स्वीकार किया कि 27 साल का यह ऑफ स्पिनर बड़े शॉट खेलने वाले भारतीय बल्लेबाजों के सामने उनकी टीम का मुख्य हथियार है। आगा ने कहावह पिछले कुछ महीनों से बहुत अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। उन्होंने लीग क्रिकेट (पाकिस्तान सुपर लीग) में भी शानदार प्रदर्शन किया था। और हां, आप कह सकते हैं कि वह हमारे लिए 'ट्रंप कार्ड' हैं। तारिक की असामान्य 'पॉज एंड स्लिंग' एक्शन पर सवाल उठाए गए हैं, लेकिन आगा ने इसे ज्यादा तवज्जो नहीं दी। उन्होंने कहा, उसे इन बातों की कोई परवाह नहीं है। जब से उसने क्रिकेट खेलना शुरू किया है, लोग उसके बारे में बातें करते रहे हैं। वह समझदार और परिपक्व है, इसलिए इन चीजों से प्रभावित नहीं होता। उसे आईसीसी द्वारा दो बार मंजूरी भी मिल चुकी है और उसने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी के लिए जो भी आवश्यक था किया है। आगा ने यह भी कहा कि पाकिस्तान का गेंदबाजी आक्रमण केवल तारिक तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा यह संभव है कि स्पिनर यहां दबदबा बनाए, लेकिन तेज गेंदबाजों की भी भूमिका होगी। तेज गेंदबाजी ऐसी कला है जिसे किसी भी जगह नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। कप्तान का मानना है कि शाहीन शाह अफरीदी अपनी विविधताओं के कारण बड़ी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा उनकी भूमिका हमेशा अहम रहेगी। हमारे पास कई स्पिनर हैं, लेकिन तेज गेंदबाज भी हैं, जिन्हें जरूरत पड़ने पर इस्तेमाल कर सकते हैं।



स्पिनर उस्मान तारिक।

**टी20 विश्व कप**

**पहली गेंद से ही बड़े शॉट मारने की क्षमता की तारीफ की**

# अभिषेक की काबिलियत के कायल हुए कपिल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के पूर्व महान क्रिकेटर कपिल देव ने टी-20 सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की पहली गेंद से ही बड़े शॉट मारने की काबिलियत की तारीफ की है।

कपिल ने शुक्रवार शाम को कुतुब गोल्फ कोर्स में डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप 2026 में पत्रकारों से बातचीत में कहा अगर आप पहली गेंद पर छक्का मार सकते हैं, तो क्यों नहीं इसके लिए आपको बहुत काबिलियत चाहिए। अगर वह दो साल, तीन साल तक ऐसा कर सकता है, तो हम कहेंगे कि वह कितना बढ़िया खिलाड़ी है। हालांकि उन्होंने अभिषेक को सावधान किया कि उसे लगातार बेहतर होते रहना होगा ताकि वह गेंदबाजों से एक कदम आगे रहे।

उन्होंने कहा पहले साल वह प्रतिभा के साथ सामने आ सकता है। शायद दो साल। लेकिन गेंदबाज भी हर समय बल्लेबाजों के लिए योजना बनाते रहते हैं। तीसरा साल सबसे जरूरी होगा कि वह स्वयं को कैसे व्यवस्थित करता है।" अभिषेक शर्मा ने 2024 में भारत के लिए पर्दापण किया था। भारत के लिए 39 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में उन्होंने 36 की औसत से 1,297 रन बनाए हैं, और उनका स्ट्राइक रेट 136 का है। इन 39 मैचों में उन्होंने 123 चौके और 88 छक्के लगाए हैं। शौकीन गोल्फर और प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) के अध्यक्ष कपिल देव ने कहा कि वह देश में क्रिकेट के विकास से बहुत खुश हैं, लेकिन उन्हें लगता है कि दूसरे खेलों को भी पूरा सहयोग मिलना चाहिए। उन्होंने कहा क्रिकेट अच्छा कर रहा है- यह अच्छी बात है। बुरी बात यह है कि क्रिकेट अकेला स्पोर्ट नहीं है। हमें सभी खेलों का ध्यान रखना चाहिए। क्रिकेट ने मुझे सब कुछ दिया है। फिर भी, मैं चाहता हूं कि हमें दूसरे खेलों को भी प्रमोट करना चाहिए। हमें हर चीज के लिए सरकार पर निर्भर नहीं रहना चाहिए और इस बात की जिम्मेदारी लेनी चाहिए कि हम क्या योगदान कर सकते हैं।





### भारतीय खिलाड़ियों से हाथ मिलाने पर फैसला कल : सलमान अली आगा

**कोलंबो।** पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने रविवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप मैच के टॉस या मुकाबले से बाद भारतीय खिलाड़ियों से हाथ मिलाने के सवाल पर कोई सीधा जवाब नहीं दिया लेकिन कहा कि खेल उसी भावना से खेला जाना चाहिए, जिसके लिए वह जाना जाता है। भारत और पाकिस्तान के खिलाड़ियों ने पिछले साल दुबई में आयोजित एशिया कप के समय से एक-दूसरे से हाथ मिलाना बंद कर दिया है। यह टूर्नामेंट पहलगाम हमले और उसके बाद भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि में खेला गया था। हाथ मिलाने की परंपरा को लेकर पूछे गए सवाल पर आगा ने शनिवार को यहां कहा इस बारे में हम कल देखेंगे। आगा ने स्पष्ट किया कि किसी भी परिस्थिति में 'खेल भावना' को बनाए रखा जाना चाहिए। क्रिकेट (सही) भावना के साथ खेला जाना चाहिए। मेरी व्यक्तिगत राय शायद मायने नहीं रखती। लेकिन क्रिकेट उसी तरीके से खेला जाना चाहिए, जिस तरह से इसे हमेशा खेला जाना चाहिए था। क्या करना है, यह तय करना उन पर निर्भर है। इस बीच यह भी पता चला है कि प्रेमदासा स्टेडियम में होने वाले मुकाबले से पहले भारतीय खेमे का माहौल भी आक्रामक के बजाय अधिक संयमित है। टीम ने इस मामले में अंतिम निर्णय उच्च अधिकारियों पर छोड़ दिया है। भारतीय टीम के अंदर हालांकि सोशल मीडिया पर सार्वजनिक भावनाओं को लेकर सतर्कता भी है, क्योंकि पहलगाम हमले के बाद भावनाएं अब भी काफी संवेदनशील बनी हुई है और प्रतिक्रियाएं तीखी हो सकती हैं।